RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 64
नई दिल्ली, रविवार, 9 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



पिछले माह संक्रमित हुए थे जोकोविच

स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की घोषणा

- उप्र में सात चरणों में, मणिपुर में दो चरणों में पड़ेंगे वोट, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा में एक ही दिन होगा मतदान
- 10 मार्च को होगी मतगणना, सभी पांच राज्यों में आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावी

**भाषा।** नई दिल्ली

**निर्वाचन** आयोग ने शनिवार को पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के कार्यक्रमों की घोषणा कर दी। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव के तहत 10 फरवरी से लेकर सात मार्च तक सात चरणों में मतदान होगा, वहीं उत्तराखंड, पंजाब और गोवा में एक ही चरण में 14 फरवरी को वोट डाले जाएंगे। मणिपुर में दो चरणों में 27 फरवरी और तीन मार्च को मतदान होगा और इन सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव की मतगणना 10 मार्च को होगी। आयोग की इस घोषणा के साथ ही इन पांचों राज्यों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई। आयोग ने यह भी कहा कि कोविड-19 के मद्देनजर कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार किसी भी तरह की रैली या जनसभा, रोड शो, पद यात्रा या साइकिल या बाइक रैली या फिर नुक्कड़ सभाओं जैसे आयोजन 15 जनवरी तक नहीं कर सकेगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुशील चंद्रा ने यहां विज्ञान भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में चुनाव संबंधी तारीखों की घोषणा की। इस अवसर पर चुनाव आयुक्त राजीव कुमार और अनूपचंद्र पाडेय सहित निर्वाचन आयोग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि कोरोना से बचाव संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए चुनावी प्रक्रिया को संपन्न किया जाएगा और इसमें हिस्सा लेने वाले सभी कर्मियों को कोविड-19 रोधी टीके की एहतियाती खुराक अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर सेनिटाइजर और मास्क जैसी कोविड से बचाव की सुविधाएं उपलब्ध होंगी और मतदाता केंद्रों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। चंद्रा ने कहा कि कोरोना के मद्देनजर कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार कोई भी रैली या जनसभा, रोड शो, पद यात्रा या साइकिल या बाइक रैली या फिर नुक्कड़ सभाओं जैसे आयोजन 15 जनवरी तक नहीं कर सकेगा। उन्होंने कहा कि 15 जनवरी तक कोरोना की स्थिति की समीक्षा के बाद इसके बारे में आगे का फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा, आयोग ने फैसला किया है कि 15 ( शेष पेज 8 )



नई दिल्ली में पत्रकार वार्ता केदौरान मुख्य चुनाव आयुक्त सुशील चंद्र (मध्य) तथा चुनाव आयुक्त राजीव कुमार (बाएं) और अनूप चंद्र पांडेय (दाएं)

## यूपी में 10, 14, 20, 23, 27 फरवरी तथा 3, 7 मार्च को डाले जाएंगे वोट

**नई दिल्ली।** 10 फरवरी से लेकर सात मार्च तक सात चरणों में मतदान होगा, वहीं उत्तराखंड, पंजाब और गोवा में एक ही चरण में 14 फरवरी को वोट डाले जाएंगे। मणिपुर में दो चरणों में 27 फरवरी और तीन मार्च को मतदान होगा और इन सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव की मतगणना 10 मार्च को होगी। उत्तर प्रदेश में 10 फरवरी को पहले चरण, 14 फरवरी को दूसरे चरण, 20 फरवरी को तीसरे चरण, 23 फरवरी को चौथे चरण, 27 फरवरी को पांचवें चरण, तीन मार्च को छठे चरण और सात मार्च को सातवें चरण का मतदान होगा।

## 15 जनवरी तक जनसभाओं पर रोक प्रचार को लेकर दिशानिर्देश जारी

**नई दिल्ली( भाषा )।** निर्वाचन आयोग ने देश में कोविड-19 महामारी की पृष्ठभूमि में शनिवार को अप्रत्याशित कदम उठाते हुए पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों के दौरान आगामी 15 जनवरी तक जनसभाओं, साइकिल एवं बाइक रैली और पदयात्राओं पर रोक लगा दी। इसके साथ ही, उसने कोविड से सुरक्षा के सदर्भ में कड़े दिशानिर्देश भी जारी किए।

मुख्य चुनाव आयुक्त सुशील चंद्रा ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर और गोवा के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे डिजिटल माध्यम से प्रचार करें। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी प्रसारक दूरदर्शन के माध्यम से चुनाव प्रचार के लिए राजनीतिक दलों को मिलने वाले समय को दोगुना किया जाएगा। पिछले साल मार्च-अप्रैल में कोरोना महामारी की दूसरी लहर के समय पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी के विधानसभा चुनाव कराने को लेकर कई लोगों ने निर्वाचन आयोग की आलोचना की थी। निर्वाचन आयोग ने शनिवार को 16 सूत्री दिशानिर्देश जारी किए। उसने सार्वजनिक सड़कों और चौराहों पर नुक्कड़ सभा करने पर रोक लगाई है, हालांकि सीमित संख्या में लोगों के घर-घर पहुंचकर प्रचार करने की अनुमति दी है।

चुनाव नतीजों के बाद विजय जुलूस निकालने पर भी रोक होगी। चंद्रा ने संवाददातओं से कहा, आयोग ने फैसला किया है कि 15 जनवरी तक लोगों की शारीरिक रूप से मौजूदगी वाली कोई जनसभा (फिजिकल रैली), पदयात्रा, साइकिल रैली, ( शेष पेज 8 )

# ओमीक्रोन बन रहा तीसरी लहर के फैलने का कारण

- देश के 27 राज्यों में इस वैरिएंट के 3,071 मरीज मिले, महाराष्ट्र व दिल्ली में सबसे ज्यादा
- पिछले साल मई के बाद सबसे अधिक 1,41,986 कोविड-19 केस आए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



उप्र के मुरादाबाद में स्कूली विद्यार्थियों को कोरोनारोधी टीका लगाती स्वास्थ्यकर्मी

**बेहद** संक्रामक ओमीक्रोन स्वरूप के कारण सभी राज्यों में कोविड-19 महामारी की तीसरी लहर तेजी से फैल रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार शनिवार को देश में एक दिन में कोविड-19 के 1,41,986 नए मामले आए और 285 लोगों की जान गई। देश के 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से ओमीक्रोन वैरिएंट के 3,071 मरीज मिले हैं। हालात को देखते हुए महाराष्ट्र सरकार ने दिल्ली की तर्ज पर पाबंदियां बढ़ानी शुरू कर दी हैं और मुम्बई में नाइट कर्फ्यू लागू कर दिया है।

दो दिनी वीकएंड कर्फ्यू के बीच शनिवार को राजधानी दिल्ली में 20181 मामले दर्ज किए गए। इस दौरान सात लोगों की मौत भी हुई। हालांकि शनिवार को राजधानी में कर्फ्यू का सख्ती से पालन किया गया और पूरे दिन सड़कें सुनसान पड़ी रहीं। केंद्रीय स्वाथ्य मंत्रालय के सुबह आठ बजे तक आए आंकड़ों के अनुसार, ओमीक्रोन वैरिएंट के 3,071 मामलों में से 1,203 मरीज स्वस्थ हो गए या देश छोड़कर चले गए हैं। महाराष्ट्र में ओमीक्रोन के सबसे अधिक 876 मामले आए। इसके बाद दिल्ली में 513, कर्नाटक में 333, राजस्थान में 291, केरल में 284 और गुजरात में 204 मामले मिले। आंकड़ों के अनुसार, कोरोना वायरस के एक दिन में 1,41,986 नए मामले आए हैं जो करीब 222 दिनों में सबसे अधिक हैं। महामारी से 285 और मरीजों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढ़कर 4,83,463 हो गयी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 4,72,169 हो गई है जो संक्रमण के कुल मामलों का 1.34 प्रतिशत है। कोविड-19 से स्वस्थ होने वाले लोगों की राष्ट्रीय दर इस समय 97.30 प्रतिशत और संक्रमण की दैनिक दर 9.28 प्रतिशत है। मृत्यु दर भी 1.37 प्रतिशत दर्ज की गई है।

कुछ दिनों पहले तक केवल देश के पश्चिमी क्षेत्र में ही ओमीक्रोन के कारण कोविड-19 के मामलों में वृद्धि हुई थी, जबकि पूर्वोत्तर के राज्यों, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और ओडिशा में डेल्टा स्वरूप मामलों के बढ़ने का प्रमुख कारण था। एक सूत्र ने बताया कि ताजा आंकड़ों से पता चलता ( शेष पेज 8 )

# विभिन्न पर्सनल लॉ राष्ट्र की एकता का अपमान

- केंद्र ने दिल्ली उच्च न्यायालय से कहा

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्र** सरकार ने दिल्ली उच्च न्यायालय से कहा है कि विभिन्न धर्मों और सम्प्रदायों से संबंधित नागरिकों का संपत्ति और विवाह संबंधी अलग-अलग कानूनों का पालन करना देश की एकता का अपमान है और समान नागरिक संहिता (यूसीसी) से भारत का एकीकरण होगा। समान नागरिक संहिता लागू किए जाने का अनुरोध करने वाली एक याचिका के जवाब में दाखिल हलफनामे में केंद्र ने कहा कि वह विधि आयोग की रिपोर्ट मिलने के बाद संहिता बनाने के मामले पर हितधारकों के साथ विचार-विमर्श करके इसकी पड़ताल करेगा।

सरकार ने कहा कि यह मामला महत्वपूर्ण और संवेदनशील है तथा इसके लिए देश के विभिन्न समुदायों के पर्सनल लॉ का गहन अध्ययन करने की आवश्यकता है। केंद्र ने अपने वकील अजय दिग्पॉल के जरिए दाखिल हलफनामे में कहा, (नागरिकों के लिए यूसीसी पर संविधान का) अनुच्छेद 44 धर्म को सामाजिक संबंधों और पर्सनल लॉ से अलग करता है। अलग-अलग धर्मों और सम्प्रदायों से संबंध रखने वाले नागरिक सम्पत्ति और विवाह संबंधी विभिन्न कानूनों का पालन करते हैं, जो राष्ट्र की एकता का अपमान है। उसने जानकारी दी कि यूसीसी से संबंधित विभिन्न मामलों की समीक्षा करने और उसके बाद सिफारिश करने के उसके अनुरोध के आधार पर 21वें विधि आयोग ने व्यापक विचार-विमर्श के लिए अपनी वेबसाइट पर परिवार कानून ( शेष पेज 8 )

# तीन महीने में तीसरी बार बदले पंजाब के पुलिस महानिदेशक

- चुनावी राज्य की कमान अब आईपीएस विरेश भावरा को सौंपी गई

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**चुनावी** राज्य पंजाब में तीन महीने के अंतराल में तीसरा डीजीपी बदला गया है। चन्नी सरकार ने शनिवार को 1987 बैच के आईपीएस अधिकारी विरेश कुमार भावरा को राज्य का नया डीजीपी बना दिया है। सरकार का यह फैसला विधानसभा चुनाव से ठीक पहले आया है। पंजाब होमगार्ड के डीजीपी रहे भावरा ने डीजीपी सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय की जगह ले ली है। संघ लोक सेवा आयोग ने पंजाब में स्थायी डीजीपी नियुक्त करने के लिए तीन अफसरों के नाम भेजे थे।

चरनजीत सिंह चन्नी सरकार ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी दिनकर गुप्ता और प्रबोध कुमार को छोड़कर पैनल में से 1987 बैच के अधिकारी



विरेश कुमार भावरा का चयन किया। राज्यपाल के आदेश के अनुसर भावरा पंजाब में न्यूनतम तीन साल की सेवा देंगे। इस फैसले के बाद पंजाब को तीन माह के अंदर तीसरा डीजीपी मिल गया है। पद ग्रहण करने के बाद विरेश कुमार भावरा ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों को शांतिपूर्ण ढंग और निष्पक्ष कराने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद है।

वहीं उन्होंने कहा कि राज्य में सुचारू चुनाव सुनिश्चित करने के अलावा उनका फोकस राज्य से मादक पदार्थों के खतरे और आतंकवाद को खत्म करने पर होगा। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी प्राथमिकताओं में पुलिस और आम लोगों के बीच सेतू का काम करने की है। नए डीजीपी ने कहा कि पंजाब पुलिस विभिन्न अपराधों की जांच करने के लिए तकनीक का उपयोग करेगी। कुछ दिन पहले यूपीएससी ने पंजाब के रेगुलर डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस की नियुक्ति के लिए तीन आईपीएस अधिकारियों (दिनकर गुप्ता, वी.के भवरा और प्रबोध कुमार) का पैनल भेजा था।

सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस के मुताबिक शॉर्टलिस्ट किए गए तीन आईपीएस अधिकारियों में से राज्य सरकार को नियमित डीजीपी की नियुक्ति करना था। पिछले साल सिंतबर में जब चरनजीत सिंह चन्नी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी तब आईपीएस अधिकारी इकबाल प्रीत सिंह सहोटा को दिनकर गुप्ता की जगह स्थानापन्न डीजीपी नियुक्त किया गया था। हालांकि इस दौरान राज्य में कांग्रेस के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू इस नियुक्ति के खिलाफ थे। बाद में सिद्धू के दबाव डालने पर 1986 बैच के सिद्धार्थ चट्टोपाध्याय को डीजीपी बनाया गया था।

# मिशनरीज ऑफ चैरिटी का एफसीआरए लाइसेंस बहाल

- गृह मंत्रालय ने प्रतिकूल सूचनाएं मिलने पर रद्द किया था पंजीकरण, विवाद बढ़ने पर फैसला पलटा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**गृह** मंत्रालय (एमएचए) ने नोबेल पुरस्कार विजेता मदर टेरेसा द्वारा स्थापित कैथोलिक धार्मिक संगठन से जुड़े मिशनरीज ऑफ चैरिटी (एमओसी) के विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) का पंजीकरण बहाल कर दिया है। मंत्रालय के अधिकारी के अनुसार शुक्रवार शाम को इस संबंध में आदेश जारी किया गया। पिछले सप्ताह प्रतिकूल सूचनाएं मिलने के बाद इसका एफसीआरए पंजीकरण रद्द कर दिया गया था।

गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि एफसीआरए लाइसेंस बहाल होने से कोलकाता स्थित यह संगठन अब विदेशों से निधि प्राप्त कर सकेगा और बैंकों में रखे धन का भी उपयोग कर सकेगा। मिशनरीज ऑफ चैरिटी एक कैथोलिक धार्मिक संगठन है जिसकी स्थापना नोबेल पुरस्कार विजेता मदर टेरेसा ने गरीबों और बेसहारा लोगों की मदद करने के लिए 1950 में की थी। हालांकि मिशनरीज ऑफ चैरिटी ने आधिकारिक रूप से इस रिपोर्ट पर कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन एक शीर्ष अधिकारी ने इस बात पुष्टि की कि गृह मंत्रालय ने सात जनवरी से एफसीआरए लाइसेंस बहाल कर दिया है और ऐसा होने से हम खुश हैं।

अधिकारी ने कोलकाता में बताया कि एफसीआरए पंजीकरण जब नवीनीकृत नहीं किया गया तब देश में हमारे दाताओं और शुभचिंतकों की मदद से गरीबों और संकटग्रस्त लोगों के लिए हमारी सेवा जारी रही। नए साल की शुरुआत में यह खबर राहत के रूप में आई है, इसमें कोई संदेह नहीं है। गृह मंत्रालय ने 27 दिसंबर को कहा था कि उसने कुछ प्रतिकूल सूचनाएं मिलने के बाद मिशनरीज ऑफ चैरिटी का एफसीआरए लाइसेंस ( शेष पेज 8 )

# भाजपा की सरबजीत कौर बनी चंडीगढ़ की महापौर

**भाषा।** चंडीगढ़

**भारतीय** जनता पार्टी ने शनिवार को चंडीगढ़ नगर निगम महापौर चुनाव में बड़ी जीत हासिल की और पार्टी की पार्षद सरबजीत कौर को नया महापौर चुन लिया गया। भाजपा ने चंडीगढ़ नगर निगम के वरिष्ठ उप महापौर और उप महापौर पद पर भी कब्जा जमा लिया। इस साल महापौर का पद महिला उम्मीदवार के लिए आरक्षित था। आम आदमी पार्टी ने चुनाव के नतीजों को लोकतंत्र की हत्या करार दिया। भाजपा की प्रत्याशी सरबजीत कौर ने सीधे मुकाबले में आम आदमी पार्टी की अंजू कत्याल को एक मत से पराजित किया। चुनाव में कुल 36 में से 28 मत पड़े और कांग्रेस के सात तथा अकाली दल के एकमात्र पार्षद ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। अधिकारियों ने बताया कि कौर को 14 जबकि कत्याल को 13 वोट मिले और एक मत को अवैध घोषित कर दिया गया। आम आदमी पार्टी ने पहली बार चंडीगढ़ नगर निगम का चुनाव पहली बार लड़ा। नतीजे घोषित होने के बाद आप के पार्षदों ने सदन में हंगामा किया और ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,744 | |
| निफ्टी | 17,812 | |
| सोना | 46,415 | /10g |
| चांदी | 59,044 | /kg |

## क्विक न्यूज

### राष्ट्र विरोधी गतिविधियों को लेकर कश्मीरी पत्रकार गिरफ्तार

**श्रीनगर।** भारत की संप्रभुता, अखंडता और एकता विरोधी गतिविधियो में कथित तौर पर संलिप्त रहने को लेकर बांदीपुरा जिले से एक पत्रकार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यहां शनिवार को यह जानकारी दी। यहां एक ऑनलाइन पोर्टल के लिए काम करने वाले सज्जाद अहमद डार को दो दिन पहले गिरफ्तार किया गया और इस कार्वाई की कई वर्गों ने आलोचना की है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा, जम्मू कश्मीर और शेष भारत के लिए अलग-अलग कानून है। कट्टरपंथी समूह खुलेआम मुसलमानों के नरसंहार का आह्वान कर रहे है खुला घूम रहे है जबकि सरकार प्रायोजित मानवाधिकर हनन को उजागर करने वाले कश्मीरी पत्रकारों को जेल में डाला जा रहा है।

# सरकार ने फर्जी, भड़काऊ सामग्री डालने वाले कई सोशल मीडिया हैंडल पर रोक लगाई

**भाषा।** नई दिल्ली

**सूचना** प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शनिवार को कहा कि सरकार ने सोशल मीडिया के ऐसे कई खातों पर रोक लगाई है जिन्होंने ट्विटर, यूट्यूब और फेसबुक पर फर्जी तथा भड़काऊ सामग्री डाली थी। चंद्रशेखर ने कहा कि इन खातों के संचालकों की पहचान की जा रही है और कानून के मुताबिक उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

घृणा भरी पोस्ट पर व्यापक कार्रवाई के बीच सूत्रों ने कहा कि जिस आपत्तिजनक सामग्री पर कार्वाई की गई है वह कैबिनेट की एक ब्रीफिंग के फर्जी वीडियो से संबंधित है। सोशल मीडिया हैंडल पर डाले गए इस फर्जी वीडियो में प्रधानमंत्री के खिलाफ हिंसक विषयवस्तु और हिंदू महिलाओं के लिए अपमानजनक बयान दर्शाए गए हैं। चंद्रशेखर ने शनिवार को ट्वीट किया, सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में सुरक्षित और विश्वसनीय इंटरनेट के लिए कार्यबल काम कर रहा है। जिन हैंडल से ट्विटर, यूट्यूब, फेसबुक और इंस्टाग्राम पर फर्जीभड़काऊ सामग्रील डालने का प्रयास किया गया है, उन पर रोक लगा दी गई है।

मंत्री ने कहा कि इस तरह के खातों को चलाने वालों की पहचान की जा रही है ताकि कानून के तहत कार्वाई की जा सके। चंद्रशेखर ने शुक्रवार को एक ट्वीट का जवाब दिया जिसमें उनसे अनुरोध किया गया था कि प्रधानमंत्री को दर्शाने वाले बहुत हिंसक वीडियो के निर्माताओं के खिलाफ कार्वाई की जाए। मंत्री ने जवाब में ( शेष पेज 8 )

# लंबी दूरी की रेलयात्रा हो सकती है महंगी

- वसूला जाएगा स्टेशन विकास शुल्क, उपनगरीय यात्रियों को छूट

**भाषा।** नई दिल्ली




**लंबी** दूरी की रेलयात्रा आने वाले समय में महंगी हो सकती है, क्योंकि भारतीय रेलवे पुनर्विकसित स्टेशनों पर चढ़ने या उतरने वाले यात्रियों पर स्टेशन विकास शुल्क के रूप में 10 रुपए से 50 रुपए तक प्रभार लगाने की योजना बना रही है। अधिकारियों ने कहा कि बुकिंग के दौरान ट्रेन टिकट में शुल्क जोड़े जाने की संभावना है, लेकिन ऐसे स्टेशनों के चालू होने के बाद से ही यह शुल्क लगाया जाएगा। उपभोक्ता शुल्क को तीन श्रेणियों में बांटा जाएगा। सभी वातानुकूलित श्रेणी के लिए 50 रुपए, शयनयान श्रेणी के लिए 25 रुपए और अनारक्षित क्लास के लिए 10 रुपए का शुल्क लगाया जाएगा। रेलवे बोर्ड द्वारा जारी एक सर्कुलर के अनुसार उपनगरीय रेलयात्रा के लिए स्टेशन विकास शुल्क नहीं लिया जाएगा। इसमें कहा गया है कि इन स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकट भी 10 रुपए महंगा होगा। स्टेशन विकास शुल्क (एसडीएफ) ऐसे स्टेशनों पर चढ़ने और उतरने वाले यात्रियों से लिया जाएगा। एसडीएफ ऐसे सभी स्टेशनों पर एक समान होगा और एक अलग घटक और लागू जीएसटी के रूप में शुल्क लिया जाएगा, जिसके लिए अलग से दिशानिर्देश जारी किए जाएंगे। अधिकारियों ने कहा कि एसडीएफ लगाने से रेलवे के लिए निरंतर राजस्व प्रवाह सुनिश्चित होगा और यह मॉडल रेलवे के लिए वित्तीय रूप से व्यवहार्य बन सकेगा, ताकि निजी खिलाड़ियों को आकर्षित किया जा सके। भारतीय रेलवे में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। पश्चिम मध्य रेलवे के रानी कमलापति स्टेशन और पश्चिम रेलवे के गांधीनगर राजधानी स्टेशन को विकसित और चालू किया गया है।

# उप्र के वरिष्ठ आईपीएस असीम अरुण नौकरी छोड़ लड़ेंगे चुनाव

**भाषा।** कानपुर, लखनऊ

- वीआरएस के लिए अर्जी दी, कन्नौज सदर सीट से भाजपा के टिकट पर उतर सकते हैं मैदान में

**चुनाव** आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव की घोषणा के कुछ ही देर बाद भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 1994 बैच के अधिकारी असीम कुमार अरुण ने शनिवार को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) के लिए आवेदन दिया। वह इस समय कानपुर के पुलिस आयुक्त हैं। अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) स्तर के अधिकारी असीम कुमार अरुण ने विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद ही वीआरएस मांगने की सूचना को सोशल मीडिया पर साझा किया।

असीम अरुण ने कहा, मैंने वीआरएस के लिए आवेदन दिया है क्योंकि अब राष्ट्र और समाज की सेवा एक नए रूप में करना चाहता हूं। मैं बहुत गौरवान्वित अनुभव कर रहा हूं कि मुझे योगी आदित्यनाथ जी ने भाजपा की सदस्यता के योग्य समझा। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, मैं प्रयास करूंगा कि पुलिस बलों के संगठन के अनुभव और सिस्टम को विकसित करने के कौशल से पार्टी को अपनी सेवाएं दूं और पार्टी में विविध अनुभव के व्यक्तियों को शामिल करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल को सार्थक बनाऊं। इससे यह संभावना जताई जा रही है कि अरुण राजनीति में प्रवेश कर सकते हैं और विधानसभा चुनाव में अपने गृह जिले कन्नौज के विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ सकते हैं। कन्नौज संसदीय क्षेत्र का समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ( शेष पेज 8 )

# बारिश से गिरा तापमान, मिली प्रदूषण से निजात

## गाजियाबाद और नोएडा के कई अंडरपासों में जलभराव, वाहन फंसे रहे

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

दिल्ली-एनसीआर समेत कई इलाकों में शुक्रवार देर रात से शनिवार दोपहर तक बारिश होती रह है। लगभग 24 घंटे चली हल्की बूंदाबांदी से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। वहीं शनिवार को लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा।

बारिश के कारण लोग रोजमर्रा के कामकाज भी ठीक से नहीं कर सके। गाजियाबाद व नोएडा के कई अंडरपास में जलभराव होने से लोगों को परेशानी हुई है।

बारिश से मुकरबा चौक के पास भी भारी जलभराव हुआ और वाहनों को जलभराव के बीच से आने-जाने में हादसे का डर रहा। मौसम विभाग के मुताबिक, रविवार तक आसमान में बादल छाए रहेंगे।

इस दौरान दिन में तापमान गिरेगा और ठंड भी बढ़ेगी। बारिश के कारण दिल्ल्ली-एनसीआर की एयर क्वालिटी में सुधार हुआ है।



फोटो: दीपक यादव

शनिवार की जल्द सुबह से शुरु हुई बारिश के चलते हवा की गुणवत्ता में सुधार देखने को मिला है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार शनिवार की सुबह वायु गुणवत्ता गुरुग्राम में 150, गाजियाबाद में 125, फरीदाबाद में 117 और नोएडा में 97 दर्ज की गई। मौसम विभाग ने बारिश के मद्देनजर शनिवार को यलो अलर्ट भी जारी कर दिया है। साहिबाबाद रेलवे अंडरपास के भीतर बारिश से जलभराव होने पर जाम लग गया और कई वाहन पानी में फंस गए। इसी तरह गाजियाबाद के हिंडन विहार मेट्रो स्टेशन के अंडरपास में भी काफी जलभराव हो गया। अंडरपास के भीतर से दुपहिया वाहन चालकों को आने-जाने में सबसे ज्यादा परेशानी हुई। साहिबाबाद के अंडरपास में हल्के वाहनों के साथ भारी वाहन भी आ रहे हैं। जिससे जाम की समस्या हो रही है।

रेलवे अंडरपास के दोनों तरफ भारी वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए हाइट बेरियर लगा रखे हैं, लेकिन दोनों तरफ हाइट बेरियर की ऊंचाई काफी अधिक होने से भारी वाहनों की आवाजाही हो रही है। बीते कुछ दिनों के दौरान एनसीआर की हवा काफी खराब देखने को मिली।

कई प्रमुख शहर अरेंज जोन से डार्क रेड जोन और रेड जोन में आ गए थे। एनसीआर के अलावा आसपास के इलाके भी काफी ज्यादा प्रदूषित हो गए है।

## आनन-फानन में बोर्ड ने बैठक कर लिए 3 बड़े फैसले

# अथॉरिटी ने किसानों की मांगें मानी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा अथॉरिटी ने आनन-फानन में बोर्ड बैठक का आयोजन किया। किसानों की मांगों पर आधारित 3 बड़े फैसले लिए गए हैं। अब आबादी की सीमा 1000 वर्ग मीटर करने का फैसला ले लिया गया है। बोर्ड बैठक में इस प्रस्ताव को पास करके शासन को भेज दिया गया है।

शासन से मंजूरी मिलने के बाद यह फैसला गौतमबुद्ध नगर के सभी 81 गांव में लागू कर दिया जाएगा। इसका मतलब यह है कि जिन गांवों में भूमि अधिग्रहण किया गया है या भविष्य में किया जाएगा, वहां किसान परिवार में प्रत्येक व्यस्क सदस्य के लिए 1000 वर्ग मीटर आबादी की जमीन अधिग्रहण से मुक्त रहेगी।

वहीं किसानों की दूसरी मांग अपने आवासीय भूखंडों पर व्यवसायिक गतिविधियां अनुमन्य करने की है। प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने बताया कि एसीईओ की अध्यक्षता में अफसरों की एक समिति का गठन किया गया है। यह समिति दूसरे विकास प्राधिकरणों में लागू व्यवस्था और मौजूदा कानूनों का अध्ययन करेगी। अपनी रिपोर्ट जल्दी से जल्दी प्राधिकरण बोर्ड के सामने पेश करेगी। प्राधिकरण बोर्ड को किसानों की इस मांग से अवगत करवा दिया गया है। नोएडा अथॉरिटी ने अपनी बिल्टअप हाउसिंग योजना के आवंटियों को भी बड़ी राहत दी है। प्राधिकरण की सीईओ ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2016-17 तक ड्रॉ के माध्यम से बिल्टअप हाउस का आवंटन हासिल करने वाले लोगों को वन टाइम सेटेलमेंट स्कीम का लाभ दिया जा रहा था। यह ओटीएस स्कीम 1 जनवरी 2022 तक लागू थी।



फाइल फोटो

इसी बीच किसानों का आंदोलन चल रहा था। जिसकी वजह से आवंटियों को इसका फायदा नहीं मिल पाया। अब प्राधिकरण ने ओटीएस स्कीम का वक्त 31 जनवरी 2022 तक बढ़ाने का प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के सामने रखा। जिसे मंजूरी दे दी गई है।

# पुलिस मुठभेड़ का कथित वीडियो वायरल, उठे सवाल

- बदमाश भूरे के पैर में लगी थी गोली, बोली पुलिस- वीडियो क्लिप की होगी जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें एक बदमाश पकड़ते हुए बताया जा रहा है। वीडियो को वायरल करते हुए बताया जा रहा है कि गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने जिस बदमाश को बीते मंगलवार को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया थाए वो बदमाश बुलंदशहर में पुलिस ने पहले ही पकड लिया था।

हालांकि, इस मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वीडियो की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही नहीं तरीके से पुष्टि होगी।

सेंट्रल नोएडा के डीसीपी ने बीते बुधवार को बताया था कि 4 जनवरी 2022 को ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-3 कोतवाली पुलिस वाहनों की जांच कर रही थी तभी पुलिस और शातिर बदमाश के बीच मुठभेड हुई थी। मुठभेड के दौरान 25 हजार के इनामी बदमाश भूरा निवासी बुलन्दशहर को गिरफ्तार किया गया। भूरा के पैर में मुठभेड़ के दौरान गोली लगी थी। अब एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दावा किया जा रहा है कि पुलिस ने बदमाश को बुलंदशहर से पकड़ा था। गौतमबुद्ध नगर पुलिस बदमाश को बुलंदशहर में पकडने के बाद ग्रेटर नोएडा लेकर आई थी। हालांकि पुलिस अधिकारियों का दावा है कि वायरल वीडियो किस बदमाश का हैए इस बारे में कोई पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस ने वायरल वीडियो की जांच शुरू कर दी है।

# नो ड्यूज सर्टिफिकेट और नाम-पता खुद बदल सकेंगे आवंटी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ईआरपी के जरिए आवंटियों से जुड़ी सेवाओं को पाने का अधिकार आवंटियों के हाथों में देने की शुरुआत कर दी है। नो ड्यूज सर्टिफिकेट लेना हो या फिर नाम-पता में संशोधन आवंटी खुद से कर सकते हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ईआरपी के बीटा वर्जन को लांच दिया है। फिलहाल औद्योगिक सेक्टर ईकोटेक 7, 10 या फिर 11 के आवंटी अपना नो ड्यूज सर्टिफिकेट खुद से अपने कंप्यूटर के जरिए प्रिंट कर सकते हैं। बाकी सेक्टरों के उद्यमियों के लिए भी ये सुविधाएं जल्द मिलने लगेंगी। प्राधिकरण आवंटियों से जुड़ी 143 सेवाओं को प्राप्त करने का अधिकार जल्द ही आवंटियों को सौंपने में जुटा है। ईआरपी की शुरुआत करने वाला ग्रेटर नोएडा प्रदेश का पहला प्राधिकरण बन गया है।



प्राधिकरण का बहु आयामी प्रोजेक्ट ईआरपी इंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग सिस्टम का बीटा वर्जन लांच कर दिया, वैसे तो इसका शुभारंभ मुख्यमंत्री के हाथों छह जनवरी को होना था लेकिन उनके न आ पाने के कारण प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण ने सहायक श्यामवीर और आकाश राघव के साथ एसीईओ दीप चंद्र और अमनदीप डुली, ओएसडी सचिन कुमार समेत तमाम वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में इसके बीटा वर्जन को लॉन्च कर दिया है। करीब 63 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट को आईटी कंपनी टेक महिंद्रा पूरा कर रही है।

ईआरपी की शुरुआत औद्योगिक सेक्टर ईकोटक 7, 10 और 11 से की गई है। यहां के उद्यमी नो ड्यूज सर्टिफिकेट खुद से प्रिंट कर सकते हैं। उद्यमी नाम, पता आदि में संशोधन भी खुद से अपने कंप्यूटर पर कर सकते हैं। बशर्ते केवाईनो योर अलॉटी अपडेट हो। अब तक इन कार्यों को करने का अधिकार ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों. कर्मचारियों के पास था।



*"बैकिंग की तरह ही ग्रेटर नोएडा के आवंटी अब प्राधिकरण से जुड़ी सेवाओं का लाभ खुद से प्राप्त कर सकेंगे। आने वाले समय में सभी विभागों से जुड़ी हर सेवाएं इससे जुड़ती जाएंगी। कोविड को देखते हुए ईआरपी के जरिए प्राधिकरण से जुड़ी सुविधाएं आवंटियों के हाथों में दे देना बहुत जरूरी है।"*

-नरेंद्र भूषण (सीईओ)

# नोएडा में 44 जगहों पर बच्चों को लगी वैक्सीन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

गौतमबुद्ध नगर में बच्चें कोरोना वैक्सीन लगवाने के लिए ज्यादा जागरूक दिखाई दे रहे हैं। जिन केंद्रों पर 15 साल से 18 साल तक के बच्चों को व्यक्ति लगाई जा रही है।

यहां पर बच्चों की भीड़ काफी दिखाई दे रही है। शनिवार को जनपद में 44 स्थानों पर बच्चों को वैक्सीन लगाई गई। इसके लिए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने स्थानों की लिस्ट जारी की थी।

इस लिस्ट में नोएडा और ग्रेटर नोएडा के 44 स्कूल शामिल है। जहां पर 15 साल से लेकर 18 साल तक के बच्चों को वैक्सीन लगाई जा रही है। भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार से मंजूरी मिलने के बाद नोएडा और ग्रेटर नोएडा में 3 दिसंबर 2022 से बच्चों को कोरोना वैक्सीन लगाने की प्रक्रिया शुरू हुई।

अब तक पूरे जनपद में 25,866 बच्चों को कोरोना वैक्सीन की पहली डोज लगाई जा चुकी है। बच्चे कोरोना वैक्सीन लगवाने को लेकर ज्यादा जागरूक दिखाई दे रहे हैं। जिन केंद्रों पर बच्चों को वैक्सीन लगाई जा रही है, इन केंद्रों पर अच्छी खासी भीड़ दिखाई दे रही है। पहले दिन 3 जनवरी को 3068 किशोरों को टीका लगाया गया था।

## शिविर में छात्रों ने लगवाएं टीके



**गाजियाबाद।** संजय नगर सेक्टर 23 स्थित राम किशन इंस्टीट्यूट स्कूल परिसर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर कोरोना निरोधक टीका शिविर का आयोजन किया गया।आरकेआई के निदेशक डॉ आलोक गर्ग ने कहा कि यूपी शासन लगातार कोरोना पर नजर रखे हुए हैं और हम सब का भी यह उद्देश्य होना चाहिए कि इस लड़ाई को मिलजुलकर लड़े। डॉक्टर गर्ग ने बताया कि कोरोना निरोधक टीका से जो विद्यार्थी वंचित रह गए हैं उनके लिए भी अन्य किसी भी दिन वैकल्पिक शिविर का आयोजन किया जाएगा। आरकेआई की प्रधानाचार्या डॉ. मालती गर्ग ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे समाज में ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस संक्रमण के प्रति जागरूक करें।

# संक्षिप्त समाचार



पुलिस गिरफ्त में साइबर अपराधी।

### क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगी

**गाजियाबाद।** साइबर सेल व साहिबाबाद पुलिस ने शनिवार को इंटरनेट पर कॉल करके लाखों की ठगी करने वाले चार शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 26 मोबाइल फोन, 2 लेपटॉप, 102 सिमकार्ड, 7 एटीएम कार्ड, 3 पैन कार्ड 5 आधार कार्ड तथा एक आईपैड बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक नगर द्वितीय ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार ठगों में मंगल बाजार दिल्ली निवासी सनी कश्यप, दिव्यांशु ठाकुर, अंकित यादव तथा निशांत ठाकुर हैं। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले साहिबाबाद निवासी नीरज शर्मा ने पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई थी जिसमे उन्होंने कहा था कि उनके मोबाइल पर इंटरनेट कॉल करके उनके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर 29 हजार 700 ठग लिए थे।

### जल जीवन मिशन जागरुकता कार्यक्रम



**मेरठ।** ग्राम पंचायत खड़खड़ी विकासखंड खरखोदा में प्रभात फेरी का कार्यक्रम चलाया गया। इस अभियान में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पीएमयू की टीम से मसूद आलम आर रहमान की उपस्थिति में संपन्न हुआ । प्रभात फेरी का आयोजन आईएसए आरएमई समुदाय बाल विकास सोसायटी नई दिल्ली के निदेशक एससी शुक्ला के मार्गदर्शन तथा जल जीवन मिशन की प्रमुख टीम संगीता, ज्योति और राम आशीष मिश्रा की उपस्थिति में हुआ।

### 22 वार्डों में 1780 लाख के विकास कार्यों का शिलान्यास

**गाजियाबाद।** आचार संहिता लागू होने से ठीक पहले आशा शर्मा ने शनिवार की सुबह को वसुंधरा जोन के 22 वार्डों में संयुक्त रूप से 1780 लाख रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा शासनकाल में उत्तर प्रदेश में ऐतिहासिक विकास कार्य हुए हैं। उसी कड़ी में यह कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने महिला पार्षदों के साथ मिलकर एक साथ नारियल फोड़कर विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस मौके पर पार्षद सरदार सिंह भाटी, अजय चौधरी समेत वसुंधरा जोन के तमाम पार्षद मौजूद थे।

### सूर्यनगर-रामपुरी में पानी की समस्या का होगा समाधान

**गाजियाबाद।** सूर्यनगर व रामपुरी में पीने के पानी की समस्या का अब बहुत जल्द समाधान हो जाएगा। मदन लाल बग्गा ने नारियल फोड़कर इस कार्य का शुभाम्भ किया । पहली बार गाजियाबाद नगर निगम द्वारा पीने के पानी की लाइनों में एचडीपीई के पाइपों का प्रयोग किया जा रहा है और इसकी शुरूवात वार्ड-94, सूर्यनगर से की जा रही है। ये एचडीपीई के पाइप अधिक मजबूत व अधिक टिकाऊ होते हैं तथा 50 वर्षो से अधिक तक इनकी आयु होती है। इन पाईपों का प्रयोग आईजीएल की गैस सप्लाई हेतु होता है। इस पूरे काम में जेसीबी का प्रयोग नहीं किया जायेगा। केवल मैनुअल (हाथ की खुदाई) से काम किया जाएगा, ताकि कम से कम नुकसान व टूट-फूट हो, सड़क को न्यूनतम नुकसान होगा।

# लग्जरी कार में छुपाकर लगाई जा रही शराब के साथ गिरफ्तार

- रॉयल चैलेंज ब्रांड की 24 तथा 11 बोतल ब्लैंडर प्राइड फॉर सेल की बरामद की गई

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

आबकारी विभाग और साहिबाबाद पुलिस ने संयुक्त रूप से चेकिंग के दौरान एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। यह तस्कर इस शराब को होंडा सिटी में छिपाकर दिल्ली से ला रहा था।

जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि देर रात्रि में आबकारी विभाग की दो टीमें साहिबाबाद क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी तभी आबकारी चेकपोस्ट ट्रांसपोर्ट नगर में होंडा सिटी कार से जा रहे एक शख्स को रोका और तलाशी ली तो कार में छिपाकर रखी गयी। रॉयल चैलेंज ब्रांड की 24 तथा 11 बोतल ब्लैंडर प्राइड फॉर सेल इन हरियाणा की बोतले बरामद की गई। बिपुल को गिरफ्तार कर लिया गया है।



कार में छुपाकर लाई जा रही शराब को जब्त करते पुलिसकर्मी।

# कोरोना संक्रमण में भी बच्चों के लिए स्तनपान सुरक्षित : डॉ. दीपिका

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

कौशाम्बी स्थित यशोदा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल कौशांबी में कोविड उपचाराधीन और कोविड संक्रमण संभावित माताओं को सुरक्षित स्तनपान करने के प्रति जागरूक करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपिका रस्तोगी व डॉ. अजीत कुमार ने महिलाओं को जागरूक किया।

डॉ. दीपिका रस्तोगी ने बताया कि कोविड-19 पॉजिटिव में भी नवजात शिशु को स्तनपान कराते रहना चाहिए। स्तनपान से पहले हाथों को अच्छी तरह से साफ़ कर लें और नाक व मुंह को मास्क से अच्छी तरह से ढककर ही दूध पिलायें।



डॉ. दीपिका



डॉ. अजीत

डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि जो माताएं बच्चे को सही समय पर और सही तरीके से भरपूर स्तनपान कराती हैं, उन्हें बच्चे को लेकर कोरोना काल में बहुत चिंता करने की जरूरत नहीं होती है ।

मां के दूध की अहमियत सर्वविदित है, यह बच्चे को रोगों से लड़ने की ताकत प्रदान करने के साथ ही उसे आयुष्मान भी बनाता है ।

# स्मार्ट एलईडी लाइट से जगमग होगा ग्रेटर नोएडा

- सादोपुर गांव में 300 लाइटों को विधायक ने किया उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा में स्मार्ट एलईडी लाइट की शुरुआत हो गई है। दादरी विधायक तेजपाल नागर ने सादोपुर गांव में लगी स्ट्रीट लाइटों का शुभारंभ किया। गांव में करीब 300 स्ट्रीट लाइटें लगाई गई हैं।

प्राधिकरण इसी तरह ग्रेटर नोएडा के अन्य गांवों और सेक्टरों की सड़कों को स्मार्ट एलईडी लाइट से रोशन करेगा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा की सड़कों को स्मार्ट एलईडी लाइट से रोशन करने का जिम्मा सूर्या रोशनी कंपनी को सौंप रखा है। कंपनी शहर में अलग.अलग जगहों पर स्मार्ट एलईडी लाइटें लगा रहा है। सादोपुर में लगी करीब 300 स्मार्ट एलईडी स्ट्रीट लाइटों को जलाकर इस प्रोजेक्ट की औपचारिक शुरुआत कर दी गई। वैसे तो इसका शुभारंभ छह जनवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों प्रस्तावित था लेकिन उनके न आ पाने के कारण दादरी विधायक तेजपाल नागर ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक सलिल यादव की मौजूदगी में मोबाइल एप के जरिए इसका शुभारंभ कर दिया। विधायक ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के इस पहल को खूब सराहा। इस अवसर पर सलिल यादव ने बताया कि कंपनी एक साल में ग्रेटर नोएडा के गांवों और सेक्टरों को मिलाकर करीब 54 हजार एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाएगी। सात साल तक इन स्ट्रीट लाइटों को जलाने और रखरखाव का जिम्मा भी कंपनी पर ही है।



इस प्रोजेक्ट पर करीब 48 करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्मार्ट एलईडी लाइट लग जाने से मौजूदा खर्च की तुलना में आधी बिजली से ही ग्रेटर नोएडा के गांवों और सेक्टरों की सड़कें रोशन रहेंगी। ग्रेटर नोएडा में लगने वाली हर स्मार्ट एलईडी लाइट का एक कोड होगाए जिसके जरिए कंट्रोल रूम से पता चल सकेगा कि कौन सी स्ट्रीट लाइट जल रही है और कौन सी खराब है। खराब स्ट्रीट लाइट को तत्काल ठीक किया जा सकेगा। एक.एक स्मार्ट एलईडी लाइट को कंट्रोल रूम से संचालित किया जा सकेगा। यह कंट्रोल रूम ग्रेटर नएडा प्राधिकरण में बनेगा।

आईआरडीए लाइसेंस नं.129 — जन सूचना

STAR Health Personal & Caring Insurance
The Health Insurance Specialist
Insurance is the subject matter of solicitation.

हमें सहर्ष सूचित करते हुए खुशी हो रही है कि हमारी गुडगाँव शाखा का निम्नलिखित पते के अनुसार नए स्थान पर दिनांक 01-01-2022 से प्रभाव के साथ संचालन शुरु हो गया है।

स्टार हेल्थ एण्ड एलाइड इंश्योरेंस कं लि.
प्लाट नंबर- 412/2 के-1 टॉवर, एम जी रोड, सैक्टर 14, गुडगाँव, हरियाणा - 122001.
फोनः 0124-4255201, 4255202, ई मेल- gurgaon@starhealth.in

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा,
उत्तराखण्ड पेयजल निगम, डीडीहाट, पिथौरागढ़

निविदा सूचना सं0 : 32/निविदा/17 — दिनांक : 07.01.2022

ई-निविदा सूचना

अध्यक्ष उत्तराखण्ड पेयजल एवं संसाधन विकास निर्माण निगम, देहरादून की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा उत्तराखण्ड पेयजल निगम तथा उत्तराखण्ड जल संस्थान में पंजीकृत ठेकेदारों से जल जीवन मिशन (द्वितीय चरण) के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजना के अन्तर्गत पाईप लाईन, जलाशय एवं तत्सम्बन्धी कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नामः- 1. सौगांव पे0यो0।
2. ई-निविदा पोर्टल में प्रकाशन की तिथिः- 10.01.2022 अपरान्ह 3:00 बजे।
3. निविदा ऑनलाइन करने की अन्तिम तिथिः- 20.01.2022 अपरान्ह 5:00 बजे।

निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्तें www.uktenders.gov.in से प्राप्त की जा सकती हैं।

अधिशासी अभियन्ता

प्रपत्र बी
सार्वजनिक घोषणा
[भारतीय दिवाला और ऋण शोध अक्षमता बोर्ड (परिसमापन प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 का विनियम 12]
मैसर्स नर्मदा सीरियल प्राइवेट लिमिटेड के हितधारकों के ध्यानार्थ

| क्र. सं. | विवरण | विस्तृत विवरण |
|---|---|---|
| 1. | कार्पोरेट देनदार का नाम | नर्मदा सीरियल प्राइवेट लिमिटेड |
| 2. | कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि | 28.03.2007 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित/पंजीकृत है | रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज, एनसीटी दिल्ली एवं हरियाणा |
| 4. | कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या/सीमित दायित्व पहचान संख्या | U20296DL2007PTC161251 |
| 5. | कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता | दुकान नंबर 14, पाकेट-ए मार्किट, सरिता विहार, नई दिल्ली-110076 |
| 6. | दिवालिया समाधान प्रक्रिया की समापन तिथि | 04.01.2022 |
| 7. | कार्पोरेट देनदार के परिसमापन की आरंभन तिथि | 04.01.2022 (एए से सूचना 05.01.2022 को प्राप्त हुई) |
| 8. | परिसमापक के रूप में कार्यरत इन्सोल्वेंसी प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर | प्रभात जैन IBBI/IPA-001/IP-P01980/2020-2021/13123 |
| 9. | परिसमापक का पता और ई-मेल जैसाकि बोर्ड में पंजीकृत है | बी-61, फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स, झंडेवालान, नई दिल्ली-110055 मोबाइल - 9810290371 मेल - prabhat@pdmco.in |
| 10. | परिसमापक का पता और ई-मेल जो उसके साथ पत्रचार के लिए प्रयुक्त किया जाना है | बी-61, फ्लैटेड फैक्ट्री कॉम्प्लेक्स, झंडेवालान, नई दिल्ली-110055 मोबाइल - 9810290371 मेल - liquidator.narmada@gmail.com |
| 11. | दावा प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि | 04.02.2022 |

एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि राष्ट्रीय कम्पनी विधि न्यायाधिकरण, नई दिल्ली, पीठ-3 ने दिनांक 04.01.2022 को नर्मदा सीरियल प्राइवेट लिमिटेड का परिसमापन आरंभ करने का आदेश दिया है।


नर्मदा सीरियल प्राइवेट लिमिटेड के हितधारकों से एतदद्वारा अपने दावों का प्रमाण 04.02.2022 को अथवा पूर्व परिसमापक के समक्ष ऊपर आइटम 10 के समक्ष वर्णित पते पर प्रस्तुत करने की मांग की जाती है।

वित्तीय लेनदारों को अपना दावा प्रमाण के साथ केवल इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत करना होगा। अन्य सभी लेनदार अपने दावे उसके प्रमाण के साथ दस्ती, डाक द्वारा अथवा इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।

दावे के फर्जी अथवा भ्रामक प्रमाण की प्रस्तुति दंडनीय होगी।

तिथि : 07.01.2022
स्थान : नई दिल्ली
हस्ता/-
परिसमापक का नाम और हस्ताक्षर : प्रभात जैन

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।



# कोरोना संक्रमण के 20,181 नए मामले

## पिछले साल दो मई के बाद एक दिन में सर्वाधिक मामले, सात लोगों की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में शनिवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 20,181 नए मामले सामने आए और सात रोगियों की मौत हुई जबकि संक्रमण दर बढ़कर 19.60 फीसदी तक पहुंच गई।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। राष्ट्रीय राजधानी में दो मई को कोविड-19 के 407 रोगियों की मौत हुई थी जबकि संक्रमण के 20,394 मामले सामने आए थे। संक्रमण दर 28.33 फीसदी रही थी। आंकड़ों के अनुसार एक दिन पहले 1,02,965 कोविड जांच की गई। इनमें 79,946 आरटी-पीसीआर जबकि शेष रैपिड एंटीजेन जांच शामिल हैं।

लगभग 1,586 रोगी अस्पतालों में भर्ती हैं। इनमें से 375 रोगी ऑक्सीजन सपोर्ट पर हैं। इन 375 रोगियों में से 27 वेंटिलेटर पर हैं। दिल्ली में उपचाराधीन रोगियों की संख्या 48,178 है। इनमें से 25,909 गृह पृथकवास में हैं। वहीं जांच की गति भी बढ़ा दी गई है।



फोटो: रंजन डिमरी

### अरबिंदो कॉलेज के चार कर्मचारियों को कोरोना

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के अरबिंदो कालेज में चार शिक्षणेत्तर कर्मचारी कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। इनमें संक्रमण के हल्के लक्षण हैं। इसलिए सभी घर में आइसोलेशन में रहकर अपना इलाज करा रहे हैं। इसके साथ ही बताया यह भी जा रहा है कि डीयू के कई अन्य कालेजों के शिक्षक और कर्मचारी भी कोरोना संक्रमित हुए।

### 2075 आईसीयू बेड बढ़ाने का लिया निर्णय

**नई दिल्ली।** कोविड के बढ़ते मामलों को देखते हुए राज्य सरकार ने अपने 14 अस्पतालों में कोरोना के मरीजों के लिए कुल 5650 कोविड बेड और 2075 आईसीयू बेड बढ़ाने का निर्णय लिया है। दिल्ली सरकार अपनी सारी व्यवस्था को पहले से ही दुरुस्त किए हुए है। हालात अभी सामान्य है। सरकार अपनी पूरी तैयारी जोर शोर से कर रही है, ताकि हालात को बिगड़ने ही न दिया जाए। दिल्ली के अस्पतालों में लगभग 13,300 बेड अभी भी मरीजों के लिए उपलब्ध हैं। स्थिति को काबू में रखने के लिए अस्पतालों में बिस्तरों की संख्या में इजाफा करने का फैसला लिया है।

## एम्स में मरीजों की नियमित भर्ती पर रोक, गैर जरूरी सर्जरी बंद

राजधानी में बढ़ते कोरोना के मामलों को देखते हुए एम्स ने मरीजों की नियमित भर्ती पर रोक लगा दी है। साथ ही, गैर जरूरी सर्जरी को भी बंद करने का निर्णय लिया है। अगले आदेश तक एम्स में यह व्यवस्था लागू रहेगी। एम्स के चिकित्सा अधीक्षक डा. डीके शर्मा द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार अस्पताल में ओपीडी सेवाएं नए और फालोअप मरीजों के लिए सीमित संख्या में चालू रहेंगी। इसके लिए मरीजों को पहले से अप्वाइंटमेंट लेना होगा। साथ ही एम्स में सभी स्पेशियलिटी क्लीनिकों को भी फिलहाल बंद कर दिया जाएगा। स्पेशियलिटी क्लीनिक में भी अब केवल फालोअप मरीजों को ही अप्वाइंटमेंट दिया जाएगा। साथ ही एम्स स्थित जयप्रकाश नारायण एपेक्स ट्रामा सेंटर की सभी सेवाओं को पुरानी राजकुमारी अमृत कौर बिल्डिंग के भूतल पर स्थानांतरित करने का भी निर्देश दिया गया है। सभी विभागों से कहा गया है कि ट्रामा सेंटर के सभी मरीजों को शुक्रवार दोपहर दो बजे के बाद से पुरानी राजकुमारी अमृत कौर बिल्डिंग में ही भेजा जाए।



## कर्फ्यू में पुलिस सख्त, लोग दिखे जागरूक



वाहनों की चैकिंग करती पुलिस पुलिस। फोटो: रंजन डिमरी

- सड़कों पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मुस्तैद, जगह-जगह बैरिकेड लगाकर जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सप्ताहांत कर्फ्यू और बारिश के कारण शनिवार को भीड़भाड़ वाले बाजारों व मुख्य सड़कों पर सन्नाटा रहा।

सुबह से लेकर शाम तक सड़कें बिल्कु ल खाली थी और लोगों की आवाजाही नहीं थी। दिल्ली के बार्डर पर हर समय लोगों की भीड़ रहती है, लेकिन शनिवार को यहां भी सन्नाटा पसरा हुआ था। करोल बाग बाजार भी खाली था। सप्ताहांत कर्फ्यू के शुरू होते ही पुलिस न केवल इलाके में गश्त करती दिखी बल्कि पिकेट लगाकर वाहनों की जांच भी कर रही थी। ऐसे में जो लोग इसका उल्लंघन करते मिले, उनके खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई।

हालांकि, 10 बजे के बाद बाहरी दिल्ली इलाके के विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों पर वाहनों और लोगों की आवाजाही अन्य दिनों की तुलना में कम हो गई थी। कई सड़कें वीरान दिखाई दे रही थीं तो बाजारों में भी दुकानों के शटर गिरे हुए दिखाई दे रहे थे। बाहरी रिंग रोड पर रात 10 बजे के बाद मधुबन चौक से लेकर बुराड़ी बाईपास तक वाहनों की आवाजाही कम दिखाई दी।

दिल्ली में कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए शुक्रवार रात से सप्ताहांत कर्फ्यू लागू होने के साथ ही कोविड-19 संबंधी दिशा-निर्देशों को लागू करवाने तथा उनके उल्लंघनों पर नजर रखने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को तैनात किया गया है।

पुलिस ने कई इलाकों में गश्त बढ़ा दी है और वह विभिन्न स्थानों पर अवरोधक लगाकर आने-जाने वालों की जांच कर रही है। नियमों का उल्लंघन करने वालों को सख्त कानून कार्रवाई की चेतावनी दी है।

## दिल्ली में 13 साल बाद जनवरी में एक दिन में सर्वाधिक बारिश हुई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में कम से कम पिछले 13 साल बाद जनवरी में एक दिन में सर्वाधिक बारिश दर्ज की गई और शुक्रवार-शनिवार को रात भर हुई बारिश के कारण राष्ट्रीय राजधानी के निचले इलाकों में पानी भर गया।

भारत मौसम विज्ञान विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, शहर के कई हिस्सों में जलभराव की जानकारी मिली है। सफदरजंग वेधशाला ने 41 मिमी बारिश दर्ज की, जो कम से कम 13 साल में जनवरी में एक दिन में हुई सर्वाधिक बारिश है।

पालम में मौसम केंद्र ने शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे तक पिछले 24 घंटे में 48 मिमी बारिश दर्ज की। रात भर हुई बारिश के कारण शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार देखा गया और सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 114 दर्ज किया गया, जो मध्यम श्रेणी में आता है। यह शुक्रवार को 182 था। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा , 51 से 100 के बीच संतोषजनक , 101 से 200 के बीच मध्यम , 201 से 300 के बीच खराब , 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 और 500 के बीच गंभीर श्रेणी में माना जाता है।

मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान 15.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से आठ डिग्री अधिक हैं। अधिकतम तापमान के 19 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

## ओमीक्रोन वैरिएंट से अभी तक नहीं हुई किसी भी मरीज की मौत : सत्येंद्र जैन

- रोज लगभग 1 लाख नमूनों की हो रही जांच

**पायनयिर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में अभी तक वायरस के ओमीक्रोन वैरिएंट से से किसी की मौत नहीं हुई है। जैन ने कहा कि गुरूवार को संक्रमण से जिन मरीजों की मौत हुई वे पहले से अन्य रोगों से पीड़ित थे।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रतिदिन लगभग एक लाख जांच की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि इस बार अस्पताल में कम संख्या में मरीज भर्ती हो रहे हैं और संक्रमण की गंभीरता भी कम है।

उन्होंने शनिवार के आधकारिकि आंकड़े आने से पहले ही कहा था कि दिल्ली में शनिवार को 19 फीसदी संक्रमण दर के साथ लगभग 20 हजार मामले सामने आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि महामारी से मुकाबले के लिए दिल्ली सरकार पूरी तरह तैयार है और संक्रमण के मामलों में वृद्धि को देखते हुए अवसंरचना को मजबूत किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण के मामले इसलिए अधिक सामने आ रहे हैं क्योंकि राष्ट्रीय राजधानी में जांच ज्यादा हो रही है।

उन्होंने कहा, प्रतिदिन लगभग एक लाख जांच की जा रही है। इसलिए मामलों की संख्या जांच के अनुपात में है। इस समय अस्पताल में कम संख्या में मरीज भर्ती हो रहे हैं। इससे पहले जब दिल्ली में 17 हजार मामले सामने आए थे, तब प्रतिदिन 200 से ज्यादा मौतें हो रही थीं लेकिन इस बार कम मरीजों की मौत हो रही है। लोग अन्य बीमारियों के इलाज के लिए अस्पताल आ रहे हैं और उनकी जांच में संक्रमण पाया जा रहा है।



# वैक्सीन को लेकर किशोरों में नहीं है किसी तरह का डर

### उत्साहित होकर वैक्सीन लगवाने आ रहे हैं 15 से 18 साल के किशोर

### छात्र-छात्राओं ने साझा किए अपने अनुभव

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**कोरोना** रोधी वैक्सीन को लेकर भले ही अलग-अलग तरह से अफवाहें फैली हों या फैलाई जा रही हों, लेकिन 15 से 18 साल के किशोरों में ऐसी कोई बात नजर नहीं आ रही। वे पूरे जोश और उत्साह के साथ वैक्सीन लगवाने वाले पहुंच रहे हैं।

वैक्सीन को सुरक्षित बताते हुए वे वैक्सीन लगवाकर खुशी-खुशी घर जा रहे हैं। यहां नागरिक अस्पताल में वैक्सीनेशन को पहुंचे 15 से 18 साल के किशोरों से हमने बात की। इस दौरान इन किशोरों में सकारात्मक बातों से दूसरे लोग भी प्रेरित हुए।



गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल व ब्लू बेल्स स्कूल में वैक्सीन लगवाते छात्र-छात्राएं।

### वैक्सीन लगवाकर खुद को करें सेफ : दृष्टि

**वैक्सीन** लगवाकर केंद्र से बाहर आई दृष्टि ने कहा कि वैक्सीन लगवाने में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं आई। स्टाफ ने भी अच्छी तरह से वैक्सीन लगाई। बहुत अच्छा लगा कि हम सब भी कोरोना से लड़ाई में अपना योगदान वैक्सीन लगवाकर दे रहे हैं। हम सब वैक्सीन लगवाकर खुद को सेफ करें। हमें सोशल डिस्टेंस, मास्क और हैंड वॉश को अपनी हैबेट बना लेनी चाहिए। यह हमारी हेल्थ के लिए बहुत जरूरी है।

### नेगेटिव बातों पर ध्यान नहीं दिया : रुक्सार

**रुक्सार** ने कहा कि वैक्सीन को लेकर लोगों से बहुत नेगेटिव बातें उसने सुनीं हैं। किसी भी तरह की नेगेटिव बातों पर उसने ध्यान नहीं दिया। वैक्सीन हमें सेफ करने के लिए लगाई जा रही है। इसलिए हम सब वैक्सीन लगवाएं। यहां नागरिक अस्पताल में वैक्सीन लगवाने के लिए उन्हें किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं हुई। वैक्सीन लगाने वाले स्टाफ ने उन्हें वैक्सीन लगाने के साथ जरूरी बातें भी बताईं। उन्हें बताया गया कि भीड़ से अलग रहें। मास्क लगाकर रखें। साथ ही तबियत बिगड़ने की सूरत में उन्हें टैबलेट भी दी गई।

### वैक्सीन से खुद को करें सुरक्षित : राजेश

**राजेश** ने कहा कि वह अपनी मर्जी से वैक्सीन लगवाने आए हैं। उन पर ना तो किसी ने प्रेशर बनाया और ना ही वैक्सीनेशन से रोका। यह हम सबकी अपनी जिम्मेदारी बनती है कि हम वैक्सीन लगवाकर खुद भी सुरक्षित बनें और दूसरों को भी सुरक्षित करें। राजेश ने कहा कि लापरवाही करके किसी भी तरह से दूसरों को परेशानी में ना डालें। जो गाइडलाइंस हैं, उनको फॉलो करके ही हम कोरोना को हरा सकते हैं। कोरोना को खत्म करना बहुत जरूरी है।

### वैक्सीन हम सबका सुरक्षा कवच : पीयूष

**पीयूष** ने कहा कि वैक्सीन हमारे लिए शुरू की गई है तो हमें यह लगवानी चाहिए। वैक्सीन हम सबका सुरक्षा कवच है। बिना वैक्सीन के अब हम कहीं पर भी नहीं आ जा सकते, इसलिए हमें बिना किसी डर के वैक्सीन लगवा लेनी चाहिए। यह हमारे परिवार के साथ बाहर के लोगों को सुरक्षित करेगा। पीयूष ने यह भी कहा कि वैक्सीन हर किसी को लगनी चाहिए। जैसे पोलियो की दवा पैदा होते ही पिलानी शुरू की जाती है, ऐसे ही कोरोना के लिए वैक्सीन आनी चाहिए।

### वैक्सीन लगवाने में नहीं कोई डर : सपना

**सपना** ने कहा कि वैक्सीनेशन हम सबकी भलाई के लिए ही है। इसमें किसी भी तरह से डरना नहीं है। हर कोई वैक्सीन लगवाए। यह बहुत जरूरी है। ना तो किसी बड़े को डरने की जरूरत है ना ही किसी छोटे को। यह हमारी हेल्थ को अच्छा करेगी। हम सबको वैक्सीन लगवा लेनी चाहिए, ताकि हमारे यहां सब कुछ ठीक हो सके। कोरोना के फैलने से पढ़ाई भी डिस्टर्ब हो रही है। स्कूलों को बंद किया जा रहा है। इसलिए हम सबको वैक्सीन लगवाकर कोरोना की चेन तोड़नी चाहिए। घर से बाहर एक-दूसरे से दूरी बनाकर रखनी जरूरी है।

## संक्षिप्त समाचार

### नागरिक अस्पताल में मजाक बन रहे कोरोनारोधी नियम



**सोहना।** एक तरफ सरकार कोरोना की तीसरी लहर की चेतावनी दे रही है और शिवनगरी सोहना में कोरोना संक्रमित आठ रोगी सामने आने से स्वास्थ्य विभाग में बेचैनी तो लोगों में दहशत का माहौल है। दूसरी तरफ यहां पर स्थानीय उपमंडलस्तरीय नागरिक अस्पताल में कोविड-19 से बचाव के लिए लगाई जा रही वैक्सीन वाले स्थल पर वैक्सीन लगवाने के लिए उमड़ रही भीड़ का आलम देखकर जाहिर हो रहा है कि स्वास्थ्य विभाग की बरती जा रही अनदेखी व लापरवाही के बीच कोविड से सुरक्षा चक्र लेने पहुंचे रहे लोग खुद ही कोरोना को न्योता दे रहे हैं। देखने में आ रहा है कि नागरिक अस्पताल परिसर स्थित प्रवर चिकित्सा अधिकारी कार्यालय प्रांगण में कोविड-19 से बचाव के लिए लागू नियम मात्र कागजी दिखावा और मजाक बनकर रह गए है। स्वास्थ्य विभाग के यहां पर कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी अस्पताल में आने वाले रोगियों से कोरोना संक्रमणरोधी नियम का पालन कराने की बजाय अनदेखी बरत रहे हैं। इतना ही नहीं वह खुद भी ना तो सोशल डिस्टेसिंग का ध्यान रख रहे हैं और ना ही फेसमास्क लगा रहे हैं। ना ही सैनेटाइजर उपयोग में लाया जा रहा है। जाहिर है कि जब स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी यहां पर कोविड-19 से बचाव वाले नियमों की सही से पालना नहीं कर रहे हैं तो वह अस्पताल में आने वाले रोगियों को कोरोना संक्रमणरोधी नियमों की पालना के लिए क्या सीख देंगे? शासन-प्रशासन को चाहिए कि समय रहते इस तरफ ध्यान दिया जाए और बरती जा रही लापरवाही पर रोक लगाने के लिए जरूरी कदम उठाए जाए।

### हवाई फायरिंग करने वाला साथी समेत गिरफ्तार

**सोहना।** सोहना सीआईए पांच पुलिस ने नरेश नंगली गैंग के दो बदमाशों को अवैध हथियार समेत गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान बदमाशों से एक-एक देशी कट्टा कारतूस समेत बरामद किए हैं। एक बदमाश ने तो तीन दिन पहले सांप की नंगली में मामूली कहासुनी में हवा में फायरिंग की थी। एएसआई हरपाल ने थाना भौंडसी के गांव रिठौज निवासी वीरसिंह उर्फ कल्ला को शहर के नंगली मोड़ पर गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान कारतूस समेत कट्टा मिला। वीरसिंह उर्फ कल्ला ने तीन दिन पहले भी सांप की नंगली में कुत्ता की पिटाई करने वाले के घर पर शाम के समय में दो हवाई फायर किए थे। सिटी थाना पुलिस ने नरेश समेत वीर सिंह उर्फ कल्ला और गगन उर्फ गोल्डी निवासी जिला मैनपुरी उत्तर प्रदेश के खिलाफ मामला दर्ज किया था। गगन उर्फ गोल्डी को भी सीआईए पांच पुलिस ने शुक्रवार रात शहर की चुंगी नंबर एक पर गुरुग्राम मार्ग से गिरफ्तार किया। हवलदार सोनू ने बताया कि गगन के खिलाफ गुरुग्राम, फरीदाबाद, दिल्ली, राजस्थान और अन्य थानों में अपराधिक मामले दर्ज हैं। सिटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों को अदालत में पेश कर 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत भोंडसी जिला जेल में भेज दिया है।

### हरियाणा बिजली पेंशनर्स की हुई मासिक बैठक

**गुरुग्राम।** हरियाणा बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक राजन शर्मा यूनिट प्रधान की अध्यक्षता में यहां एमजी रोड स्थित पावर हाउस परिसर में बिजली निगम के विश्राम गृह में हुई। बैठक का मंच संचालन एसोसिएशन के सचिव सुभाष शर्मा द्वारा किया गया । बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के चीफ ऑर्गेनाइजर बनवारी लाल शर्मा ने कहा कि रिवाइज पेंशन का कार्य काफी धीमी गति से होने पर बिजली पेंशनर्स में काफी रोष है। निगम मैनेजमेंट द्वारा अभी तक कैशलेस स्कीम को भी चालू नहीं करने के बारे में भी आक्रोश है। उन्होंने निगम मैनेजमेंट को आगाह किया कि सेवानिवृत्त कर्मियों के धैर्य की परीक्षा न लें। बकाया कार्यों को जल्दी से जल्दी निपटाने की कोशिश करें। सुभाष शर्मा ने बताया कि कर्मचारियों के लोकल मेडिकल बिल्स, लाइव सर्टिफिकेट आदि को भिजवाना तथा गुरुग्राम यूनिट द्वारा स्थानीय डिवीजन कार्यालयों में बिजली पेंशनर्स के बकाया करवाए गए कार्यों के बारे में भी बैठक में विस्तार से बताया गया। कर्मचारी नेता एवं बिजली पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन के संरक्षक रतन लाल गुप्ता, विजय यादव गुरुग्राम यूनिट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामचंद्र, वित्त सचिव देवराज मेहतानी आदि ने भी संबोधित किया।

### बरसात के बीच आंगनबाड़ी वर्कर्स, हेल्पर्स ने किया प्रदर्शन



**गुरुग्राम।** आंगनबाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्स यूनियन की हड़ताल शनिवार को 32वें दिन जारी रही। सभी कर्मचारियों ने बरसात में खड़े होकर प्रदर्शन किया। हड़ताल की अध्यक्षता जिला कोषाध्यक्ष कृष्णा यादव ने की, वहीं संचालन सरस्वती ने किया। हड़ताल को संबोधित करने पहुंचे ब्लॉक सचिव सरला ब्लॉक कमेटी व जिला कमेटी के सदस्य कमलेश रुचि ने कहा कि सरकार एक तरफ तो हमें समाजसेवी के नाम से कहा जाता है कि दूसरी तरफ वर्कर और हेल्पर के टर्मिनेट के लेटर निकाले जा रहे हैं। सरकार इन लेटर को निकालकर हमें गुमराह कर रही है और हमारी हड़ताल को विफल करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हेल्पर और वर्कर्स में काफी रोष है। हम अपनी मांगों को लागू करवाए बिना पीछे नहीं हटेंगे। वर्कर्स और हेल्पर्स के आंदोलन के दबाव में सरकार ने 10 जनवरी को हमारी यूनियन का डेलिगेशन वार्ता के लिए बुलाया है। आंगनबाड़ी आंदोलन के समर्थन में हरियाणा की जनवादी महिला समिति 10 जनवरी को पूरे प्रदेश में प्रदर्शन करेगी। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा 11 जनवरी को आंगनबाड़ी के समर्थन में प्रदर्शन करेगी। जिसका सरकार के ऊपर दबाव है। इसलिए सरकार ने 10 जनवरी को फिर से बातचीत के लिए बुलाया है।

### कुलपति से मिल एबीवीपी प्रतिनिधिमंडल ने उठाई मांगें

**गुरुग्राम।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुग्राम विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलपति प्रो. दिनेश कुमार से शिष्टाचार भेंट करते हुए उनका स्वागत भी किया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल गौरव कटारिया व आशीष राजपूत ने कुलपति से भेंट कर परिषद के कार्यों से उन्हें अवगत कराया और छात्रों की विभिन्न मांगों को भी उनके समक्ष रखा तथा आग्रह किया कि छात्रों की मांगें उचित हैं उनको मान लेना चाहिए। कोरोना के कारण बिगड़ी परिस्थिति में परीक्षा के विषय में बातचीत की गई। महाविद्यालय परिसरों में छात्रों की सुरक्षा पर भी विचार किया गया। कोरोना के कारण परीक्षाएं ऑफलाईन व ऑनलाईन दोनों विकल्पों पर विचार किया जाना चाहिए। आशीष राजपूत ने बताया कि कुलपति ने उनकी बातों को ध्यान से सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा।

### दस साल की बच्ची सहित एएनएम की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटीव

**होडल।** क्षेत्र में कोरोना वायरस ने दस्तक दे दी है। एक दस वर्ष की बच्ची के अस्पताल में कार्यरत एएनएम की कोरोना रिपोर्ट पॉजीटीव मिलने से क्षेत्र में हडकंप मच गया है। स्वास्थ्य विभाग बच्ची व एएनएम को होम आइसोलेशन में उपचार लेने की सलाह दी है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि वह सामान्य दूरी व मास्क पर विशेष ध्यान दें जिससे की इस बीमारी से सुरक्षित रहा जा सके। स्वास्थ्य विभाग के एसएमओ डा. सतीस वर्मा ने जानकारी में बताया कि तीन दिन पहले एक दस वर्षीय बच्ची की तबीयत खराब होने के चलते उसके सैंपल लैब में कोरोना टैस्ट के लिए भेजे गए थे जिसकी रिपोर्ट पॉजीटीव आई है। इसके अलावा अस्पताल की एक एएनएक की रिपोर्ट भी कोरोना पॉजीटीव मिली है। उन्होंने बताया कि बच्ची के साथ-साथ एएनएम का होम आइसोलेशन में उपचार चल रहा है। उन्होंने कहा कि लोग इस बीमारी के प्रति गंभीर नहीं है। इसके अलावा लोगों को स्वास्थ्य विभाग की ओर से बार-बार शिविरों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है।

## बिना मास्क वालों से पुलिस वसूल रही मुंह दिखाई- काटे जा रहे चालान

**सोहना।** सोहना शहर पुलिस थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार और शहर पुलिस चौकी में कार्यरत सहायक सबइंस्पेक्टर सतपाल सिंह का कहना है कि यहां पर बढ़ रहे कोरोना संक्रमण से जनमानस को बचाने के लिए बिना मास्क लगाए और बिना सामाजिक दूरी घूमने वाले लोगों पर पुलिस की निगाह टेढ़ी हो गई है।

पुलिस ने बाजार में जगह-जगह पुलिस नाके लगाकर बिना फेसमास्क पकड़ में आने वालों पर नकेल कसने के लिए चालान काटने शुरू कर दिए हैं। पुलिस अब ऐसे लोगों के पकड़ में आने पर मास्क ना लगाए जाने की एवज में 500 रुपये का चालान मौके पर ही काटकर एक मास्क हाथोंहाथ चालान कटवाने वाले व्यक्ति को उपलब्ध करा रही है और फेसमास्क न पहनने वाले लोगों से जुर्माने के रूप में मुंह दिखाई नकद रूप में वसूलने का काम कर रही है। साथ ही लोगों को इस बात के लिए जागरूक भी बनाया जा रहा है कि लोग घरों से फेसमास्क लगाकर ही बाहर निकलें। शहर पुलिस थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश कुमार का कहना है कि शहर पुलिस चौकी में कार्यरत सहायक



सबइंस्पेक्टर सतपाल सिंह ने शहर में शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक से नागरिक अस्पताल, चिल्डप्वाइंट मार्ग पर जगह-जगह पुलिस नाके लगाकर दोपहिया व चार पहिया वाहनों की जांच के साथ-साथ बिना मास्क पकड़ में आए लोगों के चालान काटे। इतना ही नहीं कृष्णा गारमेंटस की आसपास वाली मार्केट में दुकानों के बाहर, शहर में लेबर चौक, बसअड्डे के बाहर, चुंगी एक के पास, दमदमा मोड, पलवल रोड आदि स्थानों पर जो भी लोग बिना मास्क के नजर आए, पुलिस जवानों ने घेराबंदी डाल पकड़ लिया और मौके पर ही उनके चालान काटकर लगाए गए जुर्माने की राशि वसूली। कई लोगों ने गरीबी का हवाला देते हुए जुर्माना भरने में असमर्थता जताई तो पुलिस उन्हें पुलिस चौकी में ले गई। जिनके परिजनों ने आकर जुर्माना भरा।

## तीन लाख रुपये में दो बच्चियां बेचने की थी डील, धरे गए तीन सौदागर

### आरोपियों को चोरीशुदा दो नवजात बच्चों सहित किया काबू

### आरोपियों में दो महिलाएं तथा एक पुरुष भी है शामिल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**दिल्ली** से चोरी करके अलवर में दो नवजात बच्चियों को बेचने के लिए तीन लाख रुपये में डील तय थी। इससे पहले कि वे ऐसा कर पाते, एक टैक्सी चालक की सूझबूझ से पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एसीपी क्राइम प्रीतपाल ने शनिवार को बताया कि पुलिस आयुक्त की ओर से टैक्सी चालक को 25 हजार रुपये व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

शनिवार को पुलिस थाना डीएलएफ फेस-3 गुरुग्राम में उमेश लौहिया पुत्र बिशम्बर निवासी नाथूपुर गुरुग्राम ने बताया कि वह टैक्सी चालक है। दिल्ली से अपने गांव नाथूपुर गाड़ी से आ रहा था। जब वह



पुलिस गिरफ्त में बच्चा चोर गिरोह, जानकारी देते एसीपी अपराध प्रीतपाल।

धौला कुआं के पास पहुंचा तो दो महिलाओं ने गाड़ी रुकवाने का इशारा किया। दोनों की गोद में नवजात बच्चे थे। उनके साथ एक व्यक्ति भी था। उन्होंने उससे इफको चौक गुरुग्राम में छोड़ने के लिए कहा। धौला कुआं से थोड़ी दूर चलने के बाद उन्होंने कहा कि क्या वह उन्हें अलवर छोड़ सकता है। इसकी हामी भरते हुए ड्राइवर उमेश लोहिया ने तीन हजार रुपये किराया बताया।

गाड़ी में बैठे व्यक्ति ने कहा कि वह उसे चार हजार रुपये देगा। पहले उन्हें अलवर तक ले जाए और फिर वापस दिल्ली के मंदिर रघवीर नगर छोड़ दे। वह उन्हें लेकर अलवर चल दिया। इसके कुछ देर बाद महिला ने कहा कि उन्हें अलवर नहीं जाना और गाड़ी वापस मुड़वा ली। ड्राइवर को कुछ संदेह हुआ कहीं वे बच्चे चोरी करके तो नहीं आए। ड्राइवर दोनों महिलाओं व व्यक्ति को गाड़ी में बिठाए हुए ही डीएलएफ फेज-3 पुलिस थाना गुरुग्राम पहुंच गया। जहां उन्हें काबू करके पूछताछ शुरू की गई।

### जहां अच्छी कीमत मिलती, वहीं बच्चे बेच देते

**थाना** के निरीक्षक मनोज कुमार के मुताबिक आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में कबूल किया कि वे अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर बच्चों को चोरी करते हैं। जहां इन्हें अच्छे रुपए मिलते हैं वही पर बच्चों को बेच देते है। इनके कब्जा से बरामद हुई दोनों

### वर्ष 2014 से बच्चे चोरी कर बेचने का काम

**आरोपियों** से पुलिस पूछताछ में यह भी पता चला कि वे वर्ष 2014 से बच्चे चोरी करके बेचने का काम कर रहे है। ये बच्चें चोरी करके बेचने का काम अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर करते हैं और जहां पर बच्चों के अच्छे रुपए मिल जाते हैं यह उन्हें बेच देते है। पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त आरोपियों के कब्जे से 2 नवजात बच्चियां बरामद की गई हैं। जिनके परिजनों की जानकारी के बारे में पुलिस टीम द्वारा प्रत्येक माध्यम से हर सम्भव प्रयास किए जा रहे हैं।

बच्चियां इन्हें इनके साथियों ने दिल्ली से चोरी करके दी थी। इन बच्चियों को तीन लाख रुपयों में अलवर में बेचने के लिए डील तय की हुई थी। रुपए कम करने के कारण इनकी डील कैन्सिल हो गई। आरोपियों की पहचान सुरिन्द्र कौर पत्नी दलबीर सिहं निवासी रणजीत ट्रांसपोर्ट नगर अलवर राजस्थान, नेहा पत्नी हेमन्त कुमार निवासी रोहिणी दिल्ली, और हरजिन्द्र सिंह पुत्र अमोलक सिहं निवासी गांव दोगंडी जिला अलवर के रूप में की गई है।

### तीरंदाजी में ऋषभ ने जीता स्वर्ण पदक

**गुरुग्राम।** खेलों के क्षेत्र में प्रदेश सरकार ने विभिन्न स्पर्धाओं में छात्रों के लिए कई सहूलियतें दी हुई हैं, जिनका लाभ छात्र उठा रहे हैं। यही कारण है कि प्रदेश के खिलाड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर पदक प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। सरकार की खेल नीति खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी कर रही है। इसी क्रम में तीरंदाज ऋषभ यादव ने गत दिवस आंध्रप्रदेश में आयोजित फर्स्ट एनटीपीसी जूनियर नेशनल रैंकिंग आर्चरी प्रतियोगिता 2022 में स्वर्ण पदक प्राप्त कर प्रदेश व जिले का नाम रोशन किया है। तीरंदाजी कोच कपिल कौशिक ने बताया कि आंध्रप्रदेश में यह प्रतियोगिता 2 जनवरी से आरंभ हुई थी। जिसमें ऋषभ ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है।

## प्रदेश को आर्थिक मजबूती देने में अहम है राजस्व विभाग

### सरकार की गुड गवर्नेंस पहल के तहत आयोजित किया गया शिविर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मंडलायुक्त** राजीव रंजन ने कहा कि प्रदेश को आर्थिक मजबूती प्रदान करने में राजस्व विभाग का अहम रोल होता है। ऐसे में राजस्व विभाग के अधिकारियों को अपने कर्तव्यों व उनसे जुड़े नियम व कानूनों का पूर्ण ज्ञान होना अत्यंत आवश्यक है। यह बात उन्होंने शनिवार को प्रदेश के राजस्व विभाग के अधिकारियों को कोर्ट वर्क से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण शिविर में कही।



राजस्व अधिकारियों को कोर्ट वर्क के बारे में जानकारी देते मंडलायुक्त राजीव रंजन।

मंडलायुक्त ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा गुड गवर्नेंस पहल को आगे बढ़ाते हुए कर्मचारियों के प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में राजस्व विभाग के अधिकारियों को कोर्ट वर्क से संबंधित विषयों में प्रशिक्षित करने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मानेसर स्थित हरियाणा राज्य औद्योगिक संरचना विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) ऑडिटोरियम में आयोजित शिविर में पूरे प्रदेश से राजस्व विभाग केचुनिंदा तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों को ही आमंत्रित किया गया।

मंडलायुक्त राजीव रंजन ने कोर्ट वर्क पर फोकस करते हुए उससे जुड़े नियम, रिकार्ड का रखरखाव, कानून व जजमेंट्स देने के बारे में बताया। इससे इन अधिकारियों की कार्यकुशलता में सुधार होगा और कोर्ट केसों के निपटारे में अनावश्यक देरी नहीं होगी। मंडलायुक्त ने बताया कि हरियाणा सरकार की प्रशिक्षण पॉलिसी के तहत सभी अधिकारियों की कार्यशैली को गुणवत्तापरक करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर खासा जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उपरोक्त उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए ही तहसीलदारों के लिए यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया था। समय-समय पर आयोजित किए गए इन प्रशिक्षण शिविरों से अधिकारियों की कार्यशैली में सुधार होने के साथ-साथ कोर्ट से संबंधित मामलों में भी वे मजबूती के साथ अपना पक्ष रख सकते हैं।

### मकान का ताला तोड़ नकदी व जेवरात चोरी

**सोहना।** भोंडसी की स्नेह विहार कॉलोनी के बंद मकान का ताला तोड़ कर नकदी और जेवरात चोरी हो गए। पुलिस ने किराएदार की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। स्नेह विहार कॉलोनी भोंडसी में किराए के मकान में रहने वाले रिंकू ने भोंडसी थाना पुलिस को बताया कि 4 जनवरी को वह दोस्त के घर एक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। पांच जनवरी सुबह जब वापस घर आया तो दरवाजे पर लगा ताला टूटा हुआ था। मौके पर पहुंची पुलिस ने मकान के अंदर बिखरा पड़े सामान की जांच की। उसने बाद में अपने सामान को देखा। जिसमें उसे चांदी और सोने से बने करीब एक लाख रुपये के गहने और पांच हजार रुपये गायब मिले।

## कई जगह फिर भरा बारिश का पानी, लोग परेशान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शुक्रवार** की रात से शनिवार दिनभर रुक-रुककर बरसात होती रही। इस बरसात ने प्रशासन के दावों की फिर से पोल खोली। सीवरेज और नाले गंदगी से अटे पड़े थे, इसलिए बरसात का पानी सड़कों, गलियों में भरा रहा।

बारिश ने गुरुग्राम शहर के कई क्षेत्रों को प्रभावित कर दिया। हल्की बारिश के कारण भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों की सड़कों पर जलभराव की समस्या का सामना शहरवासियों को करना पड़ रहा है। बसई गांव निवासी राजेश शर्मा ने बरसात से जलभराव की तस्वीरें उपलब्ध कराते हुए कहा कि गांव के बाहर शमशान घाट रोड, कम्युनिटी सेंटर के सामने काफी पानी भर गया।

नाले और सीवरेज चॉक थे। महावीरपुरा निवासी एडवोकेट अरुण शर्मा ने बताया कि बारिश के कारण शहर की गलियों एवं सड़कों पर पानी

### सीवरेज, नाले गंदगी से अटे होने के कारण सड़कों पर भरा रहा पानी

भरा हुआ है। पुराने शहर में बरसाती पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण लोगों को इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

लोगों का कहना है कि जीएमडीए व नगर निगम ने करोड़ों रुपए ड्रेनेज की व्यवस्था पर खर्च कर दिए हैं, लेकिन फिर भी बनाए गए बरसाती नालों का कोई फायदा नहीं हुआ। ये नाले गंदगी से भरे पड़े हुए हैं, उनकी सफाई तक भी नहीं कराई गई है। जगह-जगह बारिश का पानी भरा हुआ देखा जा सकता है। जिस कारण से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर के



गुरुग्राम के बसई गांव में भरा बरसाती पानी।

जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। सीवरेज की समस्या शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आज भी बनी हुई है। इनका स्थायी समाधान नहीं निकलता दिखाई दे रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री व प्रशासनिक अधिकारियों से आग्रह किया है कि नालों की सफाई के लिए संयुक्त रुप से अभियान चलाया जाए। नालों पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। निगम पार्षदों को भी अपने-अपने क्षेत्र में स्थायी व्यवस्था बनाने के लिए प्रयास करने चाहिए।

### बारिश का पानी सडकों पर भरा, सफाई व्यवस्था की खुली पोल

**सोहना।** शुक्रवार देर रात से रुक-रुककर हुई बारिश से आम रास्ते और मुख्य मार्गों पर जलभराव हो गया। शहर में नालों का पानी सड़कों पर जमा होने से परिषद की सफाई व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। खेतों में फसलों को नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है। शुक्रवार देर रात से शुरू हुई बारिश शनिवार को भी शांत नहीं हुई। बारिश ने मार्केट कमेटी और नगर परिषद द्वारा हर माह सफाई व्यवस्था पर खर्च की जाने वाली लाखों रुपये की पोल खोल दी। शहर में बरसाती नालों का पानी सड़का पर आ गया। जिससे लोगों को पैदल निकलना मुश्किल हो गया। अनाज मंडी परिसर में कूड़े ने कीचड़ का रूप ले लिया। शहर में हर माह सफाई व्यवस्था में लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं। परिषद के कर्मियों द्वारा बरसाती व गंदे पानी के नालों की खानापूर्ति के नाम पर की जाने वाली सफाई की पोल खुल गई। जब नालों का पानी आम रास्ता व सड़कों पर आकर जमा हो गया। शहर के बालूदा मार्ग, अस्पताल मार्ग, बस स्टैंड के सामने, अग्रसैन चौक, सब स्टैंड मार्ग, देवी माता मंदिर रास्ता, मंगलनगर आदि स्थानों पर बरसात का पानी नालों से बाहर आ गया। मंगलनगर में एक बार फिर बारिश का पानी घरों में घुस गया।



सोहना के बालूदा मार्ग पर जमा बारिश का पानी।

# ....31 दिसंबर जाते ही कचरे से भर गया नाला

## नाले में कचरे का ढेर दिखा रहे स्मार्ट सिटी के अधिकारियों की कार्यशैली का नमूना

कविता। फरीदाबाद


पर्वतीया कॉलोनी और संजय कॉलोनी के बीच गौंछी ड्रेन।

**जिले** को गत 31 दिसंबर तक पूरी तरह स्वच्छ बनाने के दावे नगर निगम द्वारा किए गए, लेकिन 31 दिसंबर समाप्त होने के बाद भी लगातार नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान की पोल शहर में मौजूद गौच्छी ड्रेन की हालत खोल रहा है। शहर के प्रमुख और सबसे बड़े नाले में जहां बरसात के बाद पानी भर गया। वहीं दूसरी तरफ नाला पूरा कचरे के ढेर से भर गया है। जिस पर पर्वतीय कॉलोनी के डिस्पोजल चौक के आसपास रहने वाले लोगों और वहां के दुकानदारों ने निगमायुक्त यशपाल यादव से एक ही सवाल किया, कि 31 दिसंबर याद है का नारा क्या 2021 समाप्त होने तक ही सीमित था। क्या अब एक बार फिर से शहर से निकलने वाला कचरा नाले में जाएगा। वहीं दूसरी तरफ नाले के निकट कचरे को अलग करने के लिए लगाई गई मशीन दिखावटी बनकर रह गई है। इससे पहले भी यह नाला कचरे के कारण ओवरफ्लो हो गया था। जिससे नाले का गंदा पानी सेक्टर 52 में भर गया था।

### दिखावे की मशीन

**करीब** डेढ़ साल पहले इस नाले से प्रतिदिन गंदगी को बाहर करने के लिए, लाखों रुपये की एक मशीन लगाई गई थी। जिसका शुभारंभ केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और पूर्व डीसी उपायुक्त रहे निगमायुक्त यशपाल यादव ने मिलकर किया था, लेकिन यह मशीन कुछ समय बाद ही खराब हो गई। लाखों रुपये की मशीन लगाने के बाद भी नाला गंदगी के ढेर से अटा पड़ा है।

### साफ शहर का गंदा नाला

**नगर** निगम आयुक्त यशपाल यादव द्वारा पूरे शहर में स्वच्छता अभियान को बढ़ावा देते हुए शहर में मौजूद कचरे को बाहर करने का अभियान चलाया गया था। जिसमें कचरे के अलावा शहर में अवैध रूप से सड़कों पर बने अतिक्रमण हटाने की बात कही थी। लेकिन 31 दिसंबर 2021 के बाद कुछ विशेष स्थानों पर ही कर्मचारियों ने काम किया है। बाकी शहर की तरफ किसी तरह का कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिसके कारण शहर में कुछ स्थान तो साफ हो गए, लेकिन दिखावे की सफाई करने की वजह से गौंछी ड्रेन ज्यादा गंदगी से अट गई है। यदि जल्दी ही इसकी सफाई नहीं की तो इसे ओवरफ्लो होने में देर नहीं लगेगी।

## महिला को घायल कर फरार हुआ चोर

**फरीदाबाद।** पर्वतीय कॉलोनी में चोरी की नीयत से घुसे चोर ने घर में सो रही महिला के गले पर तेजदार हथियार से वार कर घायल कर दिया। महिला को उपचार के लिए बादशाह खान अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पर्वतीय कालोनी निवासी शौकत अली ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रात वह परिवार के साथ सोया हुआ था। रात करीब 3 बजे कोई व्यक्ति छत के रास्ते से उनके घर में दाखिल हुआ। एक कमरे में शौकत अली और उसकी पत्नी रुकसाना सोए हुए थे। रुकसाना की आंख खुल गई। चोर ने पकड़े जाने के डर से रुकसाना के गले पर तेज धार हथियार से चोट मार दी। उसकी चीख सुनकर शौकत अली जाग गया। यह देख चोर भाग गया।

## संक्षिप्त समाचार

### क्रिएटिव लेखन, निबंध एवं पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता



**फरीदाबाद।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पाली फरीदाबाद एवम एनसीईआरटी के आदेशानुसार नेशनल पॉपुलेशन एजुकेशन प्रोजेक्ट के अंतर्गत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एन आई टी तीन फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और गाइड्स सदस्य छात्राओं ने विभिन्न विषयों जैसे कोविड 19, पर्यावरण संरक्षण, एच आईवी एड्स, लड़का-लड़की के लिए समान अवसर, भ्रूणहत्या उन्मूलन, किशोरों में स्वस्थ संबंध, नशे के कारण और प्रभाव, बड़ों की देखभाल और समान अवसर, नशाबंदी एवं किशोरों में आकर्षण और चुनौतियां विषयों पर निबंध लेखन, पोस्टर बनाओ और क्रिएटिव अर्थात रचनात्मक लेखन प्रतियोगिताएं करवाई गई। विद्यालय की रविंद्र कुमार मनचंदा, एक्टिविटिज कॉर्डिनेटर गणित प्राध्यापिका डॉक्टर जसनीत कौर एवं अंग्रेजी प्राध्यापिका शर्मीला ने बालिकाओं को इन सभी प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया। विद्यालय की छात्राओं प्रियांशी, निशा, संध्या, अंजली, भूमिका, दिशा, पल्लवी, खुशबू, दीपिका, ऋतु, शालू, खुशबू, सुमन, प्रीति, अंजना सिया सहित अन्य बालिकाओं ने इन प्रतियोगिताओं में भागीदारी की। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि निबंध लेखन में कक्षा नवम से बारह वर्ग में दीपिका को प्रथम, निशा को द्वितीय और प्रियांशी को तृतीय घोषित किया गया। पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में निशा को प्रथम, संजना को द्वितीय और प्रीति को तृतीय घोषित किया जब कि क्रिएटिव राइटिंग में सिया, संजना और पायल को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय घोषित किया गया। इसी प्रकार कक्षा आठ के वर्ग में डॉली, समा खान और पायल को निबंध, पोस्टर और क्रिएटिव लेखन में प्रथम, सोनिया, तनु और रजनी को द्वितीय तथा नीतू, काजल और खुशी को तृतीय स्थान पर घोषित किया गया। प्राचार्य मनचंदा ने संयोजन के लिए सभी बालिकाओं और अध्यापकों जसनीत कौर, शर्मीला, मुख्याध्यापिक पूनम एवं अंशुल का अभिनंदन किया।

### रविंद्र फागना ने 239 रन से जीता मैच

**फरीदाबाद।** मोहन क्रिकेट अकादमी मैदान बलियावास गुरुग्राम में खेले गए प्रैक्टिस मैच में रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी ने डायमेंशनल क्रिकेट अकादमी को 239 रन से हराया। बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में सात विकेट पर 320 रन बनाए। मृदुल ने 56 रन, ऋषभ ने 55 रन, अनुराग प्रजापति ने 52 रन, सागर कुशवा ने 50 रन, ध्रुव ने 33 रन, दीपांशु भड़ाना ने 28 रन बनाए। श्री डायमेंशनल क्रिकेट अकादमी के केस बेदी ने दो विकेट, दक्ष और लेवांते और दिव्यांशु ने एक-एक विकेट ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए श्री डायमेंशनल क्रिकेट अकादमी ने 30 ओवर में 10 विकेट में 81 रन ही बना सकी। नेस बेदी ने 15 रन, अभीर ने 9 रन बनाए। वंशज भाटिया और जतिन अग्रवाल ने 3-3 विकेट, मोहम्मद ने एक विकेट ली। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सागर कुशवा को दिया गया।

### साई धाम में वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन

**फरीदाबाद।** शिरडी साई बाबा टैम्पल सोसायटी, सेक्टर 86 में बीके हॉस्पिटल के सिविल सर्जन फरीदाबाद के सहयोग से कोविड 19 टीकाकरण कैंप का आयोजन किया। वैक्सीनेशन 18 प्लस और 45 प्लस की आयु वर्ग को लगाया गया। कुल 301 व्यक्तियों को कोविड-19 का टीका लगाया। कैंप को प्रिंसिपल बीनू शर्मा, केए पिल्लै, बिजेन्द्र कुमार पांडे, विकास राय, वैशाली शर्मा, जय त्रिपाठी आदि ने सुचारू रूप से संभाला। मेडिकल टीम ने टीकाकरण के प्रबंध की सराहना की और टीका लगवाने जो व्यक्ति आये उनकी भी अच्छे से देखभाल की गई। शिरडी साई बाबा टैम्पल सोसाइटी के अध्यक्ष डा. मोतीलाल गुप्ता ने कहा कि साई धाम हमेशा से ही सामाजिक और धार्मिक कार्य में आगे रहता है। संस्था कोविड वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन समय-समय पर करता रहा है। अगला कोविड कैंप 14 जनवरी 2022 को आयोजित किया जाएगा। कैंप का समय प्रातः10 बजे से 3 बजे तक रहेगा।

### सरकार द्वारा जारी कोरोना नियमों का करें पालन

**बल्लभगढ़।** हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कोरोना के बढ़ते प्रकोप के चलते और सरकार द्वारा जारी कोविड नियमों के मद्देनजर समस्त बल्लभगढ़ वासियों और प्रदेश वासियों से अपील है कि वे उनसे संबंधित अपने कार्यों के लिए, उनके मोबाइल नंबर पर ही संपर्क करें। आपकी समस्या का समाधान मोबाइल से भी किया जायेगा। कार्यालय पर आने का कष्ट कम करें। परिवहन मंत्री की सभी से अपील है कि बेवजह घरों से बाहर न निकले, सरकार द्वारा जारी कोविड के नियमों का पालन करें। वे स्वयं और अपने समस्त स्टाफ के साथ फोन पर आप सभी की सेवा में हमेशा हाजिर है। उन्होंने बताया कि संपर्क सूत्र मूलचन्द शर्मा परिवहन मंत्री 9811556272, टिपरचंद शर्मा भाजपा नेता 9891313335, राजेश शर्मा आफिस 8586023189, बृजमोहन शर्मा ऑफिस 9999064813, अशोक शर्मा ऑफिस 9812576506 व जोगेंद्र रावत ऑफिस 9811956392 फोन नम्बर पर आपकी समस्या का समाधान तुरन्त प्रभाव से किया जाएगा।

### परिजनों से नाराज होकर घर से निकली युवती बरामद

**फरीदाबाद।** थाना आदर्श नगर की टीम ने घर से लापता हुई 24 वर्षीय लड़की को सकुशल बरामद कर के परिजनों के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है। 28 दिसंबर 2021 को लड़की के परिजनों ने थाने आकर शिकायत देते हुए बताया था कि उनकी 24 वर्षीय लड़की घर से बिना बताए कहीं चली गई है। परिजनों की शिकायत पर थाने में मुकदमा दर्ज करके लड़की की तलाश शुरू की गई। फरीदाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच कैट टीम में शामिल हवलदार जफर, सिपाही चांद तथा महिला सिपाही पूनम ने थाना पुलिस के साथ मिलकर कड़ी मशक्कत करते हुए तकनीकी की सहायता से लड़की को फरीदाबाद के खेड़ीपुल एरिया से सकुशल बरामद कर लिया। लड़की पूछताछ करने पर उसने ने बताया कि वह 9वीं कक्षा तक पढ़ी हुई है। उसके परिजन उसे किसी न किसी बात को लेकर डांटते रहते हैं जिसकी वजह से वह घर छोड़कर चली गई थी। पहले वह काफी समय तक दिल्ली और गुडगांव में इधर-उधर घूमती रही और बाद में थक हारकर आखिर में फरीदाबाद में अपनी सहेली के पास आ गई थी। पुलिस टीम ने माता-पिता को लड़की के साथ लड़ाई झगड़ा न करने तथा उसे प्यार से समझाकर अपने साथ रखने की हिदायत के साथ ही लड़की को परिजनों के हवाले कर दिया। लड़की के परिजन अपनी बेटी को वापस पाकर बहुत खुश हुए और उन्होंने पुलिस टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया।

### कोरोना मृतकों के परिजनों को 50 हजार की सहायता

**फरीदाबाद।** राज्य में विश्वव्यापी महामारी कोविड-19 के कारण हुई मृत्यु के मामलों में सरकार ने मृतक के परिजन को 50 हजार रुपए की अनुग्रह सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया है। इसके लिए, आवेदक को अंत्योदय सरल पोर्टल- http://saralharyana.gov.in/ पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा इस सेवा को परिवार पहचान पत्र से एकीकृत करते हुए इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। आवेदक को अपने आवेदन के साथ अपने परिजन की मृत्यु प्रमाण पत्र व चिकित्सा उपचार के प्रमाण पत्र की एक प्रति लगानी होगी। उन्होंने बताया कि आवेदन करने के 30 दिनों के अंदर आवेदन दावों का निपटारा किया जाएगा और लाभार्थी के बैंक खाते में सहायता वितरित की जाएगी। इस मामले में जनता की शिकायतों के समाधान के लिए सरकार ने जिला स्तर पर दो शिकायत निवारण समितियों का भी गठन किया है। पीड़ित व्यक्ति अपनी शिकायतों के लिए संबंधित उपायुक्त या अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालयों में शिकायत प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदक को अंत्योदय सरल पोर्टल पर क्लिक करके पोर्टल के होमपेज पर 'मृतकों के परिजनों को कोविड-19 द्वारा अनुग्रह सहायता' की योजना ढूंढे और उपलब्ध है। पोर्टल पर मोबाइल/कंप्यूटर से ओटीपी जनरेट करके और विभिन्न दस्तावेजों को अपलोड करके आवेदन करना होगा।

# बकाया न जमा होने पर लीज रद्द कर सम्पत्ति कब्जे में लेगा नगर निगम

## निगम आयुक्त से कराधान अधिकारियों को बैठक में दिए कई आदेश

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


नगर निगम में अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते निगमायुक्त यश पाल यादव।

**नगर** निगम आयुक्त यशपाल यादव ने निगम के विभिन्न स्रोतों से हो रही आय पर विचार-विमर्श के लिये शुक्रवार को सभी क्षेत्रिय एवं कराधान अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में अतिरिक्त आयुक्त, सभी संयुक्त आयुक्त, मुख्य योजनाकार, वित्तीय नियंत्रक, लेखा अधिकारी, वरिष्ठ आर्किटेक्ट तथा क्षेत्रीय एवं कराधान अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में पीपीटी द्वारा विभिन्न स्रोतों से होने वाली आय की वार्षिक मांग और अब तक की हुई वसूली के बारे में विवरण दर्शाये गए। इन विवरणों का अध्ययन करने के बाद आयुक्त ने प्रत्येक क्षेत्रीय एवं कराधान अधिकारी द्वारा उनके क्षेत्र में की गई वसूली के बारे गंभीरता से विचार किया और उन्होंने कहा कि जो बचे हुए यूनिट है उनसे किस प्रकार वसूली करोगे आगे क्या प्लान बनाया है। इस पर सभी क्षेत्रिय एवं कराधान अधिकारियों ने अपने-अपने प्लान की जानकारी दी।

मीटिंग में सभी क्षेत्रिय एवं कराधान अधिकारियों ने निगमायुक्त को बताया कि हमारे पास स्टाफ की कमी है। इस पर निगमायुक्त ने एक-दो दिन मुहैया करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ती है तो सभी ब्रांच के कर्मचारियों को साथ लेकर नोटिस बंटवाने के लिए एक विशेष अभियान भी चला देंगे। आयुक्त ने सभी अधिकारियों को सचेत किया कि 31 मार्च 2022 तक तमाम बकायाजात की संबंधित अधिकारी द्वारा वसूली सुनिश्चित की जाए। बैठक में आयुक्त ने स्पष्ट किया कि कोई भी कर्मचारी अगर काम नहीं करता तो उसके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए और मेरे पास उसकी रिपोर्ट भेजी जाए।

आयुक्त ने पट्टे, किराये पर दी गई दुकानों के बकायाजात की वसूली के बारे भी सभी संबंधित अधिकारियों को आदेश दिये कि यदि वे अपने-अपने बकायाजात सरकार की नीति के अनुसार नहीं जमा कराते तो उनके पट्टे आदि रद्द करने के बारे में कार्यवाही की जाए। ऐसी सभी इकाइयों को नगर निगम अपने कब्जे में लेकर नीलाम करे। मीटिंग में निगमायुक्त ने सभी क्षेत्रिय एवं कराधान अधिकारियों को यह निर्देश दिए कि जिन इकाइयों को आपने सील किया है और वह निगम में पैसे जमा नहीं करवा रहे है तो उन इकाइयों की पूरी जानकारी वरिष्ठ वास्तुकार को नीलामी के लिए भेजे।

मीटिंग में वरिष्ठ वास्तुकार ने जिन साइटों की नीलामी करनी है उसके बारे में विस्तृत पूर्वक जानकारी दी और निगमायुक्त ने कहा कि नीलामी के बारे में सोशल मीडिया में प्रिंट मीडिया द्वारा प्रतिदिन प्रचार किया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसमें शामिल हो सकें।

निगमायुक्त ने मीटिंग में पानी-सीवरेज की रिकवरी पर नाराजगी जताई और कहा कि जल्द से जल्द पानी-सीवरेज के बकायाजात की रिकवरी में तेजी लाई जाए और उनको नोटिस देकर प्रतिदिन पानी-सीवरेज-प्रॉपर्टी की रिकवरी की रिपोर्ट आयुक्त कार्यालय में दें। निगमायुक्त ने सभी उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए सभी ब्रांच अधिकारी 31 जनवरी तक अपना बजट परपोजल वित्तीय शाखा में भिजवा दें ताकि इसे समय पर पास कराया जा सके।

# युवती की हत्या के आरोप में कथित चाचा गिरफ्तार

## आरोपी 3 दिन के पुलिस रिमांड पर, हत्या के मामले में गहनता से पूछताछ की आवश्यकता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


हत्या के आरोप में गिरफ्तार बुजुर्ग को अदालत में पेश करने ले जाते पुलिस कर्मी।

**आपको** बता दें कि 31 दिसंबर की रात मृतक युवती के परिजनों ने पुलिस थाना ओल्ड में युवती के लापता होने की शिकायत दी। शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। पांच जनवरी को आरोपी ने फोन करके युवती के परिजनों को बताया कि उसने युवती की हत्या कर उसका शव सेक्टर 17 नहर पुल के पास झाड़ियों में फेंक दिया है। पुलिस ने बताए स्थान से युवती का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया और आरोपी की धरपकड़ के लिए कई स्थानों पर रेड डाली परंतु पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए आरोपी लगातार प्रयासरत रहा परंतु सफल नहीं हो पाया।

पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा द्वारा मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए आरोपी की धरपकड़ के लिए दिए गए निर्देश के तहत एसीपी क्राइम सुरेंद्र श्योराण को मामले की जिम्मेदारी सौंपी गई। एसीपी क्राइम की अगुवाई में गठित की गई टीम ने पुलिस टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपी को फरीदाबाद के वजीरपुर मास्टर रोड से काबू किया गया।

प्राथमिक पूछताछ में फरीदाबाद के जसाना निवासी 54 वर्षीय आरोपी सिंहराज ने बताया कि वह सिटी हॉस्पिटल में गार्ड की नौकरी करता है। युवती पलवल के थाना चांदहट एरिया की रहने वाली है और भूपानी में उसका ननिहाल है जहां वह काफी समय से अपने नाना नानी के पास ही रह रही थी। आरोपी तथा युवती के नाना नानी करीब 10 साल से एक दूसरे को जानते थे। 31 दिसंबर को जब युवती ओल्ड सब्जी मंडी से ऑटो में बैठकर चली तो आरोपी ने उसे 17-18 के चौक पर बुला लिया। वहां से आरोपी में युवती को साइकिल पर बैठाकर नहर के पास झाड़ियों में ले गया और वहां पर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

# आईटीआई के बाद उद्यमी बनने वाले होंगे सम्मानित : शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


मूलचंद शर्मा।

**प्रदेश** के कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री मूलचंद शर्मा ने बताया कि इसके लिए एक नई योजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके तहत जिला स्तर पर तीन श्रेष्ठ उद्यमियों को 'उद्यमी अवॉर्ड' क्रमशः 10000 रुपये, 7500 रुपये और 5000 रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

हरियाणा सरकार ने प्रदेश के युवाओं में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के मकसद से प्रदेश में स्थित सरकारी और निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से आईटीआई कोर्स पास करने के बाद उद्यमी बनने वाले उम्मीदवारों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। योजना का मकसद हरियाणा राज्य की आईटीआई संस्थानों से पास युवाओं को नौकरी तलाशने की अपेक्षा अपना रोजगार शुरू करने की ओर अग्रसर होने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने बताया कि यह पुरस्कार हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किया जाएगा। मंत्री शर्मा ने बताया कि जिला स्तर के इन सभी 66 उद्यमी अवॉर्ड विजेताओं में से तीन उद्यमियों को आगामी 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जाएगा। पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले उम्मीदवारों को क्रमशः 50,000 रुपये, 40000 रुपये और 30000 रुपये का राज्य स्तरीय नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

# कोरोना : 480 पॉजिटिव में एक चिकित्सक दो कर्मचारी और पूर्व विधायक शामिल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


कोरोना की जांच करवाता युवक।

**जिले** में शनिवार को एक बार फिर 480 पॉजिटिव सामने आए हैं। जिसमें एक वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी के अलावा दो एमपीएचडब्ल्यू कर्मचारी और एक पूर्व विधायक के पॉजिटिव आने की सूचना है। जिसमें वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी बीके अस्पताल की ओपीडी से है। एक 40 वर्षीय एमपीएचडब्ल्यू कर्मचारी अनंगपुर पीएचसी से है। दूसरा 45 वर्षीय एमपीएचडब्ल्यू कर्मचारी ईएसआई तीन से पॉजिटिव पाया गया है।

जिले में एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 2085 पर पहुंच गया है। जिसमें 57 मरीज अस्पतालों में हैं। जिसमें 12 ऑक्सीजन और दो मरीज वेंटीलेटर पर है। 2028 मरीज होम आईसोलेशन में है। वहीं जिले में 43 रोगियों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 97.26 प्रतिशत पर पहुंच गया है। पिछले 24 घंटे में 4022 सैम्पल जांच किए गए। जिसमें फिलहाल सरकारी प्रयोगशाला के 3264 सैम्पल और निजी प्रयोगशालाओं के 1162 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष है।

### यहां से पॉजिटिव

**480 पॉजिटिव** में सेक्टर-58 से 1, एसजीएम नगर से 6, सेक्टर-77 से 2, सेक्टर-28 से 25, सेक्टर-31 से 6, सेक्टर-30 से 2, सेक्टर-37 से 13, सेक्टर-82 से 19, सेक्टर-88 से 15, सेक्टर-76 से 6, सेक्टर-86 से 14, सेक्टर-85 से 2, सेक्टर-78 से 3, सेक्टर-84 से 3 मरीज है। वहीं सेक्टर-89 से 1, सेक्टर-21 से 45, सेक्टर-22 और 23 से 3-3 मरीज है। चार्मवुड विलेज से 11, शिव दुर्गा विहार से 5, जवाहर कॉलोनी से 4, सेक्टर-29 से 7, सेक्टर-91 से 3 मरीज है।

डबुआ कॉलोनी से 5, सेक्टर-55, 49, एनएच-4 और 5 से 4-4 मरीज है। वहीं सैनिक कॉलोनी से 11, एनएच-तीन से 9, सेक्टर-16 से 26, सेक्टर-17 से 20, सेक्टर-19 से 12, आईपी कॉलोनी से 8, सेक्टर-31 से 5, सेक्टर-15 से 36, सेक्टर-14 से 32, सेक्टर-9 से 17, सेक्टर-11 से 5, सेक्टर-10 से 9, ग्रीन फिल्ड कॉलोनी से 12, सेक्टर-31 से 10, ग्रीन वैली से 3 मरीज है। वहीं अन्य एरियो से 45 मरीज शामिल है।

# सड़क सुरक्षा सप्ताह : रैली निकाल कर किया जागरूक

## ऑटो ड्राइवर, ट्रक ड्राइवर सहित आमजन को ट्रैफिक नियमों एवं कोविड गाइडलाइन का पालन करने के लिए किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


मथुरा रोड रैली निकाल कर लोगों को ट्रैफिक के नियमों के प्रति जागरूक करते ट्रैफिक पुलिस के जवान।

**हरियाणा** पुलिस द्वारा मनाए जा रहे 33वें सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतिम दिवस पर डीसीपी ट्रैफिक सुरेश हुड्डा के निर्देश पर एसीपी ट्रैफिक पृथ्वी सिंह के मार्गदर्शन तथा एसएचओ ट्रैफिक, एडिशनल एसएचओ ट्रैफिक और ट्रैफिक थाना वीरेंद्र की अगुवाई में ट्रैफिक पुलिस की टीम द्वारा बाटा से अजरोंदा चौक तक ट्रैफिक जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर आरएसओ अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया।

एक से सात जनवरी 2022 तक मनाए गए सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत फरीदाबाद की ट्रैफिक पुलिस तथा रोड सेफ्टी अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर जाकर नागरिकों, वाहन चालकों, ऑटो यूनियन तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों को यात्रा करते समय सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में अवगत करवाकर उन्हें ट्रैफिक नियमों की पालना करने के लिए प्रोत्साहित किया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि फरीदाबाद में इंडस्ट्रीज की संख्या बहुत अधिक है जिसकी वजह से फरीदाबाद में वाहनों का आवागमन भी बहुत अधिक होता है। बहुत अधिक फैक्टियां होने की वजह से यहां पर रोजगार के अवसर भी ज्यादा है इसलिए दूरदराज क्षेत्रों से बहुत लोग यहां पर आकर अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं जिसकी वजह से भी सड़क पर यातायात का घनत्व बहुत अधिक हो जाता है। दिन प्रतिदिन बढ़ते यातायात की वजह से शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है जिससे निपटने के लिए फरीदाबाद की ट्रैफिक पुलिस का हमेशा से बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। गर्मी, सर्दी, धूप, बारिश किसी भी प्रकार के मौसम में ट्रैफिक पुलिस यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए पूरा प्रयास करती है। परंतु इसके साथ ही नागरिकों को यातायात के प्रति जागरूक होना अति आवश्यक है। नागरिकों को भी इस बात का ध्यान होना चाहिए कि यात्रा करते समय वह किसी भी प्रकार की ट्रैफिक समस्या उत्पन्न होने का कारण न बने। इसी को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने शहर के चौक चौराहों पर जाकर नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने के बारे में जागरूक किया। नागरिकों की सुरक्षा के लिए यातायात पुलिस कड़ी मशक्कत के साथ दिन रात 24 घंटे अपनी ड्यूटियां देती है इसलिए नागरिकों को भी चाहिए कि वह यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने में पुलिस का सहयोग करें।

ट्रैफिक नियमों का पालन न करने पर वाहन चालकों के चालान काटकर उन्हें दंडित किया जाता है। यदि बीते वर्ष फरीदाबाद पुलिस के आंकड़ों पर नजर डालें तो फरीदाबाद पुलिस ने पिछले वर्ष 138356 चालान काटे थे जिनसे 7 पॉइंट 78 करोड़ का रास्ता प्राप्त हुआ था। काटे गए इन चालानों में मुख्यतः 29065 चालान ओवरस्पीडिंग, 22736 रॉन्ग साइड ड्राइविंग, 21941 चालान बिना हेलमेट यात्रा करने, 8878 चालान रॉन्ग पार्किंग, 6810 नंबर प्लेट, 2597 प्रदूषण, 3198 चालान बिना सीट बेल्ट यात्रा करने के शामिल है।

# बरसात से शहर के कई इलाकों में रहा घंटों बिजली कट

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


एसटीपी को पानी से बचाने के लिए पॉलीथिन से दिया ढक।

**रात** ढाई-तीन बजे से हो रही बरसात के कारण जहां एक तरफ सड़कें पानी-पानी हो गई। वहीं कई इलाकों में बिजली आपूर्ति करीब पांच से आठ घंटे पूरी तरह से ठप हो गई। जिससे के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जहां एक तरफ सड़कों पर पानी था, तो बिजली न होने के कारण घरों में पानी की किल्लत हो गई।

सबसे अधिक समस्या एनआईटी, ओल्ड फरीदाबाद और ग्रेटर फरीदाबाद जोन में सामने आई है। वहीं सीवर ट्रीटमेंट प्लांट में बरसात का पानी भर जाने से पैदा हुए फाल्ट के कारण लगभग 18 से 20 फिडरों और सेक्टर 25 के पावर हाउस में फाल्ट आ गया। जिस कारण जिले में मौजूद कुछ इलाके लगभग 5 घंटे से अधिक समय तक अंधेरे में डूबे रहे। सेक्टरवासियों ने बताया कि यहां की जिम्मेवारी ठेकेदार को दे रखी है। जो अपने कर्मचारियों को समय पर सैलरी भी नहीं देता। कितने कर्मचारी हैं, कितने टेक्निकल सुपरवाइजर, फोरमैन या इलेक्ट्रीशियन हैं। इसकी जानकारी किसी के पास नहीं है।

**रात 2 से सुबह 8 तक कट :** हुडा विभाग द्वारा बसाए गए सेक्टर 55 फरीदाबाद में रात्रि 2 बजे से सुबह 8 बजे तक लाइट गुल रही। कब आएगी किसी भी अधिकारी के पास कोई उचित जवाब नहीं था। ना तो पावर हाउस को पता था, ना सेक्टर 23 के कंट्रोल रूम में कोई सूचना थी। कैसा सिस्टम बनाया है।

# अदालत के कर्मचारियों का रिश्वत मांगना अस्वीकार्यः उच्चतम न्यायालय

भाषा। नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने कहा है कि अदालतों में काम करते हुए रिश्वत के रूप में पैसे की मांग करना अस्वीकार्य है। न्यायालय ने कहा कि न केवल न्यायाधीशों पर बल्कि वहां कार्यरत लोगों पर भी बहुत उच्च मानक लागू होते हैं। उच्चतम न्यायालय ने एक ऐसे व्यक्ति को दी गई सजा को संशोधित करते हुए यह टिप्पणी की जो बिहार में एक जिला अदालत में तैनात था और एक मामले में आरोपी को बरी करने के लिए 50,000 रुपए की मांग करने के आरोप में उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। न्यायमूर्ति एएम खानविलकर और न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार की पीठ को अपीलकर्ता की ओर से पेश वकील ने बताया कि पिछले 24 वर्षों से उस व्यक्ति ने बेदाग सेवा की और उसके खिलाफ यह पहला आरोप था।

पीठ ने कहा, आप (अपीलकर्ता) अदालत में काम कर रहे थे और पैसे की मांग कर रहे थे...। उसने कहा कि अपीलकर्ता ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया था। उच्चतम न्यायालय पटना उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ के जनवरी 2020 के उस आदेश के खिलाफ उस व्यक्ति द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही था, जिसमें एकल न्यायाधीश पीठ के फैसले के खिलाफ उसकी याचिका को खारिज कर दिया गया था। एकल न्यायाधीश ने जनवरी 2018 में उस व्यक्ति को दी गई सजा में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था, जो पहले औरंगाबाद में एक अदालत के एक पीठासीन अधिकारी के कार्यालय में तैनात था। उच्चतम न्यायालय के समक्ष दलीलों के दौरान, अपीलकर्ता के वकील ने कहा कि उस व्यक्ति को 2014 में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था और उसे दी गई सजा बेहद सख्त थी। पीठ ने कहा, सख्त क्यों कहते हैं? यह जांच के बाद दी गई है ना? वकील ने कहा कि अपीलकर्ता को जांच अधिकारी ने पहली जांच में बरी कर दिया था। उन्होंने कहा कि बाद में, एक नई विभागीय कार्वाई शुरू करने का निर्देश दिया गया था। पीठ ने कहा, अपीलकर्ता ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। यही निष्कर्ष है। उसने कहा, यदि आप अपना अपराध स्वीकार करते हैं, तो और क्या किया जा सकता है, हमें बताएं। जब अपीलकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि यदि संभव हो तो सेवा बहाल की जाए, तो पीठ ने कहा कि बहाली का कोई सवाल ही नहीं है। पीठ ने मौखिक रूप से कहा, अदालत में काम करना और पैसे की मांग करना अस्वीकार्य है।

## ओबीसी कोटा पर न्यायालय के फैसले का अन्नाद्रमुक ने किया स्वागत

**चेन्नई।** तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक ने उच्चतम न्यायालय के उस आदेश का शनिवार को स्वागत किया जिसमें चिकित्सा प्रवेश परीक्षाओं में अखिल भारतीय कोटा सीटों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का 27 प्रतिशत आरक्षण बरकरार रखा गया है। पार्टी ने दावा किया कि शीर्ष अदालत का यह निर्णय कोटा के मुद्दे पर किए गए संघर्ष की विजय है। राज्य के मुख्य विपक्षी दल ने अपनी प्रतिद्वंद्वी पार्टी द्रमुक की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि उसे इसका श्रेय नहीं लेना चाहिए क्योंकि उसने ओबीसी कोटा के मुद्दे पर तनिक भी कोशिश नहीं की। अन्नाद्रमुक के समन्वयक ओ. पन्नीरसेल्वम और संयुक्त समन्वयक के. पलानीस्वामी ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) को 10 प्रतिशत कोटा देने का विरोध करने का भी संकल्प लिया। एक संयुक्त बयान में दोनों नेताओं ने कहा कि उच्चतम न्यायालय का शुक्रवार का आदेश, ओबीसी कोटा पर पार्टी की लंबे समय से लंबित मांग की विजय है।




गुवाहाटी में निमती घाट नाव दुर्घटना पीड़ितों के परिवार के सदस्यों को नियुक्ति पत्र सौंपते असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा

# चुनाव अधिसूचना की पूर्व संध्या पर सरकार के खिलाफ कांग्रेस के आरोप पत्र का क्या करें : राज्यपाल

भाषा। पणजी

**गोवा** के राज्यपाल पी एस श्रीधरन पिल्लई ने प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ आरोपपत्र देने की कोशिश करने पर विपक्षी कांग्रेस पर तंज कसते हुए शनिवार को सवाल किया कि क्या वह इस तरह के दस्तावेज प्राप्त करने के लिए न्यायाधीश हैं या कानून में इसकी कोई वैधता है। प्रदेश कांग्रेस के नेताओं के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम और कन्हैया कुमार शुक्रवार को आरोपपत्र पेश करने के लिए राजभवन तक गए लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया क्योंकि राज्यपाल वहां मौजूद नहीं थे।

शनिवार को संवाददाताओं से बातचीत में राज्यपाल ने कहा, मैंने सुना है कि कुछ आरोप पत्र दिया गया है। इसके आधार पर राज्यपाल चुनाव अधिसूचना की पूर्व संध्या पर क्या कर सकता है (चुनाव आयोग ने शनिवार को घोषणा की कि गोवा में विधानसभा चुनाव 14 फरवरी को होंगे)? पिल्लई ने कहा, कानून के तहत आरोप पत्र क्या है। क्या मैं न्यायाधीश हूं। कांग्रेस को मुझे ज्ञापन देना चाहिए था। आरोप पत्र लोगों के समक्ष रखा जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी नेताओं को पहले ही बता दिया गया था कि वह रात आठ बजे (शुक्रवार को) राजभवन लौटेंगे क्योंकि वह साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता लेखिका श्रद्धा गरड़ से मिलने गए थे, जो इस समय वह पक्षाघात के कारण बिस्तर पर हैं। उन्होंने कहा कि अपने छह महीने के कार्यकाल में विपक्षी दलों से कम से कम उन्हें 40 ज्ञापन मिले हैं लेकिन शुक्रवार को उन्हें गरड़ से मिलने जाना था। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने सचिव से कांग्रेस का ज्ञापन स्वीकार करने के लिए कहा था। पिल्लई ने बीमार लेखिका के लिए एक लाख रुपए की आर्थिक मदद की भी घोषणा की और कहा कि वह साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित करने के लिए शुक्रवार को राजभवन में आयोजित एक समारोह में शामिल होना चाहती हैं लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें इससे मना किया था।

## कांग्रेस गोवा में भाजपा को हराने की इच्छुक किसी भी पार्टी का समर्थन लेने को है तैयारः चिदम्बरम

**पणजी (भाषा)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदम्बरम ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी आगामी गोवा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराने की इच्छुक किसी भी पार्टी का समर्थन लेने के लिए तैयार है। उनके इस बयान से थोड़ी ही देर पहले तृणमूल कांग्रेस की गोवा प्रभारी महुआ मोइत्रा ने सुझाव दिया था कि उनकी पार्टी गोवा फॉरवार्ड पार्टी (जीएफपी) और कांग्रेस के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन करने के लिए तैयार है। चिदम्बरम ने कहा, मैंने आज अखबार में गठबंधन के विषय पर तृणमूल कांग्रेस का बयान पढ़ा है। आधिकारिक बयान का इंतजार करते हैं। उन्होंने सवालिए लहजे में कहा कि वैसे कांग्रेस अपने बलबूते भाजपा को हराने में सक्षम है, लेकिन यदि कोई पार्टी भाजपा को हराने में कांग्रेस का समर्थन करना चाहती है, तो मैं क्यों ना कहूं? साल 2017 में 40 सदर्स्ईय गोवा विधानसभा के लिए चुनाव में सबसे अधिक 17 सीटें जीतने के बाद कांग्रेस के विधायकों की संख्या पिछले पांच वर्षों में घटती चली गई। उसके बहुत सारे विधायक भाजपा में चले गए और दो विधायक तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए। अब विधानसभा में कांग्रेस के महज दो विधायक हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अगुवाई वाली तृणमूल कांग्रेस गोवा की राजनीति में पहली बार कदम रख रही है।

# केंद्र ने हाल में भाजपा में शामिल हुए पंजाब के विधायक को दी वीआईपी सुरक्षा

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्र सरकार** ने हाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए पंजाब के विधायक फतेहजंग सिंह बाजवा को वाई प्लस श्रेणी की वीआईपी सुरक्षा प्रदान की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। फतेहजंग सिंह बाजवा (63) पंजाब की कादियान विधानसभा सीट से विधायक हैं और वह 28 दिसंबर को कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए। फतेहजंग कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रताप सिंह बाजवा के छोटे भाई हैं। सुरक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि फतेहजंग सिंह बाजवा को चुनावी राज्य पंजाब में उनकी आवाजाही के लिए वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराई गई है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय खुफिया एजेंसियों द्वारा भेजी गई सिफारिश के आधार पर यह मंजूरी दी, जिसमें फतेहजंग को संभावित सुरक्षा खतरों को रेखांकित किया गया था। यह कार्य केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) को दिया गया है और सुरक्षा के इस वर्गीकरण के तहत राज्य में हर बार यात्रा करने पर फतेहजंग के साथ 3-4 सशस्त्र कमांडो की एक टीम होगी। केंद्र सरकार ने पंजाब के नेता राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी को जेड श्रेणी की सुरक्षा भी प्रदान की थी। सोढ़ी दिसंबर में भाजपा में शामिल हुए थे। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) छोड़कर पिछले साल दिसंबर में भाजपा में शामिल हुए मनजिंदर सिंह सिरसा की सुरक्षा भी केंद्र ने वाई श्रेणी से बढ़ाकर जेड कर दी थी।

## रवींद्र जुगरान आप छोड़कर भाजपा में फिर हुए शामिल

**देहरादून (भाषा)।** आम आदमी पार्टी (आप) नेता रवींद्र जुगरान शनिवार को पार्टी छोड़कर फिर से सत्तारूढ़ भाजपा में यह कहते हुए शामिल हो गए कि यह उनके लिए घर वापसी जैसा है। जुगरान की घर वापसी का स्वागत करते हुए, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन कौशिक ने कहा कि पार्टी को आगामी विधानसभा चुनावों में उनके अनुभव और क्षमताओं से लाभ होगा। जुगरान ने कहा कि उन्होंने इससे पहले 25 साल तक भाजपा की सेवा की थी और पार्टी में लौटना उनके लिए घर वापसी जैसा था। वह उत्तराखंड राज्य के आंदोलन का एक प्रमुख चेहरा थे और पूर्व मुख्यमंत्री भुवनचंद्र खंडूरी के करीबी माने जाते हैं। खंडूरी के मुख्यमंत्रित्व काल में उन्होंने राज्य मंत्री का पद संभाला था। भारत निर्वाचन आयोग ने शनिवार को राज्य में विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा की। इस पर्वतीय राज्य में 14 फरवरी को विधानसभा चुनाव होने हैं।

## नागपुर में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की रेकी करना गंभीर मामला



**नागपुर (भाषा)।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की रेकी करने को एक गंभीर मामला बताते हुए शनिवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि राज्य की पुलिस तथा केंद्रीय एजेंसियां किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता फडणवीस की यह प्रतिक्रिया आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के अज्ञात सदस्यों के खिलाफ नागपुर में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की रेकी (टोह लेने) करने के आरोप में बृहस्पतिवार को मामला दर्ज होने के बाद आई है। महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता फडणवीस ने नागपुर हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा, मुझे लगता है कि यह एक बहुत ही गंभीर मामला है। इस तरह की रेकी को बहुत गंभीरता से लिया जाना चाहिए। मुझे विश्वास है कि केंद्रीय एजेंसियां और राज्य पुलिस मिलकर किसी भी घटना से बचने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी। गौरतलब है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का मुख्यालय उसी कोतवाली पुलिस थाने के अधिकार क्षेत्र में आता है जहां यह मामला दर्ज किया गया है।



श्रीनगर में हल्की बर्फबारी के दौरान एक छतरी लेकर टहलता एक आदमी।

# गोवा में आम आदमी पार्टी भी भाजपा विरोधी

भाषा। पणजी

**तृणमूल** कांग्रेस की गोवा प्रभारी महुआ मोइत्रा ने शनिवार को कहा कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी अगली सरकार का गठन नहीं कर सकें, इसके लिए पार्टी से जो भी बन पड़ेगा वह सब करेगी। इसके साथ ही तृकां नेता ने यह भी कहा कि आम आदमी पार्टी भी गोवा में भाजपा विरोधी समूह का हिस्सा है। महुआ के इस बयान को ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी द्वारा खुद को भाजपा विरोधी धुरी के रूप में पेश करने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। गोवा में अगले महीने विधानसभा चुनाव होने हैं।

पणजी में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोइत्रा ने यह भी कहा कि (भाजपा की हार सुनिश्चित करने के लिए) कुछ भी करने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए। कांग्रेस और गोवा फॉरवर्ड पार्टी के साथ संभावित गठबंधन के बारे में पूछे जाने पर महुआ ने कहा, तृणमूल कांग्रेस भारतीय जनता पार्टी को हराना चाहती है और जो भी जरूरी होगा हम करेंगे। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि भाजपा नहीं जीते और न ही सरकार का गठन करे। इससे एक एक दिन पहले महुआ ने ट्वीट किया था कि तृकां भाजपा को हराने के लिए सबकुछ करेगी और इसमें कांग्रेस तथा जीपीएफ को टैग किया था। हालांकि, महुआ ने अपने ट्वीट में आम आदमी पार्टी का नाम नहीं लिया था। तृकां नेता ने शनिवार को कहा, आम आदमी पार्टी भी भाजपा विरोधी समूह का हिस्सा है। हो सकता है कि मैने पार्टी का नाम ट्वीट में नहीं लिया हो। हम उसे भी शामिल कर रहे हैं।

## जेजेएमपी के एरिया कमांडर ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया

**मेदिनीनगर।** पलामू में दर्जन भर से अधिक नक्सल घटनाओं में शामिल रहे भूमिगत नक्सल संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के स्वयंभू एरिया कमांडर भवानी भुइयां ने शनिवार को पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार आत्मसमर्पण करने वाला नक्सली भवानी पलामू जिले के रामगढ थाना क्षेत्र के उरीटांड गांव का है, जो जेजेएमपी में 2016 में शामिल हुआ था एवं वह 12 से अधिक नक्सल वारदातों में संलिप्त रहा है। सूत्रों ने बताया कि नक्सली ने इंसास राइफल के साथ आत्मसमर्पण किया है। जेजेएमपी के पहले यह नक्सली प्रतिबंधित तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमिटी के नक्सली के तौर पर कार्य कर रहा था। फिलहाल पुलिस उससे गहन पूछताछ कर रही है। इससे महत्वपूर्ण जानकारी पुलिस को मिलने की उम्मीद है।

# आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में परिवार के चार सदस्यों ने की आत्महत्या

भाषा। अमरावती

**आंध्र** प्रदेश के विजयवाड़ा में शनिवार तड़के एक परिवार के चार सदस्यों ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली। परिवार तेलंगाना के निजामाबाद का रहना वाला था।

पुलिस ने कहा कि मां-बेटे ने इंजेक्शन से अत्यधिक इंसुलिन लेकर आत्महत्या कर ली जबकि पिता और एक अन्य पुत्र ने प्रकाशम बैराज के पास कृष्णा नदी में कूदकर जान दे दी। मृतकों की पहचान पी. सुरेश (56), श्रीलता (54), अखिल (28) और आशीष (24) के रूप में हुई है। सुरेश निजामाबाद में एक मेडिकल स्टोर चलाता था जबकि अखिल ने पेट्रोल भरने का स्टेशन किराए पर ले रखा था। आशीष बी. फार्मेसी का छात्र था जबकि श्रीलता गृहिणी थी। परिवार गत 6 जनवरी को विजयवाड़ा आकर एक सराय में रह रहा था। शुक्रवार देर रात करीब 2 बजे, श्रीलता ने अपने भाई को व्हाट्सएप पर एक ऑडियो संदेश भेजा कि वे अपना जीवन समाप्त कर रहे हैं। तड़के संदेश सुनने के बाद भाई ने सराय प्रबंधन को फोन किया जिन्होंनं पुलिस को सूचना दी।

सहायक पुलिस आयुक्त हनुमंत राव के अनुसार, पुलिस ने मां-बेटे को उनके कमरे में मृत पाया। कमरे में इंसुलिन और सीरिंज की कम से कम 20 इस्तेमाल की हुई शीशियां पड़ी थीं। बाद में पता चला कि पिता-पुत्र ने नदी में छलांग लगा दी है। बाद में उनके शवों को नदी से निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। एसीपी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

## हरीश रावत की रैली में एक व्यक्ति चाकू लेकर मंच पर चढ़ा

**देहरादून (भाषा)।** उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जिले के काशीपुर में हाल में कांग्रेस नेता हरीश रावत की रैली के दौरान एक व्यक्ति कथित रूप से चाकू हाथ में लेकर मंच पर चढ़ गया और उसने जय श्रीराम के नारे लगाने शुरू कर दिए। हालांकि, युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जल्द ही उस पर काबू पा लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। काशीपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन सिंह ने बताया कि आरोपी मानसिक रूप से बीमार है और कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री से बात करने की मांग को लेकर शहर में एक टॉवर पर भी चढ़ गया था। ताजा घटना बृहस्पतिवार शाम को हुई जब रावत अपना भाषण समाप्त कर मंच से नीचे उतर चुके थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 40 वर्ष के आसपास की उम्र के आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस बारे में संपर्क किए जाने पर रावत ने कहा कि मंच से उतरने के बाद उन्होंने भी शोर सुना था लेकिन उन्होंने उसे अनसुना कर दिया क्योंकि उन्हें अन्य कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेने जाना था।

# कर्नाटक में हिंदू उपदेवता कोरगज्जा की तरह परिधान पहनने के आरोप में मुस्लिम दूल्हे पर मामला दर्ज

भाषा। मंगलुरु

**कर्नाटक** में एक विवाह समारोह के दौरान हिन्दुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में, एक मुस्लिम दूल्हे और दुल्हन के परिजनों पर मामला दर्ज किया गया है। बंटवाल तालुक के वीतला पादनुरु गांव के निवासी चेतन की शिकायत के आधार पर यह मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि शिकायत में कहा गया कि तुलुनाडु क्षेत्र में आयोजित शादी में दूल्हे ने एक हिंदू उपदेवता कोरगज्जा की तरह परिधान पहने थे। शिकायत में कहा गया कि मान्जेश्वर के पास उप्पल के निवासी बासित ने बंटवाल तालुक के कोलनाडु गांव के सलेथुर में अजीज के घर पर बृहस्पतिवार रात को आयोजित विवाह समारोह में उपदेवता कोरगज्जा की तरह वेशभूषा धारण की थी।

शिकायत के अनुसार, आरोपी अपने दोस्तों के साथ इस तरह नाचा, जिससे कोरगज्जा का अपमान हुआ। दूल्हे ने डांस करने का वीडियो सोशल मीडिया पर भी डाला जो वायरल हो गया। पुलिस ने घटना के संबंध में भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। विश्व हिंदू परिषद के जिला सचिव शिवानंद मेंडन ने एक बयान में कहा कि आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। शहर के पूर्व महापौर और दक्षिण कन्नड़ जिला मुस्लिम संघ के अध्यक्ष के. अशरफ ने भी बासित और परिवार के अन्य सदस्यों के आचरण की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का बर्ताव मुस्लिमों की शादी में अपनाए जाने वाले नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि देवता की वेशभूषा पहनकर दूल्हे ने सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील एक इलाके में एक समुदाय की भावनाओं को आहत किया है।

## सीमावर्ती क्षेत्रों में लोगों की आबादी होना महत्वपूर्णः पेमा खांडू

**ईटानगर (भाषा)।** अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने सीमावर्ती क्षेत्रों में नागरिक आबादी की उपस्थिति के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि केंद्र ऐसे क्षेत्रों के त्वरित विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य के सीमावर्ती इलाकों में जल्द ही 4जी कनेक्टिविटी की सुविधा शुरू हो जाएगी। खांडू ने कहा, सरकार अब सड़कों और अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के निर्माण के द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों के त्वरित विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आक्रामक रुख के कारण अरुणाचल में ताकसिंग और अन्य दूरदराज के सीमावर्ती क्षेत्रों तक सड़क संपर्क बढ़ा है, जिसके बारे में पहले सोचा नहीं गया था। मुख्यमंत्री शुक्रवार को तिब्बत की सीमा से लगे सुदूर ऊपरी सुबनसिरी जिले के नाचो निर्वाचन क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार खांडू ने कहा, राज्य में अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के पास के क्षेत्रों को जल्द ही 4 जी मोबाइल कनेक्टिविटी से जोड़ा जाएगा।

# शुभेंदु अधिकारी को नेताई जाने से रोकने की घटना पर राज्यपाल ने मुख्य सचिव, डीजीपी से ब्यौरा तलब किया

**कोलकाता (भाषा)।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने शनिवार को राज्य मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया कि शुभेंदु अधिकारी को झारग्राम में एक कार्यक्रम में शामिल होने से रोके जाने की घटना के संबंध में, राज्यपाल को 10 जनवरी को सारे विवरण उपलब्ध कराए जाएं।

इससे एक दिन पहले, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने धनखड़ को लिखे एक पत्र में उक्त घटना की शिकायत की थी। धनखड़ ने इस मामले में एक लिखित रिपोर्ट भी तलब की है। राज्यपाल ने ट्वीट किया, बेहद परेशान करने वाली एक घटना के मद्देनजर, शुभेंदु अधिकारी द्वारा सात जनवरी को लिखे पत्र के संबंध में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने मुख्य सचिव और बंगाल पुलिस के महानिदेशक को निर्देश दिया कि, घटना की पूरी जानकारी 10 जनवरी को पूर्वाह्न 11 बजे उपलब्ध कराई जाए। इससे पहले किए गए एक ट्वीट में धनखड़ ने कहा था कि प्रशासन ने अधिकारी के साथ गलत बर्ताव किया। अधिकारी ने धनखड़ को लिखे पत्र में कहा था कि उन्हें नेताई जाने से रोका गया जहां वह सात जनवरी 2011 को मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देने गए थे। नंदीग्राम से विधायक अधिकारी का आरोप है कि उनकी आवाजाही पर कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा रोक से इनकार किए जाने के बावजूद पुलिस ने उन्हें रोका। वर्ष 2011 में नेताई में कथित तौर पर माकपा कार्यकर्ताओं द्वारा की गई गोलीबारी में नौ लोगों की मौत हो गई थी।

## असम के बिहाली अभयारण्य में पांच कैप्ड लंगूरों के अवशेष मिले

**तेजपुर (असम)।** अरुणाचल प्रदेश की सीमा से लगते असम के बिस्वनाथ जिले के बिहाली अभयारण्य में दुर्लभ श्रेणी में आने वाले पांच कैप्ड लंगूरों के अवशेष मिले हैं। वन विभाग के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी ।एक वन्यजीव संरक्षण एजेंसी के सदस्यों को हाल में अभयारण्य में हाटदीपू और रंगा पिकनिक स्पॉट के पास ए अवशेष मिले। विश्वनाथ संभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) अरुण विग्नेस ने बताया कि शिकारियों ने लंगूरों को मारकर उनकी खाल, हड्डियां और पूंछ ले गए। वन विभाग ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने कहा कि आसपास के इलाकों में छापेमारी की जा रही है, क्योंकि शिकारियों द्वारा और जंगली जानवरों को मारे जाने की आशंका है।

## कोविड-19 के बीच हज 2022 को संभव बनाने के लिए प्रयास करें



**मुंबई (भाषा)।** केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शनिवार को यहां कहा कि हज 2022 के लिए यात्रियों की चयन प्रक्रिया पूर्ण टीकाकरण और भारत तथा सऊदी अरब सरकारों द्वारा तय मानदंडों के अनुसार होगी। उन्होंने कोविड-19 महामारी से निपटने लिए एहतियात, रोकथाम और प्रार्थना का आह्वान किया और इस साल वार्षिक इस्लामी तीर्थयात्रा यानी हज को संभव बनाने का आह्वान किया। नकवी ने मुंबई के हज हाउस में हज 2022 तीर्थयात्रियों के प्रशिक्षकों के लिए दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि हज 2022 की पूरी प्रक्रिया को महत्वपूर्ण सुधारों और लोगों के स्वास्थ्य व भलाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तैयार किया गया है। नकवी ने एक बयान में कहा कि पूरी हज प्रक्रिया को 100 प्रतिशत डिजिटलाऑनलाइन बनाना लोगों के स्वास्थ्य व कल्याण को सुनिश्चित करने के अलावा पारदर्शी, सुलभ, किफायती व बेहद फायदेमंद तरीका है। हज के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी है।

# पंजाब सरकार को बर्खास्त किया जाए : आठवले

भाषा। नई दिल्ली



**केंद्रीय मंत्री** और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के प्रमुख रामदास आठवले ने पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में हुई गंभीर चूक के मामले को लेकर शनिवार को कहा कि पंजाब की कांग्रेस सरकार को बर्खास्त किया जाना चाहिए क्योंकि उसने एक अक्षम्य अपराध किया है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री ने एक बयान में कहा, मोदी जी की सुरक्षा में पंजाब सरकार द्वारा भारी चूक करने के साथ-साथ अक्षम्य अपराध भी किया गया है, इसलिए पंजाब सरकार को तत्काल बर्खास्त कर देना चाहिए। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री का पद किसी पार्टी का नही बल्कि पूरे देश के सम्मान का पद होता है। उल्लेखनीय है कि पंजाब के दौरे पर गए प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा में गत बुधवार को उस वक्त गंभीर चूक की घटना हुई, जब फिरोजपुर में कुछ प्रदर्शनकारियों ने एक सड़क मार्ग को अवरुद्ध कर दिया जहां से उन्हें गुजरना था। इस वजह से प्रधानमंत्री एक फ्लाईओवर पर करीब 20 मिनट तक फंसे रहे। घटना के बाद प्रधानमंत्री दिल्ली लौट आए। वह पंजाब में ना तो किसी कार्यक्रम में शामिल हुए और ना ही दो साल के बाद राज्य में अपनी पहली रैली को संबोधित कर सके। पंजाब में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने हैं।

### मुंबई: भाजपा विधायक आशीष शेलार को धमकी देने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**मुंबई,।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक आशीष शेलार को धमकी देने और उनके खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल करने के आरोप में 48 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मुंबई पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि शेलार ने पुलिस में शिकायत की थी, जिसके बाद अपराध शाखा की नौवीं इकाई ने जांच की और तकनीकी जानकारियों के आधार पर माहिम निवासी ओसामा शमशाद खान का पता लगाया और उसे गिरफ्तार किया। अधिकारी ने बताया कि ऐसा पता चला है कि आरोपी बांद्रा में एक जमीन विवाद को लेकर परेशान था और इसके कारण उसके बेटे के खिलाफ हत्या की कोशिश का मामला चल रहा है। उन्होंने बताया कि आरोपी का बेटा दो माह से जेल में है। उसने शेलार के मोबाइल पर फोन किया क्योंकि शेलार बांद्रा पश्चिम से विधायक हैं और उन्हें फोन पर धमकी दी और उनके खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल किया।

### बुनियादी मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही भाजपा, आगामी चुनावों में बदलाव निश्चित : पटोले

**नागपुर।** महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रमुख नाना पटोले ने शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नाटकबाजी कर, देश के सामने मौजूद बुनियादी मुद्दों से ध्यान हटाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि पांच राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों में बदलाव निश्चित है। पटोले ने यहां संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस आगामी चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। कांग्रेस नेता ने कहा, कांग्रेस सभी पांच राज्यों में आगामी चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। हालांकि, भाजपा नाटकबाजी कर देश के बुनियादी मुद्दों से ध्यान हटाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, जब वे सत्ता से बाहर होते हैं, तो वे देश को बचाना चाहते हैं और जब सत्ता में होते हैं, तो खुद को बचाना चाहते हैं। लोग इस तरह की सोच को समझ चुके हैं, और इसलिए, आगामी राज्य चुनावों में बदलाव निश्चित है।



बद्रीनाथ में भारी बर्फबारी के बाद बर्फसे ढका बद्रीनाथ मंदिर

### उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने न्यायमूर्ति, चार अन्य के संक्रमित होने के बाद प्रत्यक्ष सुनवाई स्थगित की

**नैनीताल (उत्तराखंड)।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को एक न्यायमूर्ति और अदालत के चार अन्य कर्मचारियों के कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद प्रत्यक्ष सुनवाई स्थगित कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उच्च न्यायालय के एक अधिकारी के मुताबिक महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई डिजिटल माध्यम से होगी। इन पांच लोगों के अलावा नैनीताल के चार अन्य निवासियों में भी शुक्रवार को संक्रमण की पुष्टि हुई। हालांकि, सभी संक्रमितों में संक्रमण का कोई लक्षण नही है और ए सभी गृह पृथक-वास मे है।

### केरल में अभी पूर्ण लॉकडाउन नहीं: जॉर्ज

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में कोविड-19 और इसके नए स्वरूप ओमीक्रोन के मामलों की बढ़ती संख्या के बीच राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने शनिवार को कहा कि राज्य सरकार की पूर्ण लॉकडाउन लागू करने की कोई योजना नही है। मंत्री ने कहा कि पूर्ण लॉकडाउन से राज्य मे सामान्य जीवन प्रभावित होगा। उन्होने लोगो से सतर्क रहने का आग्रह किया। उन्होने मीडिया से कहा, हमारे राज्य मे आर्थिक गतिविधियो को अब बाधित नही किया जा सकता है। राज्य मे पूर्ण लॉकडाउन से बचने के लिए हमें मिलकर काम करना चाहिए। हम अभी किसी भी लॉकडाउन की योजना नही बना रहे है।

### जम्मू-कश्मीर के सांबा में एक व्यक्ति गिरफ्तार, हेरोइन जब्त

**जम्मू।** पुलिस ने यहां सांबा जिले मे एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 7.8 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है। अधिकारियों ने बताया कि सांबा मे मंडी गढ़ का निवासी अमन स्लाथिया संदिग्ध तरीके से घूमता मिला था और जम्मू-पठानकोट राजमार्ग पर विजयपुर मे पुलिस दल ने उसे जांच के लिए रोका जिसके बाद उसके पास से हेरोइन जब्त की गई। पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि अमन मादक पदार्थ की तस्करी करता था। प्रवक्ता ने कहा कि स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत उसके खिलाफ मामला दर्ज किया और आगे की जांच जारी है।

### अनियंत्रित कार खाई में गिरी, दो युवकों की मौत, दो घायल

**बिजनौर (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर मे अनियंत्रित कार के नहर किनारे खाई मे गिर जाने से दो युवको की मौत हो गई जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला पुलिस कार्यालय के अनुसार नहटौर के नवादा के सुमित (24), नीशू (19), विशाल (23), सचिन (25) और रोहित 22 शनिवार शाम थाना को कोतवाली देहात के बनवारीपुर नहर से गुजर रहे थे तभी उनकी कार अनियंत्रित होकर सूखी नहर के किनारे खाई मे गिर गई। पुलिस के अनुसार इस दुर्घटना मे सुमित और नीशू की मौत हो गई जबकि विशाल और सचिन को गंभीर हालत मे जिला अस्पताल लाया गया।

### असम में संदिग्ध मादक पदार्थ तस्कर घायल

**तेजपुर (असम)।** असम के विश्वनाथ जिले मे पुलिस की हिरासत से भागने की कोशिश मे मादक पदार्थ की तस्करी करने के एक संदिग्ध पर पुलिस ने गोली चला दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उसे मादक पदार्थो की बिक्री मे कथित संलिप्तता के लिए शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, कल रात, आरोपी मादक पदार्थ की जब्ती के लिए हमे एक स्थान पर ले गया। हालांकि, अंधेरे का फायदा उठाते हुए, वह पुलिस के वाहन से कूद गया। एक पुलिसकर्मी ने उसके पैर पर गोली चलाई।

## पीडीपी के 10 नेताओं के खिलाफ कोविड मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए एफआईआर करने का आदेश

भाषा। श्रीनगर



**जम्मू-कश्मीर** के अनंतनाग जिले में एक कार्यकारी मजिस्ट्रेट ने पुलिस को पार्टी के संस्थापक मुफ्ती मोहम्मद सईद की पुण्यतिथि पर आयोजित एक कार्यक्रम में कथित तौर पर कोविड प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने के आरोप में पीपुल्स डेमाक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के 10 नेताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि कोविड मानदंड केवल उनकी पार्टी पर लागू होते हैं, न कि भाजपा पर, जिसने शुक्रवार को कश्मीर में विरोध प्रदर्शन किया था। पीडीपी ने ट्विटर पर एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें अनंतनाग के उपायुक्त को नए साल की पूर्व संध्या पर बिना फेस मास्क के नाचते हुए दिखाया गया है। कार्यक्रम में मौजूद अन्य लोग भी बिना मास्क के नजर आ रहे हैं। बिजबेहरा तहसील के कार्यकारी मजिस्ट्रेट ने शुक्रवार को सईद की कब्रगाह में एक रैली के दौरान कोविड-उपयुक्त व्यवहार का उल्लंघन करने के लिए पीडीपी के 10 नेताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए संबंधित पुलिस थाने के प्रभारी को निर्देश जारी किए। इन नेताओं में सईद के बहनोई सरताज मदनी, जो विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष हैं, और पूर्व मंत्री अब्दुल रहमान वीरी शामिल हैं। इस आदेश पर प्रशासन पर निशाना साधते हुए, महबूबा ने ट्वीट किया, कोविड-19 पाबंदियां केवल पीडीपी पर लागू होती हैं, भाजपा पर लागू नहीं होती है।

### पंजाब: चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद भाजपा और आप ने कहा, कांग्रेस सरकार को उखाड़ने के लिए तैयार

**चंडीगढ़।** पंजाब में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा का स्वागत करते हुए भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी ने दावा किया कि मतदाता कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार हैं। दोनों दलों ने सत्तारूढ़ दल पर भ्रष्टाचार और खराब शासन का आरोप लगाया। निर्वाचन आयोग ने शनिवार को पंजाब समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की। पंजाब में विधानसभा चुनाव के तहत मतदान 14 फरवरी को होगा और मतों की गिनती 10 मार्च को होगी। आम आदमी पार्टी की पंजाब इकाई के अध्यक्ष और संगरूर से सांसद भगवंत मान ने कहा कि लोगों ने उनकी पार्टी की सरकार के गठन का मन बना लिया है और लोग पार्टी नेता अरविंद केजरीवाल द्वारा दी गई गारंटी का समर्थन कर रहे हैं। पार्टी की ओर से जारी बयान में मान ने कहा कि दस मार्च को परिणाम में पंजाब के लोगों की जीत होगी। पंजाब भाजपा अध्यक्ष अश्विनी शर्मा ने कहा कि उनकी पार्टी प्रदेश में चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। शर्मा ने कहा कि माफिया शासन के दिन जल्दी ही समाप्त होंगे और मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू के साथ सत्ता से बाहर होंगे। उन्होंने कहा कि पंजाब में भाजपा विजई होकर उभरेगी, क्योंकि पंजाब एक ईमानदार और सक्षम सरकार चाहता है जोकि प्रत्एक नागरिक को समान अवसर और विकास प्रदान करे। उन्होंने बयान में कहा कि भाजपा एक अनुशासित पार्टी है और हम कोविड संबंधी सभी दिशा निर्देशों का पालन करेंगे।

## क्विक न्यूज

### ईडी ने अभिभावकों को ठगने वाले बेंगलुरु विवि के पूर्व कुलाधिपति को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बेंगलुरु स्थित एक निजी विश्वविद्यालय के एक पूर्व कुलाधिपति को गिरफ्तार किया है, जिस पर आरोप है कि उन्होंने फीस के रूप में 107 करोड़ रुपए की धनराशि को हथियाने के लिए 4,500 छात्रों के अभिभावकों को धोखा दिया है। एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी। एलायंस विश्वविद्यालय के पूर्व कुलाधिपति मधुकर जी. अंगुर को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। ईडी ने एक बयान में कहा कि उन्हें शनिवार को बेंगलुरु में एक विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उन्हे सात दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। ईडी ने आरोप लगाया कि अंगुर और अन्य लोगो ने छात्रों के अभिभावकों को ई-मेल और नोटिस के माध्यम से एलायंस विश्वविद्यालय के आधिकारिक खातों में शुल्क जमा नही करने की सूचना दी और इसके बजाय उन्हें अपने बच्चों की फीस अवैध रूप से खोले गए बैक खातो (अंगुर द्वारा) और अन्य मे श्रीवारी एजुकेशनल सर्विसेज के नाम पर जमा करने के लिए कहा। बयान में कहा गया है, इसलिए, लगभग 4,500 छात्रों के अभिभावकों को उक्त अवैध रूप से खोले गए बैक खातो मे फीस जमा करने के लिए राजी किया गया और लगभग 107 करोड़ रुपए की राशि अंगुर और अन्य द्वारा ट्यूशन फीस, छात्रावास शुल्क और अन्य शुल्क जमा करके ले ली गई।

### डिजिटल सेवाओं में क्रांति के लिए अपनाया गया हैदराबाद घोषणा-पत्र

**हैदराबाद।** केंद्र और तेलंगाना सरकार द्वारा शनिवार को यहां जमीनी स्तर पर सेवाओ के वितरण के लिए मानव संपर्क को कम करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने का संकल्प लेते हुए हैदराबाद घोषणा-पत्र अंगीकृत किया गया। यह प्रस्ताव सात और आठ जनवरी के बीच आयोजित दो दिवसीय इंडियाज टेकएडः डिजिटल गवर्नेंस इन अ पोस्ट पेंडेमिक वर्ल्डै सम्मेलन मे सामने आया। ई-गवर्नेंस (ऑनलाइन शासन) पर 24वां सम्मेलन केंद्र सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और तेलंगाना राज्य सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया था। प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) ने भी सम्मेलन के आयोजन मे एक भूमिका निभाई। कार्मिक मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान मे कहा गया कि सम्मेलन के दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, आदि जैसे क्षेत्रों मे सार्वजनिक डिजिटल मंच के कार्यान्वयन मे तेजी लाने का निर्णय लिया गया। सम्मेलन मे कुशल संसाधनो के बड़े संग्रह के निर्माण के माध्यम से भारत को उभरती हुई प्रौद्योगिकी के लिएै वैश्विक केंद्रै बनाने का संकल्प लिया गया।

### कोविड के खिलाफ बूस्टर खुराक के तौर पर कोवैक्सीन सुरक्षित है: भारत बायोटेक

**नई दिल्ली।** भारत बायोटेक ने शनिवार को कहा कि परीक्षणो से संकेत मिलते है कि उसका टीका कोवैक्सीन कोविड-19 के खिलाफ बूस्टर खुराक के तौर पर सुरक्षित है। कंपनी ने कहा कि आकलन बताते है कि कोवैक्सीन (बीबीवी152) की बूस्टर खुराक सुरक्षित है और प्रतिरक्षा को बनाए रखने के लिए जरूरी हो सकती है। भारत बायोटेक के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक कृष्णा एला ने कहा, परीक्षणों के परिणाम कोवैक्सीन को बूस्टर खुराक के तौर पर मुहैया कराने के हमारे लक्ष्य को मजबूत आधार प्रदान करते हैं। वयस्कों, बच्चों को दो प्राथमिक खुराक और बूस्टर खुराकों के साथ ही कोविड-19 के खिलाफ वैश्विक टीके का निर्माण करने का हमारा लक्ष्य पूरा हो गया है। कंपनी ने कहा, सामने आ रहे आंकडों के आधार पर भारत बायोटेक का विश्वास है कि सुरक्षा के उच्चतम स्तर को बनाए रखने के लिए तीसरी खुराक लाभकारी होगी।

### लोगों की प्रतिक्रिया से स्पष्ट है कि गोवा में अगली सरकार भाजपा बनाएगी : तनावाडे

**पणजी।** गोवा विधानसभा चुनाव की तारीख के ऐलान के बाद शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सदानंद एस तनावडे ने दावा किया कि प्रदेश में पार्टी बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। गोवा की 40 सदस्ईय विधानसभा के लिए 14 फरवरी को मतदान होगा।

## जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की

भाषा। नई दिल्ली

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने शनिवार को ईरान के विदेश मंत्री अमीर अब्दोल्लाहियान के साथ बातचीत की जिसमें अफगानिस्तान की चुनौतियों, चाबहार बंदरगाह से जुड़े आयामों तथा ईरान के परमाणु मुद्दे से जुड़ी जटिलताओं पर चर्चा हुई। विदेश मंत्री जयशंकर ने ट्वीट किया, ईरान के विदेश मंत्री अमीर अब्दोल्लाहियान के साथ व्यापक चर्चा हुई। कोविड महामारी की कठिनाइयों, अफगानिस्तान की चुनौतियों, चाबहार बंदरगाह से जुड़े आयामों तथा ईरान के परमाणु मुद्दे से जुड़ी जटिलताओं पर चर्चा हुई। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कई देशों के विदेश मंत्रियों के साथ चर्चा की। जयशंकर ने शुक्रवार को मिस्र और इजराइल के विदेश मंत्रियों के साथ टेलीफोन पर अलग अलग बातचीत की थी जिसमें द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने एवं विस्तार देने को लेकर चर्चा हुई। उन्होंने इस क्रम में अमेरिका, रूस, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल, सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात, नाइजीरिया, आस्ट्रेलिया, मालदीव, भूटान के विदेश मंत्रियों के साथ बातचीत की है।



चेन्नई में कोविड-19 मामलों में वृद्धि के बीच कार्यकर्ता चेन्नई ट्रेड सेंटर को 900 बेड तक की क्षमता वाले कोविड-19 आइसोलेशन वार्ड में बदलने की तैयारी करते हुए

## जम्मू-कश्मीर के पुंछ में हिमस्खलन की चपेट में आने से मां-बेटी को बचाया गया

भाषा। जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** के पुंछ जिले के सुदूर एक गांव में शनिवार को ग्रामीणों ने 37 वर्षीय एक महिला और उसकी नाबालिग बेटी को हिमस्खलन से बचाया। अधिकारियों ने बताया कि नसरीन और उसकी 11 साल की बेटी जायदा कौसर सुरनकोट क्षेत्र के बेहरामगल्ला के अपने तरवांजा गांव में एक प्राकृतिक स्रोत से पानी लेने गए थे, जब वे हिमस्खलन की चपेट में आ गए थे। ग्रामीणों ने तेजी से कार्वाई की और महिला और उसकी बेटी को बर्फ से बाहर निकालने के बाद दोनों को सुरक्षित निकाला। अधिकारियों ने बताया कि घटना में दोनों को किसी तरह की चोट नहीं आई। ग्रामीणों द्वारा बर्फ के नीचे से लड़की को बाहर निकाले जाने का एक वीडियो, सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में कुछ इंच से लेकर पांच फुट तक बर्फबारी हुई है, जबकि जम्मू के मैदानी इलाकों में पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश हो रही है। इस बीच, कई छोटे-छोटे वीडियो भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहे हैं जिनमें नियंत्रण रेखा और अन्य अग्रिम क्षेत्रों में घुटने तक गहरी बर्फ में गश्त करते सेना और बीएसएफ कर्मी दिख रहे हैं। सुरक्षा कर्मियों, स्थानीय पुलिस और सीआरपीएफ कर्मियों को सार्वजनिक और बिजली विकास विभाग तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों को बर्फबारी के बीच खराब बिजली और पानी की आपूर्ति बहाल करने के लिए खामियों की ठीक करते हुए दिखा रहे कुछ और वीडियो भी सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं।

### डीडीएमए ने गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर श्रद्धालुओं को गुरुद्वारा जाने की अनुमति दी

**नई दिल्ली।** दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) ने शनिवार को श्रद्धालुओं को 9 जनवरी को गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व के अवसर पर राष्ट्रीय राजधानी के गुरुद्वारों में जाने की अनुमति दी। दिल्ली में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के बीच, अधिकारियों ने दिल्ली में धार्मिक स्थलों को खुले रहने की अनुमति दी थी, लेकिन श्रद्धालुओं को अनुमति नहीं है। हालांकि, डीडीएमए ने सिख गुरु गोविंद सिंह की जयंती के अवसर पर एक विशेष अनुमति दी जो कि कोविड मानदंडों के अनुपालन के साथ है। डीडीएमए के अतिरिक्त सीईओ राजेश गोयल द्वारा जारी आदेश में कहा गया है, मुझे सक्षम प्राधिकारी की सहमति से अवगत कराने का निर्देश दिया गया है कि 9 जनवरी को गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं को दिल्ली के गुरुद्वारों में जाने की अनुमति दी जाएगी, जो भारत सरकार और दिल्ली सरकार द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों या दिशानिर्देशों के कड़ाई से अनुपालन के अधीन है। आदेश में कहा गया है कि मास्क और सामाजिक दूरी बनाए रखने जैसे कोविड-उपयुक्त व्यवहार का पालन करना होगा और थर्मल स्क्रीनिंग, स्वच्छता पर ध्यान देना, सैनिटाइज़र की व्यवस्था करनी होगी।

### केरल के राज्यपाल ने उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना की

**उज्जैन (मप्र)।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने शनिवार सुबह मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। महाकालेश्वर मंदिर के प्रशासक गणेश धाकड़ ने एक बयान में कहा कि खान ने महाकाल की भोग आरती के समय मंदिर में दर्शन किए। भगवान शिव का महाकालेश्वर मंदिर देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक हैं और देश विदेश से बड़ी संख्या में भक्त यहां दर्शन के लिए आते हैं। धाकड़ ने कहा कि पुजारियों ने अनुष्ठान के अनुसार पूजा अर्चना की जबकि खान ने कोविड-19 के दिशा निर्देशों के अनुसार अवरोधकों के पीछे रहकर प्रार्थना की। अधिकारियों ने राज्यपाल का मंदिर की ओर से अंगवस्त्र देकर उनका स्वागत किया।

## महाराष्ट्रः 10 जनवरी मध्यरात्रि से दिन के समय पांच या अधिक के समूह की आवाजाही पर रोक

भाषा। मुंबई



**महाराष्ट्र सरकार** ने कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी के बीच पाबंदियों को शनिवार को और कड़ा करते हुए सुबह 5 बजे से रात 11 बजे तक पांच या इससे अधिक व्यक्तियों के समूहों की सार्वजनिक रूप से आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया, जो 10 जनवरी की मध्यरात्रि से प्रभावी होगी। एक सरकारी परिपत्र में कहा गया है कि इसके अलावा, आवश्यक सेवाओं को छोड़कर रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक सार्वजनिक रूप से किसी भी आवाजाही की अनुमति नहीं दी जाएगी। राज्य में शुक्रवार को कोरोना वायरस के 40,000 से अधिक नए मामले सामने आए थे। इसमें कहा गया है कि कक्षा 10 और 12 के छात्रों के लिए आवश्यक गतिविधियों और शिक्षकों की प्रशासनिक गतिविधियों को छोड़कर स्कूल और कॉलेज 15 फरवरी तक बंद रहेंगे। कार्यालय प्रमुखों की लिखित अनुमति के बिना सरकारी कार्यालयों में किसी भी आगंतुक को अनुमति नहीं दी जाएगी। वीडियो कांफ्रेंस के जरिए लोगों को ऑनलाइन संवाद की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। परिपत्र में कहा गया है कि सरकारी कार्यालयों को घर से काम करने का विकल्प चुनना चाहिए और यदि कार्यालय से काम करना आवश्यक है तो काम के घंटे को अलग- अलग करना चाहिए। निजी कार्यालयों को भी घर से काम करने की अनुमति देकर और काम के घंटे को अलग-अलग करके कार्यालय आने वाले कर्मचारियों की संख्या को युक्तिसंगत बनाने के लिए कहा गया है। परिपत्र में कहा गया है कि विवाह और सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक या राजनीतिक समारोहों में उपस्थित लोगों की सीमा 50 होगी। अंतिम संस्कार में 20 से अधिक व्यक्ति शामिल नहीं हो सकते। तरणताल, जिम, स्पा, वेलनेस सेंटर, ब्यूटी सैलून बंद रहेंगे। हेयर कटिंग सैलून 50 फीसदी क्षमता पर काम करेंगे।

### आगरा में लापता होने के सात दिन बाद तालाब में मिला किशोर का शव

**आगरा( उप्र )।** आगरा के ताजगंज थानाक्षेत्र में सात दिन पहले कलाल खेरिया से लापता हुआ किशोर शनिवार को गांव के पास एक तालाब में मृत मिला। ताजगंज के थाना प्रभारी भूपेंद्र बलियान ने बताया कि शनिवार सुबह कलाल खेरिया में स्थित पोखर में लोगों ने एक किशोर के शव को पड़ा देखा और उसकी सूचना पुलिस को दी। बलियान ने बताया कि उसकी पहचान कलाल खेरिया के 17 वर्षीय नकुल के रूप में की गई। पुलिस के अनुसार नकुल के पिता नेम सिंह ने बताया कि एक जनवरी उनका बेटा नया साल का जश्न मनाने दोस्तों के साथ गया था और जब उन्होंने पुत्र से फोन पर संपर्क किया तब उसने बताया कि वह कुछ देर बाद आ जाएगा। नेम सिंह के अनुसार जब नकुल नहीं आया, तब उन्होंने तलाश की।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना संख्या 16/टीएमसी/2021, दिनांक 07.01.2022
प्रमुख मुख्य इन्जीनियर, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित ट्रैक मशीन स्पेयर्स हेतु ई- प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रित करते हैः-
**क्रम सं.1,** खुली निविदा संख्या तथा बन्द होने की तिथिः 3M215183, बन्द होने की तिथि 02.02.2022, **सामग्री का विवरणः** निम्नलिखित ट्रैक मशीन स्पेयर्स की आपूर्तिः (i)मॉडीफाइड कार्बाइड टैम्पिग टूल सेट टैम्पिग एक्सप्रेस मशीन के लिए, पार्ट संख्या/आर.डी.एस.ओ. ड्राइंग व स्पेसिफिकेशन सं0: एक सेट 48 टूल्स मिलकर निम्नलिखित आइटम्सः-(i) मॉडीफाईड कार्बाइड टैम्पिग टूल्स प्लासर पार्ट नं0 सीयू -30-8820-डब्लू-एफआर-I=32नग, (ii) मॉडीफाईड कार्बाइड टैम्पिग टूल्स प्लासर पार्ट नं0 सीयू- 30-8820- डब्लू- एफआर-V= 16 नग, आर.डी.एस.ओ. ड्राइंग सं0 - आर.डी.एस.ओ. टीएम /15ए/16 व आर.डी.एस.ओ टीएम/15ई/16 के अनुसार तथा स्पेसिफिकेशन सं0 टीएम /एचएम/6/ 320 (रिवीजन 3-2019) [ एक्सेप्टेबल मेकः प्लासर अथवा समरूप] आवश्यक मात्राः- 04 सेट,
**सामग्री का विवरणः (ii)** 09-03 एक्स डायनमिक टैम्पिंग एक्सप्रेस के लिए टैम्पिंग टाइन, पार्ट संख्या/आर.डी.एस.ओ. ड्राइंग व स्पेसिफिकेशन सं0: प्लासर पार्ट नं0 सीयू-30-10840-एफआर-I, आर.डी.एस.ओ. ड्राइंगसं0-आर.डी.एस.ओ./टीएम/15ए/16 के अनुसार तथा स्पेसिफिकेशन सं0 टीएम /एचएम/6/320 (रिवीजन 3, जुलाई 2019) [ एक्सेप्टेबल मेकः प्लासर अथवा समरूप] आवश्यक मात्राः- 25 नग,
**सामग्री का विवरणः (iii)** 09-03 एक्स डायनमिक टैम्पिंग एक्सप्रेस तथा टैम्पिंग एक्सप्रेस-9004 के लिए टैम्पिंग टाइन, पार्ट संख्या/आर.डी.एस.ओ. ड्राइंग व स्पेसिफिकेशन सं0: प्लासर पार्ट नं0 सीयू- 30-10840- एफआर -V, आर.डी.एस.ओ. ड्राइंग सं0-आर.डी.एस.ओ. टीएम/ 15 ई/16 के अनुसार तथा स्पेसिफिकेशन सं0 टीएम/ एचएम/ 6/ 320 (रिवीजन 3, जुलाई 2019) [ एक्सेप्टेबल मेकः प्लासर अथवा समरूप ] आवश्यक मात्राः- 10 नग, **प्रेषितीः** सी. से. ई./टी एम सी कार्यशाला/गोरखपुर छावनी, **परिदान अवधिः** 90दिन, **अनुमानित निविदा मूल्य** ₹64,00,882.30, **बयाना राशिः** ₹1,28,020.00
**नोटः** (1) उपरोक्त ई-प्रोक्योरमेंट खुली निविदा से सम्बन्धित सम्पूर्ण सूचना एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट *https://ireps.gov.in* पर निविदा बन्द होने की तिथि को 11:00 बजे तक रहेगी। (2) उपरोक्त सभी निविदाओं में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नही की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरो को चाहिए की अपना I.T Act-2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class-III, डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाईट पर पंजीकृत करायें। (3) दर, फाइनेंन्शियल दर के पेज पर डिजिटल हस्ताक्षर के साथ ही विचार किया जायेगा। इससे इतर, वेन्डरों द्वारा अन्य वित्तीय इन्ट्री किसी अन्य रूप/लेटर हेड के साथ संलग्न करने पर विचार नहीं किया जायेगा। (4) संलग्न किये जा रहे प्रपत्र पर निविदाकर्ता का हस्ताक्षर आवश्यक है। (5) बयाना राशि ऑनलाईन जमा किया जायेगा। (6) जो निविदाकार अपना आफर देते समय ऐसी शर्ते जो टेण्डर डाक्यूमेन्ट में निहित शर्तो से अलग हो एवं जिनका फाइनेन्शियल इम्पलीकेशन बनता हो, यदि देना चाहें तो, उन शर्तो का फाइनेन्शियल इम्पलीकेशन बताना होगा, इसके लिए प्रमाणित दस्तावेज के साथ गणना शीट अपने आफर के साथ संलग्न करना होगा ताकि उस दशा में फाइनेन्शियल शर्त का प्रभाव निकाल कर निविदाओं को इन्टर-से-पोजिशन ज्ञात किया जा सके। यदि कोई निविदाकार बिना फाइनेन्शियल इम्पलीकेशन की गणना शीट दिये बिना ऐसी शर्ते देता है तो, ऐसे आफर/निविदा को Summerly Reject कर दिया जायेगा, जिसके लिये रेलवे प्रशासन कोई भी पत्राचार स्वीकार नहीं करेगा। (7) निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि पूरी निविदा प्रपत्र को सावधानी पूर्वक पढ़ें। (8) यदि कोई कठिनाई आती है तो हेल्प डेस्क IREPS की वेबसाईट पर उपलब्ध है जिससे सम्पर्क किया जा सकता है।
(i) अधि.अभि./टीएमसी 9794845264
(ii) मुकार्याधी/3टी(टीएमसी)- 9794844226
अधि. अभि./टीएमसी
मुजाधि/डब्लू-341 गोरखपुर
यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो0 नं0 : 09794845955 पर एसएमएस करें।
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 9 जनवरी, 2022



# दो महीने में 2,000 किलोमीटर की यात्रा के बाद म्यामां पहुंची असम की डार्क फैंटेसी चॉकलेट

भाषा। गुवाहाटी



असम के मंगलदोई शहर में विनिर्मित डार्क फैंटेसी चॉकलेट 2,000 किलोमीटर से अधिक की यात्रा के बाद सिलीगुड़ी, कोलकाता, सिंगापुर, यांगून होते हुए अंततः म्यामां के शहर काले पहुंची। असम के उद्योग और वाणिज्य विभाग के आयुक्त के के द्विवेदी ने यहां चल रहे पूर्वोत्तर महोत्सव को संबोधित करते हुए शुक्रवार को यह जानकारी दी। मेक इन नॉर्थईस्ट - डोनर डायलॉग में, द्विवेदी ने इस क्षेत्र के कई पहलुओं को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि नॉर्थईस्ट (पूर्वोत्तर) शब्द का सबसे पहली बार इस्तेमाल 1884 में बर्मा के तत्कालीन मुख्य आयुक्त अलेक्जेंडर मैकेंजी ने अपनी पुस्तक हिस्ट्री ऑफ द रिलेशंस ऑफ द गवर्नमेंट विद द हिल ट्राइब्स ऑफ द नॉर्थ-ईस्ट फ्रंटियर ऑफ बंगाल में किया था। डॉर्क फैंटेसी चॉकलेट की यात्रा पर उन्होंने कहा कि यह इस बात का एक उत्कृष्ट उदाहरण है कि लागत दक्षता और समय की बचत के लिए उचित संपर्क या कनेक्टिविटी की जरूरत क्यों होती है। उन्होंने बताया कि असम के अधिकारियों और विधायकों की एक टीम ने म्यामां में काले का दौरा किया था। वहां एक छोटे से बाजार में उन्होंने मंगलदोई में बनी डार्क फैंटेसी चॉकलेट देखी। इसके बारे में पूछताछ करने के बाद उन्होंने पाया कि यह चॉकलेट गुवाहाटी, सिलीगुड़ी, कोलकाता, सिंगापुर और यांगून से होते हुए काले शहर पहुंची थी। उन्होंने कहा कि इस चॉकलेट को म्यामां पहुंचने के लिए 2,000 किलोमीटर से अधिक की यात्रा करनी पड़ी है। चॉकलेट की यह यात्रा करीब दो माह में पूरी हुई। यदि इसे मणिपुर के सीमा शहर मोरेह के रास्ते भेजा जाता, तो इसमें सिर्फ दो दिन का समय लगता। इस चॉकलेट का उदाहरण देते हुए उन्होंने समझाया कि कैसी व्यापार और वाणिज्य को बढ़ाने के लिए कनेक्टिविटी नेटवर्क जरूरी हो जाता है। पर्यटन, संस्कृति और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री जी किशन रेड्डी की अध्यक्षता में आयोजित डोनर डायलॉग में कई परिचर्चाएं आयोजित की गई। इनके जरिए बताया गया कि क्यों पूर्वोत्तर क्षेत्र निवेश और स्टार्टअप इकाइयों के लिए एक अनुकूल गंतव्य है।

## टीचमिंट का पंजाब सरकार से करार, 500 स्कूलों को उपलब्ध कराएगी शिक्षण मंच

**मुंबई।** शिक्षा ढांचागत क्षेत्र की स्टार्टअप कंपनी टीचमिंट ने पंजाब सरकार के साथ भागीदारी की है। इस भागीदारी के तहत टीचमिंट राज्य के 500 से अधिक सरकारी स्कूलों को शिक्षण मंच उपलब्ध कराएगी, जिससे वे अपनी कक्षाओं का परिचालन दक्ष तरीके से कर सकेंगे। कंपनी ने शनिवार को बयान में कहा कि पहले चरण में पठानकोट के स्कूलों को अपने संचालन को डिजिटल करने में मदद मिलेगी। इससे इन स्कूलों के विद्यार्थियों की शिक्षकों तथा शिक्षण सामग्री तक सतत पहुंच सुनिश्चित हो सकेगी। टीचमिंट के उपाध्यक्ष-कारोबार आदित्य अग्रवाल ने कहा, हमने स्कूलों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को सशक्त करने के लिए पंजाब सरकार के साथ भागीदारी की है। हम उन्हें प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षा उपलब्ध कराएंगे। इसकी शुरुआत पठानकोट से होगी।

# डीजीजीआई के पास कर चोरी मामलों में जारी कारण बताओ नोटिस पर हुई कार्रवाई का रिकॉर्ड नहीं

भाषा। नागपुर



**जीएसटी** आसूचना महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने वित्त वर्ष 2020-21 तक छह साल में कर अपवंचना के 9,359 करोड़ रुपए के 158 कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। हालांकि, महानिदेशालय के पास इस बात की जानकारी नहीं है कि इन मामलों में क्या हुआ है, क्योंकि वह इसका रिकॉर्ड नहीं रखता है। सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत मांगी गई जानकारी से यह खुलासा हुआ है।

शहर के आरटीआई कार्यकर्ता अभय कोलारकर ने डीजीजीआई से इस बारे में एकीकृत रूप से जानकारी मांगी थी। डीजीजीआई द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, वित्त वर्ष 2014-15 से 2020-21 तक 9,358 करोड़ रुपए के 158 कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। हालांकि, आरटीआई को लेकर जो जवाब दिया गया है उसमें न तो यह बताया गया है कि कितने कारण बताओ नोटिस (एससीएन) का अधिकारियों ने निपटान किया, कितनी राशि वसूली गई और कितनी राशि के मामले अभी लंबित हैं। कोलारकर ने बताया कि जवाब में स्पष्ट कहा गया है कि इस तरह का कोई आंकड़ा नहीं है। जुलाई, 2017 में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था लागू होने से पहले डीजीजीआई केंद्रीय उत्पाद आसूचना महानिदेशालय (डीजीसीईआई) के रूप में काम करता था।

## इस्पात मंत्री ने एनएमडीसी के स्क्रीनिंग और बेनिफिक्लेशन संयंत्र की आधारशिला रखी

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय** इस्पात मंत्री रामचंद्र प्रसाद सिंह ने शनिवार को कर्नाटक में एनएमडीसी के डोनिमलाई लौह अयस्क खनन परिसर में 70 लाख टन वार्षिक क्षमता वाले स्क्रीनिंग और बेनिफिकेशन संयंत्र की आधारशिला रखी। इस्पात मंत्रालय की ओर से जारी वक्तव्य में कहा गया कि इस दौरे में सिंह ने एनएमडीसी के कर्मचारियों को 10 करोड़ टन की उत्पादन क्षमता का लक्ष्य रखने के लिए प्रेरित किया।एनएमडीसी के चैयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सुमित देब ने सिंह को कंपनी के प्रदर्शन, विस्तार योजना आदि के बारे में जानकारी दी। इससे पहले, पीटीआई-भाषा से देब ने कहा कि एनएमडीसी ने 2030 तक 10 करोड़ टन लौह अयस्क के उत्पादन का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है।

# ओबेरॉय रियल्टी की तीसरी तिमाही की बिक्री बुकिंग दोगुना होकर 1,965 करोड़ रुपए पर

भाषा। नई दिल्ली

OBEROI REALTY

**मुंबई** की रियल एस्टेट कंपनी ओबेरॉय रियल्टी की बिक्री बुकिंग दिसंबर, 2021 में समाप्त चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में गुना से अधिक होकर1,965 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। शुक्रवार को एक नियामकीय सूचना में ओबेरॉय रियल्टी ने कंपनी द्वारा इस वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (एकीकृत आधार पर) के लिए की गई बुकिंग का संक्षिप्त ब्योरा साझा किया है। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान इसकी बिक्री बुकिंग बढ़कर1,965 करोड़ रुपए की हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 971 करोड़ रुपए थी। ओबेरॉय रियल्टी ने पिछली तिमाही के दौरान एक साल पहले की 234 इकाइयों के मुकाबले 371 इकाइयों की बिक्री की। वित्त वर्ष 2021-22 के पहले नौ महीनों के दौरान, कंपनी की बिक्री बुकिंग दो गुना से अधिक होकर 2,964 करोड़ रुपए पर पहुंच गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में1,323 करोड़ रुपए थी। कंपनी ने वित्त वर्ष के पहले नौ माह अप्रैल-दिसंबर में 610 इकाइयों की बिक्री की। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 284 इकाइयों का रहा था। संपत्ति सलाहकारों के अनुसार, पिछले साल अप्रैल-जून की अवधि के दौरान बिक्री को प्रभावित करने वाली कोविड महामारी की दूसरी लहर के बाद प्रमुख 7-8 शहरों में घरों की मांग में तेजी से सुधार हुआ है। घरों की कुल बिक्री में भरोसेमंद रियल एस्टेट डेवलपर्स की बाजार हिस्सेदारी धीरे-धीरे बढ़ रही है। विभिन्न सलाहकारों की रिपोर्ट के अनुसार, कैलेंडर वर्ष 2021 में घरों की बिक्री में पिछले वर्ष की तुलना में 50-70 प्रतिशत की तेजी से वृद्धि हुई। हालांकि, बिक्री अभी 2019 के कोविड-पूर्व के स्तर पर नहीं पहुंची है।


## सीएसबी बैंक के एमडी-सीईओ राजेंद्रन ने कार्यकाल पूरा होने से पहले सेवानिवृत्ति ली

**नई दिल्ली।** सीएसबी बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सी वी आर राजेंद्रन ने स्वास्थ्य कारणों से समय से पहले सेवानिवृत्ति लेने का निर्णय लिया है। उनके उत्तराधिकारी की तलाश के लिए बैंक एक समिति का गठन करेगा।

सीएसबी बैंक ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि बैंक के निदेशक मंडल ने आठ जनवरी, 2022 को हुई बैठक में सी वी आर राजेंद्रन के समयपूर्व सेवानिवृत्ति के अनुरोध पर विचार किया और इसे स्वीकार कर लिया। इसमें बताया गया कि निदेशक मंडल ने राजेंद्रन से अनुरोध किया है कि वह 31 मार्च, 2022 तक अपने पद पर बने रहें। उन्हें नौ दिसंबर, 2016 को बैंक का एमडी एवं सीईओ बनाया गया था और उनका कार्यकाल आठ दिसंबर, 2022 तक है। बैंक ने बताया कि निदेशक मंडल ने एमडी और सीईओ पद के लिए उम्मीदवार की खोज को एक समिति के गठन का फैसला किया है।

# बैंककर्मियों को भी दी जाए बूस्टर डोज, अग्रिम पंक्ति का कर्मचारी माना जाए: एआईबीओसी

भाषा। नई दिल्ली




**पूरे** देश में कोविड-19 संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच बैंक अधिकारियों के संगठन एआईबीओसी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से अपील की है कि एहतिहाती खुराक (बूस्टर डोज) देने के लिए बैंक कर्मचारियों को भी अग्रिम पंक्ति का कर्मचारी (फ्रंटलाइन वर्कर) माना जाए। अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ (एआईबीओसी) ने वित्त मंत्री को लिखे पत्र में सुझाव दिया कि वायरस के संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ने के लिए बैंकों को सप्ताह में पांच दिन खोला जाए। पत्र में यह आग्रह भी किया गया कि सभी शाखाओं या कार्यालयों में केवल 50 प्रतिशत कर्मचारियों की प्रत्यक्ष उपस्थित होनी चाहिए, और बाकी कर्मचारियों को घर से काम करने की अनुमति दी जाए।

एआईबीओसी ने बैंक कर्मचारियों को उपनगरीय रेलवे सेवाओं सहित सार्वजनिक परिवहन का लाभ उठाने के लिए विशेष दर्जा देने की मांग भी की। सरकार ने कहा है कि कोविड-19 वैक्सीन की एहतियाती खुराक 10 जनवरी से स्वास्थ्य कर्मियों, अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों और 60 साल तथा उससे अधिक उम्र के लोगों को दी जाएगी। एआईबीओसी के महासचिव सौम्य दत्ता ने पत्र में कहा कि नियमित अंतराल पर बैंक कर्मचारियों की जांच करने के लिए अनिवार्य रैपिड एंटीजन परीक्षण होना चाहिए। पत्र में कहा गया कि पहली दो लहर में लगभग 2,000 बैंक कर्मचारियों ने अपनी जान गंवाई।

परिसंघ ने कहा, हम खुद को वित्तीय सेना का हिस्सा मानते हैं, जिन्होंने बाधाओं को दूर किया है और संकट के समय में देश की सेवा की। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के अनुसार, देश में अब तक ओमीक्रोन संक्रमण के 3,071 मामले सामने आ चुके हैं और कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में एक दिन में1,41,986 की बढ़ोतरी हुई है।

## एमएसएमई निर्यातकों को वेबसाइट बनाने में मदद को फियो ने रेबेलकॉर्प से हाथ मिलाया

**नई दिल्ली।** सूक्ष्म, लघु एवं मझोला उपक्रम (एमएसएमई) निर्यातकों को कम लागत पर अपनी खुद की वेबसाइट बनाने और कारोबार विस्तार में मदद के लिए फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (फियो) ने रेबेलकॉर्प से हाथ मिलाया है। डिजिटल मंच प्रदाता रेबेलकॉर्प के संस्थापक एवं मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) साद खान ने कहा कि कंपनी निर्यातकों को अपना पोर्टल बनाने में मदद करेगी जिसका वे आसानी से प्रबंधन कर सकेंगे। खान ने कहा, ऐसे समय जबकि दुनिया कोविड-19 की वजह से गंभीर मुद्दों से जूझ रही है हमारे उत्पाद के जरिए निर्यातक और विशेषरूप से एमएसएमई क्षेत्र की इकाइयां अपनी खुद की वेबसाइट बना सकेंगी। उन्होंने कहा कि कारोबार को बढ़ाने के लिए विश्वसनीयता सबसे जरूरी होती है। डिजिटल मंच पर एमएसएमई की उपस्थिति से वे वैश्विक ग्राहकों को आकर्षित कर पाएंगी और इससे देश के कुल निर्यात में भी बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि जिसे बहुत अधिक तकनीकी ज्ञान नहीं है वह भी हमारे इस उत्पाद के जरिए सिर्फ 799 रुपए में अपना पोर्टल बना सकता है।

# गुजरात का कारोबारी निकाय असम के बोडोलैंड क्षेत्र में कपड़ा उद्योग को बढ़ावा देगा



भाषा। नई दिल्ली

**दक्षिण** गुजरात चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एसजीसीसीआई) असम के बोडोलैंड क्षेत्र में कपड़ा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष पहल करेगा, ताकि बुनकरों और क्षेत्रीय विकास में मदद की जा सके। एसजीसीसीआई अध्यक्ष आशीष गुजराती ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि वह शनिवार को गुजरात के सूरत में आयोजित एसजीसीसीआई एक्सपो 2022 के उद्घाटन सत्र में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि चैंबर - जो देश के प्रमुख कपड़ा उद्योगों का प्रतिनिधित्व करता है - जल्द ही असम के बोडोलैंड टेक्सटाइल मिशन के हिस्से के रूप में प्रमोद बोरो की अध्यक्षता वाले बीटीआर (बोडोलैंड टेरिटोरियल रीजन) प्रशासन के साथ एक सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर करेगा। बयान के मुताबिक एक्सपो का उद्घाटन केंद्रीय कपड़ा और रेल राज्य मंत्री दर्शन वी जरदोश ने बीटीआर प्रमुख बोरो और कपड़ा उद्योग के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुसार बुनकरों की पारंपरिक ताकत के साथ आधुनिक तकनीक और बाजार संबंधों का उपयोग करके बीटीआर का समर्थन किया जाएगा।जरदोश ने हाल में दो बार बीटीआर का दौरा किया और उन्होंने कोकराझार में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के साथ बोडोलैंड टेक्सटाइल मिशन का उद्घाटन किया था।

## उद्यमियों के उत्साह को विशेषज्ञता से जोड़ने की जरूरत : विजयराघवन

**अहमदाबाद।** भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के. विजयराघवन ने शनिवार को कहा कि संभावित नवोन्मेषों और उद्यमियों के असाधारण उत्साह के साथ क्षेत्र की गहन जानकारी रखने वाले विशेषज्ञों का मेल कराने की आवश्यकता है अन्यथा असफलता का जोखिम बना रहेगा। विजयराघवन ने ईवीएंजेलाइज कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि ऐसे नवोन्मेषों और उद्यमियों का राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर की प्रौद्योगिकियों तथा प्रौद्योगिकी-आर्थिक नजरिए से बेहतरी तरीके से जुड़ाव होना चाहिए। ईवीएंजेलाइज कार्यक्रम का अहमदाबाद की स्टार्टअप आईक्रिएट ने डिजिटल तरीके से आयोजन किया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य इलेक्ट्रिकिव वाहन उप-घटक क्षेत्र में नवोन्मेषों की नई पीढ़ी की पहचान करना था। उन्होंने कहा कि उद्यमियों को यह भी सोचना चाहिए कि वे क्या करना चाहते हैं और किन लोगों की समस्याओं को वे सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं।

# डी-मार्ट का तीसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 23.6 प्रतिशत बढ़कर 552.53 करोड़ पर




भाषा। नई दिल्ली

**डी-मार्ट** खुदरा श्रृंखला का परिचालन करने वाली एवेन्यू सुपरमार्ट्स का एकीकृत शुद्ध लाभ 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 23.62 प्रतिशत बढ़कर 552.53 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 446.95 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। बीएसई को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी परिचालन आय 22.22 प्रतिशत बढ़कर 9,217.76 करोड़ रुपए पर पहुंच गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 7,542 करोड़ रुपए थी। तिमाही के दौरान कंपनी का कुल खर्च भी 21.72 प्रतिशत बढ़कर 8,493.55 करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 6,977.88 करोड़ रुपए था। एवेन्यू सुपरमार्ट्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक नेविल नोरोन्हा ने कहा, डी-मार्ट के स्टोरों की आमदनी तिमाही के दौरान 22 प्रतिशत बढ़ी। हालांकि, सकल मार्जिन में कुछ कमी आई है।

# पेज एक का शेष

## पांच राज्यों...

जनवरी तक लोगों की शारीरिक रूप से मौजूदगी वाली कोई जनसभा (फिजिकल रैली), पदयात्रा, साइकिल रैली, बाइक रैली रोडशो की अनुमति नहीं होगी...आगे चुनाव आयोग कोविड महामारी की स्थिति की समीक्षा करेगा और इसके मुताबिक निर्देश जारी करेगा। चंद्रा ने कहा, रात आठ बजे से सुबह बजे के बीच कोई सभा नहीं होगी। सार्वजनिक सड़कों पर कोई नुक्कड़ सभा नहीं होगी। चुनाव नतीजों के बाद कोई विजय जुलूस नहीं निकाला जाएगा। चंद्रा ने बताया कि सभी राज्यों को यह हलफनामा देना होगा कि वे सभी दिशानिर्देशों का पालन करेंगे। कोविड दिशानिर्देशों का पालन नहीं करने वाले कानूनी कार्रवाई के भागी होंगे। उन्होंने कहा, हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि ज्यादा से ज्यादा डिटिजल चुनाव प्रचार हो। मुख्य चुनाव आयुक्त से प्रश्न किया गया कि विशेषज्ञों का अनुमान है कि महामारी की तीसरी लहर फरवरी महीने में अपने चरम पर होगी, ऐसे में आयोग ने 15 जनवरी तक ही प्रतिबंध की सीमा को क्यो रखा? इसके जवाब में चंद्रा ने कहा कि स्थितियां अभूतपूर्व हैं और कोई भी यह भविष्यवाणी नहीं कर सकता कि उस समय क्या स्थिति रहेगी। जिन पांच राज्यों में आज चुनाव के कार्यक्रमों की घोषणा की गई, उनमें पंजाब को छोड़कर शेष सभी राज्यों में भाजपा की सत्ता है। पंजाब में कांग्रेस का शासन है। उत्तर प्रदेश विधानसभा का कार्यकाल 14 मई को पूरा हो रहा है जबकि उत्तराखंड और पंजाब विधानसभा का कार्यकाल 23 मार्च को समाप्त हो रहा है।

## 15 जनवरी...

बाइक रैली रोडशो की अनुमति नहीं होगी...आगे चुनाव आयोग कोविड महामारी की स्थिति की समीक्षा करेगा और इसके मुताबिक निर्देश जारी करेगा। चंद्रा ने कहा, रात आठ बजे से सुबह बजे के बीच कोई सभा नहीं होगी। सार्वजनिक सड़कों पर कोई नुक्कड़ सभा नहीं होगी। चुनाव नतीजों के बाद कोई विजय जुलूस नहीं निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि आगे स्थिति की समीक्षा के बाद ही चुनाव प्रचार के लिए राज्यों में कोविड से संबंधित दिशानिर्देश के अनुसार कार्यक्रमों की अनुमति दी जाएगी। चंद्रा ने बताया कि सभी राज्यों को यह हलफनामा देना होगा कि वे सभी दिशानिर्देशों का पालन करेंगे। कोविड दिशानिर्देशों का पालन नहीं करने वाले कानूनी कार्वाई के भागी होंगे। उन्होंने कहा, हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि ज्यादा से ज्यादा डिटिजल चुनाव प्रचार हो। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर सैनिटाइजर और मास्क जैसी कोविड से बचाव की सुविधाएं उपलब्ध होंगी और कोविड की स्थिति को देखते हुए मतदाता केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाएगी। आयोग ने राष्ट्रीय और राज्य स्तर की पार्टियों के स्टार प्रचारकों की सूची को भी 40 से घटाकर 30 कर दिया है। छोटे और गैर पंजीकृत दलों के लिए स्टार प्रचारकों की संख्या अब 20 की जगह 15 होगी। उसने यह भी कहा कि कोविड संक्रमित लोग और पृथक-वास में रहने वाले लोग मतदान के आखिरी घंटों में अपने मतदान केंद्रों पर मतदान कर सकेंगे तथा इस दौरान कोविड से सुरक्षा के पूरे एहतियाती उपाय किए जाएंगे।

## ओमीक्रोन बन...

है कि सभी पूर्वी राज्यों में भी ओमीक्रोन से संक्रमण बढ़ रहा है। इसलिए यह कहा जा सकता है कि सभी राज्यों में बेहद संक्रामक वायरस के ओमीक्रोन वैरिएंट के कारण कोविड-19 महामारी की तीसरी लहर तेजी से फैल रही है। सरकार ने लोगों से कोविड-उपयुक्त व्यवहार का पालन करने और भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचने का फिर से आग्रह किया है।

## विभिन्न पर्सनल...

में सुधार पर एक परामर्श पत्र अपलोड किया था। हलफनामे में कहा गया है, इस मामले पर विधि आयोग की रिपोर्ट मिलने के बाद सरकार इस मामले में शामिल विभिन्न हितधारकों के साथ विमर्श के बाद इसकी पड़ताल करेगी। इसमें कहा गया, विभिन्न समुदायों के अलग-अलग पर्सनल लॉ के प्रावधानों का गहन अध्ययन करने की आवश्यकता है। इस मामले की महत्ता और संवेदनशीलता के मद्देनजर केंद्र सरकार ने समान नागरिक संहिता संबंधी विभिन्न मामलों की समीक्षा करने और फिर सिफारिश करने का भारत के विधि आयोग से अनुरोध किया था। केंद्र ने कहा कि यह याचिका विचारणीय नहीं है, क्योंकि यूसीसी बनाए जाने का काम नीतिगत मामला है, जिस पर लोगों के निर्वाचित प्रतिनिधि फैसला करते हैं और इस मामले में कोई निर्देश जारी नहीं किया जा सकता। अदालत ने मई 2019 में भारतीय जनता पार्टी के नेता और वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर केंद्र की प्रतिक्रिया मांगी थी।

## मिशनरीज ऑफ...

रद्द कर दिया है। उसने यह भी कहा था कि उसने मिशनीज ऑफ चैरिटी का कोई खाता जब्त नहीं किया है लेकिन भारतीय स्टेट बैंक ने उसे बताया है कि एनजीओ ने अपने खातों पर रोक लगाने के लिए खुद बैंक को अनुरोध भेजा है। यह मामला सामने आने के बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने मिशनरीज ऑफ चैरिटी के बैंक खातों को कथित तौर पर जब्त करने के लिए सरकार की आलोचना की थी। गृह मंत्रालय की कार्वाई के बाद ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने सभी जिलाधीशों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे कि राज्य में चल रही मिशनरीज ऑफ चैरिटी की किसी भी इकाई को कोई वित्तीय संकट का सामना न करना पड़े और अगर जरूरत पड़ती है तो उनकी मदद करने के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष का इस्तेमाल किया जाए।

## भाजपा की...

कुछ सदस्य महापौर के आसन के पास पहुंच कर विरोध जताने लगे। चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए आप पार्षदों ने नई महापौर को सदन को संबोधित करने से रोका। पार्षदों को हटाने के लिए पहले मार्शल को बुलाया गया और बाद में पुलिस को बुलाना पड़ा। भाजपा के दलीप शर्मा, आप की प्रेम लता को दो मतों से हराने के बाद वरिष्ठ उप महापौर बन गए। वहीं, भाजपा के अरुण गुप्ता ने आप के रामचंद्र यादव को हराकर उप महापौर की सीट पर कब्जा जमाया। दोनों उम्मीदवारों को 14-14 मत मिले थे जिसके चलते नतीजा टाई हो गया था। इसके बाद पर्ची डालकर किए गए चुनाव (ड्रॉ ऑफ लॉट्स) के जरिए भाजपा के गुप्ता को उप महापौर चुन लिया गया। चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव के नतीजे 27 दिसंबर को घोषित किए गए थे, जिसमें 35 सीटों में से आम आदमी पार्टी को 14 और भाजपा को 12 पर विजय प्राप्त हुई थी। कांग्रेस को आठ तथा अकाली को एक सीट मिली थी। हालांकि, कांग्रेस की पार्षद हरप्रीत कौर बबला चुनाव परिणाम घोषित होने के कुछ दिनों बाद भाजपा में शामिल हो गई थीं।

## सरकार ने...


कहा, काम जारी है। मंत्रालय इंटरनेट को सुरक्षित और भरोसेमंद रखने की तथा मध्यवर्तियों को सामग्री के लिए बहुत गंभीरता से जवाबदेह ठहराने की जिम्मेदारी लेता है।

## उप्र के...

और उनकी पत्नी डिंपल यादव प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के सुब्रत पाठक ने इस संसदीय सीट से डिंपल यादव को पराजित कर दिया था। असीम अरुण के इस फैसले के बाद कई राजनीतिक निहितार्थ निकाले जा रहे हैं। असीम अरूण के पास अभी सेवानिवृत्ति के लिए लगभग नौ साल का वक्त बचा है। उन्होंने कथित तौर पर वीआरएस के लिए अपनी अर्जी मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मुकुल गोयल को सौंपी है। दूरभाष पर पीटीआई-भाषा से बातचीत में डीजीपी मुकुल गोयल ने पुष्टि की कि एडीजीपी असीम कुमार अरुण ने वीआरएस के लिए आवेदन दिया है। गोयल ने कहा, मुझे शनिवार को लिखित वीआरएस आवेदन मिला है और आगे की कार्रवाई के लिए राज्य सरकार को भेजा गया है। हालांकि, उन्होंने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की घोषणा के कुछ घंटों बाद वीआरएस मांगने के पीछे कोई और टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। एक अन्य अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अपने आवेदन में उन्होंने तत्काल कार्यमुक्त होने का अनुरोध किया था। अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा उनके लिखित अनुरोध को मंजूरी मिलने के बाद उन्हें जल्द ही सेवाओं से मुक्त कर दिया जाएगा। इस संदर्भ में प्रयास के बावजूद असीम अरुण से बातचीत नहीं हो सकी। असीम के पिता श्रीराम अरुण उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक रह चुके हैं जिनका कुछ समय पहले निधन हो चुका है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में अधिकारियों के वीआरएस लेकर राजनीति में आने के पहले के भी कई उदाहरण हैं। गुजरात कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1988 बैच के अधिकारी अरविंद कुमार शर्मा भी पिछले वर्ष वीआरएस लेकर राजनीति में सक्रिय हो गए।

# भारतीय राजदूत ने अमेरिकी राष्ट्रपति के सलाहकार से मुलाकात की

**भाषा।** वाशिंगटन




**अमेरिका में** भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने विज्ञान संबंधी मामलों के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति के सलाहकार प्रोफेसर एरिक लैंडर से मुलाकात की और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने को लेकर उनके साथ विचार साझा किए। संधू और लैंडर के बीच शुक्रवार को हुई बैठक में स्वास्थ्य सेवा, प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष, पृथ्वी एवं महासागर विज्ञान, ऊर्जा, उभरती प्रौद्योगिकियों और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग समेत अहम क्षेत्रों पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक के बाद संधू ने ट्वीट किया, हमने भारतीय और अमेरिकी नेतृत्व की प्राथमिकता वाले क्षेत्र- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग मजबूत करने पर विचार साझा किए। यह बैठक स्वास्थ्यसेवा के संदर्भ में महत्ता रखती है। गणितज्ञ और आनुवांशिकीविद लैंडर जीनोमिक्स और मॉलिक्यूलर बायोलॉजी में भी विशेषज्ञ हैं। वह भारत में वैज्ञानिक समूहों से लंबे समय से जुड़े रहे हैं। यह बैठक ऐसे समय में हुई है, जब कोविड-19 के टीकों एवं दवाओं के संबंध में किफायती समाधान मुहैया कराने के लिए अमेरिका और भारत सहयोग कर रहे हैं। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में दोनों देशों के बीच अक्टूबर, 2021 में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे। संधू विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत और अमेरिका के संबंधों को मजबूत करने के लिए कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से बैठक कर रहे हैं। संधू ने लैंडर के अलावा एनर्जी फॉर साइंस के अवर मंत्री गेराल्डिन रिचमंड से भी मुलाकात की थी।

# हैती में राजधानी के पास गिरोह ने दो पत्रकारों की हत्या की: पुलिस

**पोर्ट ऑ प्रिंस ( हैती )।** पोर्ट ऑ प्रिंस के दक्षिण में एक विवादित क्षेत्र में रिपोर्टिंग करते समय हैती के दो पत्रकारों की एक गिरोह के सदस्यों ने हत्या कर दी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वहीं, कैरेबियाई देश में हिंसा में वृद्धि जारी है।

पत्रकार के नियोक्ता और मीडिया में आई कुछ खबरों में बताया गया कि दोनों को गोली मारी गई और फिर उन्हें जिंदा जला दिया गया। हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की। पुलिस के एक बयान में केवल इतना कहा गया है कि शवों पर गोली लगने के निशान थे।रेडियो इकूट एफएम ने कहा कि पत्रकार जॉन वेस्ले अमाडी को बृहस्पतिवार को लाबूल में हथियारबंद डाकुओं ने मार दिया था, जब वह गिरोह से घिरे क्षेत्र में सुरक्षा मुद्दों पर रिपोर्टिंग कर रहे थे।स्टेशन के महाप्रबंधक फ्रेंकी एटिस ने कहा, हम इस आपराधिक और बर्बर कृत्य की कड़ी निंदा करते हैं, जो जीवन जीने विशेष रूप से पत्रकारों के देश में स्वतंत्र रूप से काम करने के अधिकारों पर गंभीर हमला करता है। पुलिस ने एक बयान जारी कर अमाडी (30) और विल्गुएन्स लुइसेंट (22) की मौत की पुष्टि की। प्रारंभ में सूचना मिली थी कि तीन पत्रकार घटनास्थल पर गए थे और दो मारे गए थे जबकि तीसरा वहां से भाग निकला था।हैती में ऑनलाइन मीडिया एसोसिएशन के अध्यक्ष गोडसन लेब्रून ने कहा, 2022 की शुरुआत में गिरोह ने हैती में फिर से हमला किया। मैं इन साथी पत्रकारों को नमन करता हूं जो सिर्फ इसलिए मारे गए क्योंकि वे सूचना पहुंचाना चाहते थे। मैं इस सिलसिले में जांच और न्याय की मांग करता हूं। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा, यह सिर्फ एक और उदाहरण है कि दुनिया भर के पत्रकार क्या सामना करते हैं और दुख की बात है कि उनकी हत्या सिर्फ सच बोलने की कोशिश के लिए की जाती है और हम इसके लिए सिर्फ दंड की उम्मीद कर सकते हैं। हैती के प्रधानमंत्री एरियल हेनरी ने उन गिरोहों पर नकेल कसने का संकल्प लिया है। अधिकारियों ने अपहरण के मामलों में वृद्धि और गैस वितरण टर्मिनलों पर रुकावटों के लिए इन गिरोहों को दोषी ठहराया है, जिससे हाल के महीनों में ईंधन की गंभीर कमी हुई है।




दक्षिण कोरिया के सियोल में सरकारी परिसर के पास सरकार से एक कोविड-19 वैक्सीन पास कार्यक्रम के विस्तार की अपनी योजना को वापस लेने की मांग करते प्रदर्शनकारी

## अभी यह बताना जल्दबाजी होगी कि कोविड टीके की अतिरिक्त खुराक की जरूरत है या नही : सिंगापुर

**सिंगापुर।** सिंगापुर के स्वास्थ्य मंत्री ओंग ए कुंग ने कहा कि अभी यह बताना बहुत जल्दबाजी होगी कि क्या कोविड-19 रोधी टीके की और खुराकों की आवश्यकता पड़ेगी।उन्होंने शुक्रवार को कहा, इस सवाल का जवाब देना अभी बहुत जल्दबाजी होगी। अगर हम इंफ्लुएंजा जैसे स्थानिक रोगों को देखे तो लोग अपनी सुरक्षा के लिए हर साल टीके लगवाते हैं। क्योंकि इंफ्लुएंजा का वायरस उत्परिवर्तित होता रहता है इसलिए हर साल टीके की एक नई खुराक की आवश्यकता होती है।

चैनल न्यूज एशिया ने मंत्री के हवाले से कहा, क्या हमें भविष्य में कोविड-19 रोधी टीकों की खुराकों की आवश्यकता है तो यह इस पर निर्भर करता है कि तीन खुराकों से मिली सुरक्षा कितनी तेजी से खत्म होती है और क्या वायरस उत्परिवर्तित होता है। ओंग ने कहा कि इजराइल ही अभी तक ऐसा देश है जहां उन लोगों को चौथी खुराक दी गई है जिनकी प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर है। देश में फाइजर-बायोएनटेक टीके की चौथी खुराक 60 साल से अधिक आयु के लोगों, स्वास्थ्य कर्मियों और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले मरीजों को दी जा रही है। मंत्री ने अपने फेसबुक पोस्ट में कई सवालों का जवाब देते हुए उन लोगों को बूस्टर खुराक देने की सिफारिश की जो कोविड-19 से उबर चुके हैं। इस बीच, स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार दोपहर तक कोविड-19 के 777 नए मामलों की पुष्टि की, जिनमें से 396 मामले विदेश से आए लोगों के हैं। दो मरीजों की मौत होने देश इस महामारी से जान गंवाने वाले लोगों की संख्या 837 हो गई है। इसके अलावा मंत्रालय ने शुक्रवार को ओमीक्रोन के 535 नए मामलों की भी पुष्टि की।

# पाकिस्तान के मुर्री शहर में भारी हिमपात के कारण वाहनों में फंसे 21 लोगों की मौत

**भाषा।** लाहौर

**पाकिस्तान के** पर्वतीय पर्यटन स्थल मुर्री में भारी हिमपात और अधिक संख्या में पर्यटकों के आने के कारण वाहनों में फंसने से नौ बच्चों समेत 21 लोगों की मौत हो गई जिसके बाद शनिवार को इसे आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित कर दिया गया। रावलपिंडी जिले में स्थित मुर्री तक जाने वाला हर रास्ता उस वक्त अवरुद्ध हो गया जब हजारों की संख्या में वाहन शहर में आ गए और पर्यटक सड़कों पर फंस गए।

डॉन अखबार की खबर के अनुसार लगभग एक हजार कार पर्यटन स्थल पर फंस गए। पंजाब के मुख्यमंत्री ने बचाव कार्य में तेजी लाने और फंसे हुए पर्यटकों को मदद पहुंचाने के निर्देश जारी किए। रेस्क्यू 1122 द्वारा बनाई गई सूची के अनुसार, नौ बच्चों समेत कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई है। प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक बयान कहा कि मुर्री जाने वाले रास्ते पर पर्यटकों की मौत की घटना से वह स्तब्ध और दुखी हैं। खान ने ट्वीट किया, जबरदस्त बर्फबारी और मौसम की स्थिति जाने बिना भारी संख्या में पर्यटकों के आने से जिला प्रशासन तैयारी नहीं कर सका। जांच के आदेश दिए गए हैं और इस तरह की त्रासदी दोबारा न हो, इसके लिए कड़े नियम बनाए जा रहे हैं। गृह मंत्री शेख रशीद ने एक वीडियो संदेश में कहा कि सड़कों से वाहनों को हटाने के लिए सेना को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि मुर्री में 15-20 साल बाद इतनी अधिक संख्या में पर्यटक आए थे जिसके कारण यह हादसा हुआ। रशीद ने कहा कि सरकार को इस्लामाबाद से मुर्री तक सड़क मार्ग बंद करना पड़ा। रशीद ने कहा, रात से एक हजार वाहन फंसे हैं[8230] और कुछ को निकाल लिया गया है। कार में 16-19 मौतें हुईं। स्थानीय लोगों ने फंसे हुए लोगों को खाना और कपड़े उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि रविवार रात नौ बजे तक मुर्री तक जाने वाली सड़क को बंद रखा जाएगा। जियो न्यूज की खबर के अनुसार मंत्री ने कहा, हमने पर्यटकों के मुर्री जाने पर पाबंदी लगाने का निर्णय लिया है। यह मुर्री जाने का समय नहीं है। पंजाब सरकार ने भारी बर्फबारी होने के बाद मुर्री को आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित कर दिया है।

## मेक्सिको में सड़क किनारे नौ शव पाए गए

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के खाड़ी तट पर स्थित राज्य वेराक्रूज में सड़क किनारे नौ शव मिले हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज्य पुलिस के सुरक्षा विभाग ने इन हत्याओं को अपराध से निपटने के लिए किए जा रहे काम के नतीजों की प्रतिक्रिया बताया है। वेराक्रूज के गवर्नर कुइत्लाहुएक गार्शिया ने कहा कि शुक्रवार को घटनास्थल पर नौ शव पाए गए और उन्होंने इन हत्याओं में गिरोहों के शामिल होने का संदेह जताया है।

गार्शिया ने कहा, हम आपराधिक गिरोहों के बीच बदले के किसी भी कृत्य को बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व में वेराक्रूज प्रशासनों ने मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोहों के साथ समझौते किए थे लेकिन ए गिरोह थोड़े गुस्से में थे कि ऐसे समझौते लागू नहीं किए जाते।

## क्विक न्यूज

### चीनी अंतरिक्ष यात्रियों ने अंतरिक्ष स्टेशन में पहली बार सफलतापूर्वक डॉकिंग प्रयोग किया

**बीजिंग।** चीन के निर्माणाधीन अंतरिक्ष स्टेशन के कोर माड्यूल में तीन चीनी अंतरिक्ष यात्रियों ने पहली बार तियानझाउ-2 कार्गो यान के साथ सफलतापूर्वक डॉकिंग प्रयोग किया है। चाइना मैन्ड स्पेस एजेंसी (सीएमएसए) ने बताया कि कोर मॉड्यूल में अंतरिक्ष यात्री तियानझाउ-2 कार्गो यान को दूरस्थ संचालन कर कोर मॉड्यूल की नोड केबिन के अगले डॉकिंग पोर्ट से बाहर निकले, जिसमें जमीनी नियंत्रण इंजीनियर ने सहयोग किया। पार्किंग स्थल पर कुछ देर रहने के बाद कार्गो यान अंतरिक्ष स्टेशन परिसर की ओर बढ़ा और अंतरिक्ष यात्रियों के दूरस्थ संचालन के जरिए डॉकिंग की। सीएमएसए ने कहा कि इस प्रयोग में करीब दो घंटे का वक्त लगा। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के मुताबिक ऐसा प्रयोग पहली बार किया गया,जब तीन चीनी अंतरिक्ष यात्रियों, झाई झिगांग, ए गुआंगफु और वांग यापिंग ने डॉकिंग के लिए कार्गो यान के संचालन के लिए दूरस्थ संचालन वाले उपकरणों का उपयोग किया। चीन ने पिछले साल 16 अक्टूबर को शेंझोउ-13 अंतरिक्ष यान प्रक्षेपित कर तीन अंतरिक्ष यात्रियों को निर्माणाधीन अंतरिक्ष स्टेशन पर छह महीने के अभियान पर भेजा था। यह चीनी अंतरिक्ष स्टेशन के लिए चीन का दूसरा मानवयुक्त अंतरिक्ष अभियान है।

### ब्रिटेन सरकार के सलाहकारों ने टीके की चौथी खुराक के खिलाफ अनुशंसा की

**लंदन।** ब्रिटेन सरकार के सलाहकारों ने नर्सिंग होम में भर्ती और 80 वर्ष की आयु से अधिक लोगों को कोविड-19 टीके की चौथी खुराक देने के विरूद्ध सिफारिश की है क्योंकि डेटा से पता चलता है कि तीसरी खुराक अस्पताल में भर्ती कराने की नौबत से स्थाई सुरक्षा प्रदान करता है।ब्रिटेन में स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी की ओर से तैयार आंकड़ों के मुताबिक 65 साल से ऊपर के लोगों को, तीसरी खुराक लेने के तीन महीने बाद तक अस्पताल में भर्ती होने से 90 प्रतिशत सुरक्षा मिलती है। नतीजतन, टीकाकरण पर संयुक्त समिति ने शुक्रवार को सरकार को सलाह दी कि इस समय कमजोर लोगों को चौथी खुराक, या दूसरा बूस्टर (अतिरिक्त खुराक) देने की कोई आवश्यकता नही है। इसके बजाय, सरकार को अधिक से अधिक लोगों को तीसरी खुराक देने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए ताकि अत्यधिक संक्रामक ओमीक्रोन स्वरूप के खिलाफ सुरक्षा को बढ़ावा दिया जा सके।समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर वेई शेन लिम ने कहा, वर्तमान आंकड़ों से पता चलता है कि अतिरिक्त खुराक गंभीर बीमारी के खिलाफ उच्च स्तर की सुरक्षा अब भी प्रदान कर रही है, यहां तक कि सबसे कमजोर वृद्ध आयु समूहों के लिए भी। उन्होंने कहा, इस कारण से, समिति ने निष्कर्ष निकाला है कि दूसरी अतिरिक्त खुराक देना शुरू करने की तत्काल आवश्यकता नही है, हालांकि इसकी समीक्षा जारी रहेगी।

### कैंटीन भवन में विस्फोट होने से 16 लोगों की मौत, 10 घायल

**बीजिंग।** चीन ने वुलोंग जिले में एक कैंटीन भवन में हुए विस्फोट की जांच का शनिवार को आदेश दिया। शुक्रवार को हुए विस्फोट में भोजन कर रहे 16 लोगों की मौत हो गई जबकि 10 अन्य लोग घायल हो गए। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के अनुसार विस्फोट गैस रिसाव के कारण हुआ, जिसके चलते इमारत ढह गई और 26 लोग उसमें फंस गए। खबर में कहा गया है कि 16 लोगों की मौत हो गई और 10 लोग घायल हो गए। एक की हालत नाजुक है। शुक्रवार मध्यरात्रि तक सभी लोगों को मलबे से बाहर निकाल लिया गया था। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जिस समय कैंटीन में विस्फोट हुआ तब लोग दोपहर का भोजन कर रहे थे। आपात प्रबंधन मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि चीन के केंद्रीय मंत्रिमंडल की कार्य सुरक्षा समिति जांच की निगरानी करेगी।खबर के अनुसार मंत्रालय ने एक कार्य दल को घटनास्थल पर भेजा है, जो बचाव और जांच प्रयासों का मार्गदर्शन करेगा। साथ ही 600 से अधिक लोग बचाव कार्य में जुटे हैं।

### ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री टर्नबुल कोरोना वायरस से संक्रमित

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में कोविड-19 के मामलों में तेज बढ़ोतरी के बीच देश के पूर्व प्रधानमंत्री मैल्कम टर्नबुल शनिवार को कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए। 2015 से 2018 तक देश के प्रधानमंत्री रहे टर्नबुल ने ट्वीट किया, लाखों अन्य ऑस्ट्रेलियाई नागरिकों की तरह मै भी कोरोना वायरस से संक्रमित पाया गया हूं। अभी तक बीमारी के लक्षण मामूली है। मै पृथक-वास में रह रहा हूं, जो आवश्यक है। ऑस्ट्रेलिया के वित्त मंत्री जोश फ्राइडेनबर्ग भी संक्रमित पाए गए है। न्यू साउथ वेल्स में शनिवार को संक्रमण के 45,098 नए मामले सामने आए, जबकि एक दिन पहले 38,625 नए मामले पाए गए थे। विक्टोरिया में शनिवार को संक्रमण के 51,356 मामले सामने आए, जो एक दिन पहले सामने आए मामलों से दुगुनी संख्या है। न्यू साउथ वेल्स की उप सचिव सुसन पीयर्स ने कहा कि ओमीक्रोन संक्रमण के मामले में राज्य अभी अपने चरम पर नही पहुंचा है और इसके जनवरी के तीसरे से अंतिम सप्ताह में चरम पर पहुंचने की संभावना है।

### नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड की जांच में कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि

**काठमांडू।** पूर्व प्रधानमंत्री और नेपाल के सत्तारूढ़ गठबंधन के वरिष्ठ नेता पुष्प कमल दहल प्रचंड की जांच में कोरोना वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रचंड के निजी सचिव गंगा दहल ने संवाददाताओं को बताया कि सांस लेने में तकलीफ के बाद शुक्रवार शाम को आरटी पीसीआर जांच में प्रचंड को संक्रमित पाया गया। प्रचंड दो बार नेपाल के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। उनकी हालत स्थिर बताई गई है। उनके निजी सचिव रमेश मल्ला की जांच में भी संक्रमण की पुष्टि हुई है।

### पश्चिमी चीन के सुदूरवर्ती क्षेत्र में भूकंप आया, चार लोग घायल

**बीजिंग।** पश्चिमी चीन के चिंगहाई प्रांत के कम आबादी वाले इलाके में शुक्रवार देर रात को भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप से कई सुरंगों के क्षतिग्रस्त होने के कारण रेल सेवा बाधित हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि मेन्यूआन हुई स्वायत्तशासी काउंटी में चार लोग मामूली रूप से घायल हुए है जिन्हे इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। देर रात पौने दो बजे 6.9 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के बाद लोग घरों से बाहर निकल आए। भूकंप का केंद्र प्रांत की राजधानी शिनिंग के एक पर्वतीय क्षेत्र में करीब 140 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में 10 किलोमीटर की गहराई में था। यह क्षेत्र समुद्र तल से 3,659 मीटर ऊपर है। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी की विदेशी शाखा सीजीटीएन द्वारा ऑनलाइन पोस्ट किए गए रात के समय के वीडियो में घर के फर्नीचर और छत में लगे लैंप हिलते-डोलते और मवेशियों के अचानक खड़े होकर इधर-उधर भागते दिखे। सरकारी चाइना न्यूज सर्विस की तस्वीरों में टूटी हुई खिड़की और बिखरी हुई टाइलें तथा ढहकर गिरा छत का एक बड़ा हिस्सा नजर आया, जो भूकंप के हुए नुकसान को दर्शाता है।आधिकारिक शिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार भूकंप के केंद्र से पांच किलोमीटर के दायरे में पांच गांव है।



अलमाटी, कजाकिस्तान में संघर्ष के बाद एक सड़क पर गश्त करते सैनिक

## चीन के चैंग-4 के लैंडर और रोवर ने चंद्रमा के सुदूर क्षेत्र में।,003.9 मीटर की यात्रा की

**बीजिंग।** चीन के चेंग-4 चंद्रमा अन्वेषण के लैंडर और रोवर युतु-2 ने पृथ्वी के प्राकृतिक उपग्रह के सुदूर क्षेत्र में दक्षिणी ध्रुव पर।,003.9 मीटर की यात्रा पूरी कर ली है और एक रहस्यमई वस्तु की तस्वीर ली है।

चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने चंद्रमा अन्वेषण एवं चाइना नेशनल स्पेस एडमिन्स्ट्रेशन के अंतरिक्ष कार्यक्रम केंद्र के हवाले से कहा कि युतु-2 या जेड रैबिट-2 द्वारा बृहस्पतिवार मध्य रात्रि तक।,003.9 मीटर की दूरी तय की गई। चेंग-4 अन्वेषण यान को आठ दिसंबर 2018 को प्रक्षेपित किया गया था और वह चंद्रमा के सुदूर क्षेत्र में दक्षिणी ध्रुव के वोन कारमान खड्ड में तीन जनवरी 2019 को उतरा था। इसने अब तक अछूते रहे इस क्षेत्र की करीबी तस्वीरें भी भेजी थी। ताजा जानकारी के मुताबिक, युतु-2 ने अपने स्थान से करीब 80 मीटर की दूरी पर एक रहस्यमई तस्वीर ली है। यह एक घनाकार वस्तु की है।

# दुर्लभ और लाइलाज बीमारी से जूझ रहे कोलंबियाई शख्स को मिली इच्छामृत्यु

**कैली ( कोलंबिया )।** एक दुर्लभ, दर्दनाक और लाइलाज बीमारी से जूझ रहे विक्टर एस्कोबार को शुक्रवार को हमेशा-हमेशा के लिए चैन की नींद सुला दिया गया और वह कोलंबिया के पहले नागरिक बन गए, जिसे मौत के करीब न होने के बावजूद भी इच्छामृत्यु दे दी गई। एस्कोबार ने इस हफ्ते कहा था, मैं बहुत शांति महसूस करता हूं। मेरे साथ जो होने वाला है मुझे उससे डर नहीं लगता है। उन्होंने मुझे बताया कि पहले मुझे धीरे-धीरे बेहोश किया जाएगा तो मेरे पास अलविदा कहने का वक्त है। उसके बाद इच्छामृत्यु का इंजेक्शन दिया जाएगा जो दर्दरहित होगा- एक बहुत शांतिपूर्ण मौत। मुझे भगवान पर भरोसा है कि सब कुछ ऐसा ही होगा। उनके वकील लुइस गिराल्डो ने शुक्रवार शाम को बताया कि प्रक्रिया पूरी हो गई है और एस्कोबार की मौत हो चुकी है।

देश की एक अदालत ने जुलाई में फैसला देते हुए इच्छामृत्यु के नियमों में बदलाव किया था और उन लोगों के लिए भी इच्छामृत्यु के दरवाजे खोल दिए थे जो एक गंभीर और लाइलाज बीमारी के कारण गहन शारीरिक और मानसिक पीड़ा झेल रहे हैं चाहे उनकी मौत करीब न हो। हालांकि, कैथोलिक चर्च इस फैसले के विरोध में है। कैली में अपने अपार्टमेंट में एस्कोबार में बृहस्पतिवार को कहा, एक दरवाजा खुल गया है ताकि मेरे जैसे मरीज को गरिमापूर्ण तरीके से मरने का अवसर मिले। मॉर्फिन जैसी दवा भी उनके दर्द को कम नहीं कर पा रही थी और उन्होंने बताया कि अन्य दवाएं भी उनके शरीर पर असर नहीं कर पा रही थीं। वह 2008 से बीमार थे जब दो बार आघात आने से उनके आधे शरीर को लकवा मार गया। हालांकि बाद में कुछ अंगों ने काम करना शुरू कर दिया लेकिन उन्हें सांस लेने में रुकावट पैदा करने वाली फेफड़ों की बीमारी, हाइपरटेंशन, मधुमेह, गंभीर गठिया जैसे रोगों ने जकड़ लिया और एक दुर्लभ बीमारी भी हो गई, जिसमें पसलियां वक्ष की ऊपरी हड्डी से जुड़ जाती है जिससे दर्दनाक सूजन होती है।

# कजाकिस्तान में विरोध प्रदर्शनों को लेकर आतंकवाद रोधी एजेंसी के पूर्व प्रमुख को गिरफ्तार किया गया

**मॉस्को।** कजाकिस्तान में हुए हिंसक प्रदर्शनों के मद्देनजर सरकार को गिराने की कोशिश करने के आरोपों के तहत देश की आतंकवाद रोधी एजेंसी के पूर्व प्रमुख को गिरफ्तार किया गया है। राष्ट्रपति ने इन प्रदर्शनों के लिए विदश से समर्थित आतंकवादियों को जिम्मेदार ठहराया है।

राष्ट्रीय सुरक्षा समिति ने करीम मासिमोव की गिरफ्तारी की शनिवार को घोषणा की। मासिमोव को राष्ट्रपति कासिम-जोमार्त तोकाएव ने इस सप्ताह राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रमुख के पद से हटा दिया था। प्राधिकारियों ने बताया कि इस सप्ताह असंतोष के खिलाफ सुरक्षा अधिकारियों की कार्वाई में 26 प्रदर्शकारियों की मौत हो गई और 18 कानून प्रवर्तन अधिकारियों की भी जान गई। गृह मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि 4,400 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कजाकिस्तान के 1991 में सोवियत संघ से आजाद होने के बाद से इस मध्य एशियाई देश में हुआ यह सर्वाधिक भीषण प्रदर्शन हैं। वाहन ईंधन की एक विशेष किस्म की कीमतों के लगभग दोगुना होने के विरोध में शुरू हुआ यह प्रदर्शन पूरे देश में फैल गया। छह पूर्व सोवियत राष्ट्रों के रूसी नीत सैन्य गठबंधन सामूहिक सुरक्षा संधि संगठन ने तोकाएव के अनुरोध पर कजाकिस्तान में शांतिरक्षा के लिए 2,500 बलों को भेजने की मंजूरी दी है, जिनमें से अधिकतर रूसी बल हैं। तोकाएव ने शुक्रवार को कहा था कि उन्होंने सुरक्षा बलों को प्रदर्शनों में शामिल लोगों पर गोलियां चलाने का अधिकार दे दिया है। रूसी एजेंसी स्पूतनिक ने बताया कि अल्माटी में शनिवार को अशांति की कोई जानकारी नहीं मिली है लेकिन पुलिस ने अकताउ शहर में प्रदर्शन में शामिल कुछ लोगों को हिरासत में लिया। इसके अलावा किजिलोर्दा में कहीं-कहीं गोलियां चलने की आवाजें सुनी गईं।


# भारतीय मूल के सिख टैक्सी चालक पर अज्ञात व्यक्ति ने किया हमला, उसकी पगड़ी गिराई

**भाषा।** न्यूयॉर्क( अमेरिका)

**न्यूयॉर्क में** जॉन एफ कैनेडी (जेएफके) अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाहर एक अज्ञात व्यक्ति ने भारतीय मूल के एक सिख टैक्सी चालक पर हमला किया, उसकी पगड़ी गिरा दी और उसके खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया। सोशल मीडिया पर अपलोड किए गए एक वीडियो में यह घटना सामने आई है। यह अमेरिका में नस्ली घृणा से प्रेरित अपराध का एक और संदिग्ध मामला है।

नवजोत पाल कौर ने ट्विटर पर चार जनवरी को 26 सेकंड का एक वीडियो अपलोड किया था, जिसमें एक व्यक्ति हवाई अड्डे के बाहर एक सिख टैक्सी चालक पर हमला करता दिख रहा है। कौर ने बताया कि हवाई अड्डे पर खड़े एक अन्य व्यक्ति ने यह वीडियो रिकॉर्ड किया था। यह वीडियो किसी तारीख का है इसकी जानकारी नहीं दी गई है। वीडियो में व्यक्ति को पीड़ित के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल करते देखा जा सकता है। वह वीडियो में सिख व्यक्ति को बार-बार पीटते और मुक्के मारते दिख रहा है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि उसने सिख व्यक्ति की पगड़ी भी गिरा दी। कौर ने कहा, यह वीडियो जॉन एफ कैनेडी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक अन्य व्यक्ति ने शूट किया था। मैंने यह वीडियो रिकॉर्ड नहीं किया, लेकिन मैं इस तथ्य को उजागर करना चाहती थी कि हमारे समाज में नफरत अब भी बरकरार है और दुर्भाग्य से, मैंने कई सिख कैब चालकों से मारपीट किए जाने की घटनाएं कई बार देखी हैं। इस घटना या चालक के बारे में और जानकारी फिलहाल उपलब्ध नहीं है।एस्पेन इंस्टीट्यूट में इनक्लूसिव अमेरिका प्रोजेक्ट के निदेशक और लेखक सिमरन जीत सिंह ने ट्वीट किया, एक अन्य सिख कैब चालक पर हमला किया गया। इस बार न्यूयॉर्क में जेएफके हवाई अड्डे पर यह हुआ। यह देखकर बहुत दुख हुआ। उन्होंने कहा, जो लोग सिख नहीं है, उन्हें मैं शब्दों में नहीं समझा सकता कि किसी सिख की पगड़ी गिराए जाने का क्या मतलब होता है या किसी अन्य सिख की पगड़ी गिराए जाते देखने पर क्या महसूस होता है। अमेरिका में किसी सिख टैक्सी चालक पर हमले की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी भारतीय मूल के सिख उबर कैब चालक पर 2019 में हमला किया गया था।

## बाइडन ने कोलोराडो में जंगल की आग से हुए नुकसान का जायजा लिया, पीड़ितों को सांत्वना दी




**कोलोराडो ( अमेरिका )।** राष्ट्रपति जो बाइडन ने कोलोराडो वासियों को गले लगाकर और उनके साथ हंसी-मजाक करके उन्हें सांत्वना दी, जो अब तक की सबसे भयानक दावानल से हुए नुकसान का दंश झेल रहे हैं। कोलोराडो के घनी आबादी वाले उपनगर डेनवर और बुल्डर को जंगल की आग से बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचा है। बाइडन और उनकी पत्नी जिल शुक्रवार दोपहर को नुकसान का आकलन करने के लिए लुइसविले के पड़ोसी इलाके हार्पर लेक पहुंचे। वे एक गली में पैदल गए, जहां स्थित मकान जल गए थे और उन्होंने स्थानीय निवासियों तथा स्थानीय अधिकारियों से मुलाकात की, जो राहत एवं बचाव अभियान में लगे हुए हैं। व्हाइट हाउस लौटने से पहले बाइडन ने इस तबाही को भयानक बताया। कई महीनों तक सूखे की स्थिति के बाद दिसंबर में यह आग लगी। आग में करीब।,100 इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे 51.3 करोड़ डॉलर का नुकसान होने का अनुमान है। आग लगने की वजह की अभी जांच की जा रही है। राष्ट्रपति के साथ एयर फोर्स वन में कोलोराडो तक की यात्रा करने वालों में राज्य के दो सीनेटर, प्रभावित इलाके के कांग्रेस के दो सदस्य और फेमा के प्रशासक डीन क्रिसवेल भी शामिल रहे, जिनकी एजेंसी संघीय सहायता मुहैया करा रही है।

## ब्रिटेन में टीके की चौथी खुराक के खिलाफ अनुशंसा

ब्रिटेन सरकार के सलाहकारों ने नर्सिंग होम में भर्ती और 80 वर्ष की आयु से अधिक लोगों को कोविड-19 टीके की चौथी खुराक देने के विरुद्ध सिफारिश की है क्योंकि डेटा से पता चलता है कि तीसरी खुराक अस्पताल में भर्ती कराने की नौबत से स्थाई सुरक्षा प्रदान करता है। ब्रिटेन में तैयार आंकड़ों के मुताबिक 65 साल से ऊपर के लोगों को, तीसरी खुराक लेने के तीन महीने बाद तक अस्पताल में भर्ती होने से 90 प्रतिशत सुरक्षा मिलती है। नतीजतन, टीकाकरण पर संयुक्त समिति ने शुक्रवार को सरकार को सलाह दी कि इस समय कमजोर लोगों को चौथी खुराक, या दूसरा बूस्टर (अतिरिक्त खुराक) देने की कोई आवश्यकता नहीं है। इसके बजाय, सरकार को अधिक से अधिक लोगों को तीसरी खुराक देने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए ताकि अत्यधिक संक्रामक ओमीक्रोन स्वरूप के खिलाफ सुरक्षा को बढ़ावा दिया जा सके।

**DOC टॉक**



डॉ. ऋषि राज बोराही

कंट्री डायरेक्टर

ऑर्बिस इंडिया

## आंखें अनमोल हैं, नजर रखें




आंखें दुनिया की खिड़की हैं, जो हमें अपने आस-पास के कई अजूबों को देखने और जीवन का आनंद लेने का मौका देती हैं। लेकिन अक्सर, हम उन्हें और उनके कार्यों को हल्के में लेते हैं- क्योंकि सामान्य तौर पर, लोग अपने नेत्र स्वास्थ्य और इससे जुड़ी समस्याओं की उपेक्षा करते हैं। भारत समेत दुनिया भर में आंखों की बीमारियां बढ़ रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, दुनिया भर में कम से कम 2.2 बिलियन लोगों को निकट या दूर दृष्टि-दोष है। डब्ल्यूएचओ का यह भी कहना है कि अगर रोगी को उचित निदान और उपचार मिलता तो इनमें से कम से कम एक अरब मामलों में दृश्य हानि से बचा जा सकता था।

भागदौड़ भरी जीवनशैली के कारण भारत में आंखों की रोशनी कम होने के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। एक बड़े पैमाने पर किए गए अध्ययन के अनुसार, जिसमें 14.5 लाख रोगियों का डेटा शामिल था, 2019 में शुष्क नेत्र रोग के मामलों की संख्या बढ़कर 21,000 हो गई। इसमें कहा गया है कि भारत एक शुष्क नेत्र रोग महामारी के कगार पर है। 2030 तक, यह लगभग 40 प्रतिशत शहरी आबादी को प्रभावित करेगा।

हालांकि निष्कषों का प्रश्न हैं, वे आश्चर्यजनक हैं क्योंकि कई अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों ने निष्कर्ष निकाला है कि भारतीयों को मधुमेह और ग्लूकोमा से संबंधित दृष्टि समस्याओं का उच्च जोखिम है, जिसमें पूर्ण अंधापन भी शामिल है। संख्या को बढ़ने से रोकने के लिए, यह महत्वपूर्ण है कि सभी स्तरों पर नेत्र स्वास्थ्य समस्याओं पर सार्वजनिक शिक्षा को प्राथमिकता दी जाए। इसके अलावा, जैसे-जैसे लोग बड़े होते जाते हैं, आंखों के विकार भी बदतर होते जाते हैं। ऐसी घटनाएं , जो हमें सरल लगती हैं जैसे कि अस्पष्ट धुंधली दृष्टि, अनुपचारित आंख की चोट, स्थायी दृष्टि हानि का कारण बन सकती हैं। लेकिन, एक सकारात्मक नोट पर, सरल और समय पर हस्तक्षेप कुछ ही समय में समस्याओं को संबोधित करने और व्यक्ति की दृष्टि को बहाल करने में मदद कर सकते हैं। इस संदर्भ में, रोग का शीघ्र पता लगाने और उपचार के लिए बड़े पैमाने पर जन जागरूकता पहल महत्वपूर्ण है।

**नेत्र रोगों का शारीरिक और सामाजिक प्रभाव**

अंधेपन और दृष्टि दोष का व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। यह उनके शैक्षिक व रोजगार अवसरों को भी प्रभावित करता है। सामान्य नेत्र रोगों के बारे में लोगों का ज्ञान और जागरूकता बढ़ाकर, उन्हें समय पर आंखों की देखभाल करने का अवसर देकर इस बोझ को बहुत कम किया जा सकता है। इसके लिए हम जो पहल कर सकते हैं उनमें से एक है नेत्र रोगों के बारे में जानकारी और शिक्षा का सृजन करना, जिसे स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल किया जा सके। विश्वविद्यालय स्तर पर, सार्वजनिक स्वास्थ्य में छात्रों को जनता के लिए नेत्र देखभाल जागरूकता शिविर आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। इससे समस्या को बेहतर ढंग से समझने और भविष्य में आंखों की देखभाल के लिए निर्णय लेने में भी मदद मिलेगी। गुणवत्तापूर्ण नेत्र देखभाल पर जन जागरूकता पैदा करने के अपने प्रयासों को मजबूत करने के लिए, हम अंधेपन पर ज्ञान दृष्टिकोण और अभ्यास अध्ययन शुरू कर सकते हैं, उनके आसपास आईईसी बना सकते हैं और एक मजबूत प्रसार योजना बना सकते हैं। ऑर्बिस जैसे एनजीओ पहले से ही पूरे भारत में अपने भागीदारों का समर्थन करने के लिए काम कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि गुणवत्तापूर्ण नेत्र देखभाल समुदाय को, और अधिक महत्वपूर्ण रूप से ,देश के बच्चों को प्रदान की जाए।

**जन स्वास्थ्य नीति के माध्यम से नेत्र रोगों की रोकथाम**

रोकथाम योग्य अंधापन हमारी सार्वजनिक स्वास्थ्य नीति का एक महत्वपूर्ण घटक है। देश की अनुपचारित आंखों की स्थिति को संबोधित करने के लिए, डब्लूएचओ् और इंटरनेशनल एजेंसी फॉर द प्रिवेंशन ऑफ ब्लाइंडनेस (आईएपीबी) ने भारत सरकार के साथ मिलकर विजन 2020: राइट टू साइट-इंडिया विकसित किया है। इसकी स्थापना 2004 में अंतरराष्ट्रीय निकाय के समानांतर एनजीओ परिसंघ के रूप में की गई थी। यह राज्य-स्तरीय योजनाओं और कार्यक्रमों के विकास में सहायता करता है, जिनका नेतृत्व राज्य सरकार द्वारा स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय गैर सरकारी संगठनों के व्यापक इनपुट के साथ किया जाता है। भारत सरकार की सक्रिय भागीदारी से यह विश्व दृष्टि दिवस, नेत्रदान पखवाड़ा और अन्य कार्यक्रमों का भी आयोजन करता है।

**आगे बढ़ने का रास्ता**

हम प्रचलित नेत्र रोगों से अवगत हैं, लेकिन जब महत्वपूर्ण जानकारी की बात आती है, जोकि प्रारंभिक पहचान और उपचार में सहायता कर सकती है तो हम अदूरदर्शी हो जाते हैं। ग्लूकोमा, मधुमेह नेत्र रोग, उम्र से संबंधित धब्बेदार अध: पतन (एएमडी), अपवर्तक त्रुटियां, कम दृष्टि, सभी के लिए तत्काल सार्वजनिक शिक्षा की आवश्यकता होती है। वृद्ध माता-पिता की देखभाल करने वाले बच्चे, मध्यम आयु वर्ग के व्यक्ति , और वृद्ध व्यक्ति ऐसे कुछ विशिष्ट समूह हैं जिन्हें शैक्षिक गतिविधियों के लिए लक्षित किया जा सकता है ताकि आंखों के स्वास्थ्य, आंखों के विकारों के सरल लक्षण और संकेतों की पहचान करने के बाद कार्रवाई की जा सके। ताकि त्वरित उपचार और सर्वोत्तम परिणाम पाए जा सकें। सामान्य नेत्र रोगों व उपचारों के बारे में रोगी की समझ में वृद्धि होने से कई नेत्र समस्याओं का शीघ्र पता लगाने और उपचार में नियमित नेत्र परीक्षण के महत्व की अधिक सराहना हो सकती है।



# यह फेफड़े का मामला है

अस्पतालों में फेफड़ों के संक्रमण से पीड़ित रोगियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। कोविड रोगियों के कुछ उपसमूह धीरे-धीरे निमोनिया की ओर ले जाने वाले संक्रमण को अनुभव करते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए विशेषज्ञों से बात कर रही हैं सुप्रिया रमेश

एक बार फिर, दुनिया डर गई है क्योंकि ओमिक्रोन के मामले बढ़ रहे हैं और जल्द ही हम सभी को फिर से घरों के भीतर रखा जा सकता है। महामारी के बीच, जो निश्चित रूप से हमें अलविदा कहती नजर नहीं आती है और पहले से ही महामारी संबंधी थकान पैदा कर चुकी है, एक और फेफड़ों की बीमारी निमोनिया है, जो पूरी दुनिया में अपनी गिनती बढ़ा रही है।

एक या दोनों फेफड़ों के संक्रमण के रूप में व्याख्यायित निमोनिया, यानी हवा की थैली जो अंदर मौजूद होती है, तरल पदार्थ या मवाद से भर जाती है। यह मुख्य रूप से शिशुओं और 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को प्रभावित करती है, बीमारी की गंभीरता अधिक है। उम्र ही एकमात्र कारक नहीं है जो बीमारी की गंभीरता को तय करती है बल्कि संक्रमण का कारण बनने वाले रोगाणु का प्रकार और व्यक्वि का समग्र स्वास्थ्य भी मायने रखता है। बैक्टीरियल, वायरल और फंगल संक्रमण सभी निमोनिया का कारण बन सकते हैं। हालांकि, वायरस और बैक्टीरिया कुछ सामान्य कारण हैं। कुछ वायरस श्वसन मार्ग को भी संक्रमित करते हैं और निमोनिया का कारण बन सकते हैं। वायरल निमोनिया हल्का भी हो सकता है और सामान्य सर्दी की तरह अपने आप दूर हो सकता है।

हल्के लक्षण और संकेत अक्सर सर्दी या फ्लू के समान होते हैं, लेकिन वे लंबे समय तक चलते हैं। नवजात, युवा वयस्कों और वृद्ध लोगों में लक्षण भिन्न होते हैं। डॉ आईजे कालरा, जो पश्चिम विहार और हरिनगर, नयी दिल्ली में डॉ कालरा मेडिकल एंड डेंटल सेंटर के संचालक हैं और पेशे से एमबीबीएस, एमडी हैं, बताते हैं, 'संकेतों और लक्षणों में सीने में दर्द शामिल हो सकता है जब आप सांस लेते हैं या खांसते हैं, जो कफ थकान, बुखार, पसीना और कंपकंपी पैदा कर सकती है, शरीर का तापमान सामान्य से कम हो जाता है (65 वर्ष से अधिक उम्र के वयस्कों और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों में), मतली, उल्टी या दस्त, सांस की तकलीफ महसूस होती है।

निमोनिया के लक्षण लगभग कोरोनावायरस से मिलते-जुलते हैं और रोगी की कोविड उपरांत स्थिति के लिए भी एक शब्द गढ़ा गया है। "निमोनिया सामान्य शब्दों में फेफड़ों का संक्रमण है, और कोविड रोगियों के कुछ उपसमूहों में , धीरे-धीरे फेफड़ों में संक्रमण हो जाता है जिससे निमोनिया हो जाता है, चिकित्सा की दृष्टि से हम इस स्थिति को कोविड निमोनिया कहते हैं।" आकाश हेल्थकेयर मे श्वसन और स्लीप मेडिसिन में वरिष्ठ सलाहकार, डॉ अक्षय बुधराजा बताते हैं।

क्यूआरजी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के रेस्पिरेटरी एंड स्लीप मेडिसिन में सीनियर कंसल्टेंट, डॉ विद्या नायर के अनुसार, " निमोनिया प्रबंधन में संक्रमण की गंभीरता के आधार पर मौखिक या आईवी एंटीबायोटिक्स देना शामिल हैं , जो डॉक्टर द्वारा सुनिश्चित किया जाता है। बिना किसी अतिरिक्त रोगी जोखिम कारकों वाले निमोनिया प्रभावित अधिकांश लोगों को, केवल मोनोथेरेपी (एकल एंटीबायोटिक्स) की आवश्यकता होती है, जिसे पांच से सात दिनों तक देने की आवश्यकता होती है। बुजुर्ग मरीज, ऐसे मरीज जिन्हें पुरानी बीमारी है, या जिन्हें सांस लेने में तकलीफ है, उन्हें दोहरे एंटीबायोटिक कवर, ऑक्सीजन सपोर्ट और सेप्सिस- प्रबंधन की आवश्यकता हो सकती है।

एचसीएमसीटी मणिपाल अस्पताल, द्वारका में पल्मोनोलॉजी सलाहकार, डॉ दविंदर कुंद्रा कहते हैं, "यदि रोगी को ऐंठन (वायुमार्ग की ऐंठन) हो रही है तो हम रोगी को नेबुलाइजेशन देते हैं साथ ही अन्य सहायक देखभाल जैसे पोषक तत्व, बुखार के लिए दवाएं (एंटीपायरेटिक), उल्टी के लिए एंटीबायोटिक्स, और लक्षणों के अनुसार अन्य दवाएं। "

मौसम में बदलाव और बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण मामलों में उछाल आया है। डॉ बुद्धराजा बताते हैं, "हमारे अस्पताल में, कोविड सहित फेफड़ों के संक्रमण से पीड़ित रोगियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। फेफड़ों में संक्रमण के मामलों में 200 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, उनमें से अधिकांश को बैक्टीरियल या अन्य निमोनिया हो रहा है, कोविड नहीं। इसलिए, पिछले दो से तीन सप्ताह में फेफड़ों के संक्रमण के मामलों में तीन गुना वृद्धि हुई है। इसके पीछे उत्प्रेरक बदलता मौसम और हवा की गुणवत्ता है। "

60 फीसदी से ज्यादा मामले ग्रामीण इलाकों से हैं और इसके एक से ज्यादा कारण हो सकते हैं। संभावित कारण क्या हो सकते हैं? खराब स्वच्छता, अनुचित स्वच्छता, कम वेंटिलेशन, उचित स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच और टीकाकरण की अनुपलब्धता के अलावा, टीबी ग्रामीण क्षेत्रों में निमोनिया के अधिकांश मामलों का कारण है। डा बुद्धिराजा बताते हैं, "ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले रोगी दो से तीन सप्ताह तक खांसते रहते हैं और एक्स-रे और अन्य चिकित्सा परीक्षाओं के बाद ही हमें पता चलता है कि यह तपेदिक है।"

यद्यपि गंभीर जान जोखिम वाले आक्रामक बैक्टीरियल निमोनिया को रोकने के लिए न्यूमोकोकल टीकाकरण की जोरदार सिफारिश की जाती है, विशेष रूप से कॉमरेडिटी वाले लोगों और 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में, यह बीमारी को पूरी तरह से नहीं रोकता है।

चूंकि बीमारी फेफड़ों से संबंधित है, धूम्रपान करने वालों को भारी जोखिम हो सकता है। जिंदल नेचर क्योर इंस्टीट्यूट के सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ के षणमुगम बताते हैं कि कई अध्ययनों से, सबूत इस बात की पुष्टि करते हैं कि धूम्रपान, बैक्टीरिया और वायरल निमोनिया के विकास से महत्वपूर्ण रूप से जुड़ा हुआ है।

तंबाकू के धुएं के संपर्क में आने से जीवाणु संक्रमण के प्रति सहज प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया की सक्रियता कम हो जाती है, जो कि निमोनिया के प्रति संवेदनशीलता में महत्वपूर्ण मानी जाने वाली अग्रिम पंक्ति की रक्षा प्रणाली है। सिगरेट धूम्रपान क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) के रोगियों में न्यूमोकोकल निमोनिया के लिए विशेष रूप से प्रमुख जोखिम कारक है, लेकिन सीओपीडी के बिना भी, धूम्रपान एक प्रमुख जोखिम कारक बना हुआ है।

कम गंभीर संक्रमण वाला व्यक्ति घरेलू उपचार का सहारा ले सकता है। पुदीना, नीलगिरी, हल्दी, अदरक और मेथी की चाय जैसी हर्बल चाय गले की खराश को प्रभावी ढंग से शांत कर सकती है। वे ऊपरी श्वसन मार्ग के संक्रमण से भी निपटते हैं और बलगम को तोड़ते हैं।

नमक के पानी से गरारे करने से गले में बैठे बलगम से छुटकारा मिलता है जिससे गुदगुदी होती है। गार्गल करना, जिसे आमतौर पर 'ड्रमस्टिक' के नाम से जाना जाता है, एक उष्णकटिबंधीय पौधा है जिसमें कई पोषण और चिकित्सा लाभ होते हैं।

# कोविड संकट से निपटने के लिए ज्ञानवर्धक पुस्तक


**अर्चना ज्योति** कहती हैं कि यदि आपका बच्चा चिंतित महसूस कर रहा है और कोविड-19 द्वारा प्रस्तुत चिंता का सामना करना मुश्किल हो रहा है, तो कोवीज प्रोमिस एक लाभकारी किताब है

**अखिल भारतीय** आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सुजाता शर्मा द्वारा लिखित, पुस्तक महामारी की शुरुआत के बाद से कई बच्चों की दैनिक वास्तविकताओं पर आधारित है और बच्चों को मौजूदा दौर में तथा कोविड संकट के बाद भी अधिक लचीला बनाने का प्रयास करती है।

कोवीज प्रोमिस को एम्स के निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया ने पिछले सप्ताह राष्ट्रीय राजधानी में एक कार्यक्रम में रिलीज किया था। बायोफिजिक्स विभाग में लेखक- प्रोफेसर के प्रयास की सराहना करते हुए, जो कभी-कभी लेखक की टोपी को अपने जुनून के रूप में दान करते हैं, डॉ गुलेरिया ने कहा, "यह पुस्तक न केवल बच्चों के लिए बल्कि आम लोगों के लिए भी बहुत उपयोगी है क्योंकि यह बहुत ही सरल तरीके से बताती है कि कोविड क्या है। डॉ. गुलेरिया ने कहा, "यह महामारी के उन विभिन्न पहलुओं को परस्पर गूंथता है जिनसे एक बच्चा शिक्षा तथा परिवार में साथियों के दबाव के बीच गुजरता है, जब बच्चे के भाई-बहन अकादमिक रूप से उससे बेहतर कर रहे हैं। "

पुस्तक का उद्देश्य बच्चों को आशावादी और सकारात्मक रहने में मदद करना है, भले ही कोविड-19 ओमिक्रोन और डेल्टा के रूप में सामने आता है और यह दर्शाता है कि एक बच्चा कैसे विकसित होता है और विज्ञान व शिक्षा में रुचि विकसित करता है, जैसा कि डॉ गुलेरिया ने भी बताया था।

वर्तमान पुस्तक एक छह साल के शरारती लड़के भोलू के बारे में बात करती है, जो 2020 की शुरुआत में दुनिया को प्रभावित करने वाली महामारी द्वारा लाए गए उलट-पुलट भरे जीवन से बच गया। सामान्य, प्रत्यक्ष स्कूल के बजाय, भोलू को ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेने के लिए खुद को ढालना सीखना पड़ा, वह हमेशा अकेले खेलता है क्योंकि वह अपने दोस्तों से नहीं मिल सकता। अपने स्कूल और अपने दोस्तों से दूर रहकर भोलू दुखी और अकेला हो गया। फिर एक रात, अपने बगीचे में, उनकी मुलाकात कोवी से हुई, जो एक नन्हा कोरोनावायरस है। उसी क्षण से, एक अप्रत्याशित दोस्ती शुरू हुई। एक साथ खेलते हुए और महामारी व विज्ञान के बारे में बात करते हुए, उन्होंने एक आकर्षक उद्देश्य पाया। अंत में, कोवी ने भोलू से कोई वादा लिया और नतीजा यह हुआ कि, वह छोटा लड़का एक वैज्ञानिक डॉ प्रथम के रूप में बड़ा हुआ, जिसे 2055 में एक नए कोरोनावायरस की खोज के लिए पुरस्कार मिला।



कहानी की किताब, जोकि वर्तमान में अंग्रेजी में और हिंदी में तुम्हारा भोलू के नाम से उपलब्ध है, का माता-पिता और शिक्षकों के साथ-साथ बच्चों द्वारा इस बात पर प्रकाश डालते हुए उपयोग किया जा सकता है कि कैसे महामारी से संबंधित अपनी भावनाओं व चिंताओं को खुलकर साझा करने हेतु प्रभावशाली दिमाग के लिए सही परिस्थितियों का निर्माण किया जाए।

डॉ. सुजाता ने किताब की चर्चा करते हुए कहा, "पुस्तक महामारी के वर्तमान चरण में बच्चों के डर और चिंताओं को संबोधित करती है, और विभिन्न प्रतिरोधक तंत्रों की खोज करती है जिनका वे भय,


दु:ख और क्रोध जैसी भावनाओं का सामना करते समय उपयोग कर सकते हैं।"

जैसा कि कोविड अपने तीसरे वर्ष में प्रवेश ले रहा है, बच्चों और युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर प्रभाव भारी पड़ रहा है। यूनिसेफ के अनुसार, दिनचर्या में व्यवधान, शिक्षा, मनोरंजन के साथ-साथ पारिवारिक आय और स्वास्थ्य की चिंता के कारण कई युवा अपने भविष्य को लेकर डर, क्रोधित और चिंतित महसूस कर रहे हैं। इसमें कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर, 7 में से कम से कम 1 बच्चा सीधे लॉकडाउन से प्रभावित हुआ है, जबकि 1.6 बिलियन से अधिक बच्चों को शिक्षा का कुछ नुकसान हुआ है।

डॉ. सुजाता, जिनके पास तीन अन्य विज्ञान आत्मकथात्मक पुस्तकें - वारियर्स इन व्हाइट, द सीक्रेट ऑफद रेड क्रिस्टल्स और ए ड्रैगनफ्लाईज पर्पस - लिखने का श्रेय भी है, कोवीज प्रोमिस किताब इस तरह के निराशाजनक परिदृश्य में आशा लाने का वादा करती है।

डॉ. सुजाता ने अपनी विभिन्न उपलब्धियों के लिए कल्पना चावला एक्सीलेंस अवार्ड, पीकलाइफवुमन इंस्पायर अवार्ड और पब्लिक एंड पॉपुलराइजेशन आफ साइंस के लिए टीडब्ल्यूएस अवार्ड जैसे कई पुरस्कार जीते हैं।

## गर्म आहार



**फूलगोभी:** फूलगोभी में एक उत्कृष्ट पोषण प्रोफाइल है। आई क्वालीफ्लोवेल्ट में कैलोरी की मात्रा कम होती है लेकिन विटामिन की मात्रा अधिक होती है। फूलगोभी में, वास्तव में, आपके शरीर को आवश्यक हर विटामिन और खनिज की थोड़ी मात्रा शामिल है।

इसमें बहुत अधिक मात्रा में फाइबर होता है, जो आपके सामान्य स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है। फाइबर महत्वपूर्ण है क्योंकि यह आपके आंत में अच्छे बैक्टीरिया को पोषण देता है, जो सूजन को कम करने और पाचन में सुधार करने में मदद करता है। एच एंटीऑक्सिडेंट में उच्च, यह कोशिकाओं को मुक्त कण क्षति और सूजन से बचाता है। इसमें प्रति कप केवल 25 कैलोरी हैं, जिससे आप बिना वजन बढ़ाए बड़ी मात्रा में उपभोग कर सकते हैं। इसका उपयोग उच्च कैलोरी वाली वस्तुओं के कैलोरी-मुक्त विकल्प के रूप में भी किया जा सकता है।

## वर्ष के लिए परम-आहार



हम अपने ब्रह्मांड का एक सूक्ष्म जगत हैं। स्थूल जगत में परिवर्तन से ऋतुएं आती हैं जो हमारे तन और मन के स्वास्थ्य को प्रभावित करती हैं। **माधवी के शर्मा** हमें बता रही हैं कि कैसे अपनी जीवन शैली को तदनुसार अनुकूलित और संरेखित किया जाए

मौसमी भोजन करना स्वस्थ जीवन की कुंजी है। यह न केवल हमें ऐसे खाद्य पदार्थों में उच्च जीवन शक्ति ऊर्जा से लाभान्वित होने का मौका देता है, बल्कि हमारे भोजन में विविधता भी लाता है। मौसमी फल और सब्जियां पोषक तत्वों से भरी होती हैं जो हमारी प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने में मदद करती हैं और हमें उस मौसम में होने वाले संक्रमण से बचाती हैं। हालांकि, तकनीकी प्रगति से, भोजन का संरक्षण आसान हो गया है और पूरे वर्ष सभी खाद्य पदार्थ उपलब्ध हैं। आधुनिक पीढ़ी बिरले ही प्राकृतिक लय के साथ खाने की अवधारणा व स्वस्थ जीवन जीने की दिशा में इसके महत्व को समझती है।

**जनवरी : तिल**- चरम सर्दियों में तिल शरीर को गर्म रखता है। यह कैल्शियम, जिंक, ओमेगा -3, विटामिन ई, फाइबर और एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर होता है। यह न केवल अच्छे बालों व त्वचा के लिए, बल्कि मजबूत हड्डियों, स्वस्थ हृदय, सुचारू पाचन और संतुलित रक्त शर्करा के लिए भी अपनाया जाने वाला आहार है।

**फरवरी : बेइर**- बेइर पोटेशियम, फास्फोरस, मैंगनीज, लोहा और जस्ता जैसे खनिजों से भरपूर होता है जो एक अच्छे हृदय स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए आवश्यक हैं। आयरन हीमोग्लोबिन के उत्पादन को बढ़ाता है, जो एनीमिया को दूर करने में मदद करता है। बेइर आसानी से पचने योग्य होती है क्योंकि इसमें आहार फाइबर होता है, और यह उन लोगों के लिए बहुत अच्छा है जो कब्ज से पीड़ित हैं।

**मार्च : कांजी**- यह मौसमी प्रोबायोटिक पेय एक स्वादिष्ट स्वास्थ्य टॉनिक है। यह आंत के स्वास्थ्य में सुधार करता है और प्रतिरक्षा को बढ़ाता है क्योंकि मौसम सर्दियों से गर्मियों में बदलता है। एंटीऑक्सिडेंट और विटामिन के और सी, पोटेशियम और मैंगनीज जैसे विभिन्न विटामिन और खनिजों से भरा हुआ, यह फैटी लीवर, मधुमेह और यहां तक कि कैंसर जैसी कई पुरानी जीवन शैली की बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है।

**अप्रैल: अमरनाथ**- अमरनाथ गेहूं का एक ग्लूटन मुक्त विकल्प है। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों वाले पेप्टाइड्स और तेल होते हैं जो दर्द व सूजन से राहत दिलाते हैं। अमरनाथ भी लाइसिन का एक अच्छा स्रोत है जो कैल्शियम के अवशोषण में मदद करता है और मांसपेशियों को बढ़ाता है।

**मई : फाल्से** - प्राकृतिक शीतलकारी प्रभाव के साथ, फालसे एक उत्तम-फल है जो इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन को नियंत्रित करने में मदद करता है। बेरी का कच्चा हिस्सा रक्त को साफ करने में मदद करता है और गले में खराश, सर्दी और ब्रोंकाइटिस जैसी सांस की समस्याओं को ठीक करने में मदद करता है।

**जून : शहतूत ( भारतीय मलबरी )** - शहतूत जिगर के स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है और रक्त को शुद्ध करता है। इनमें आयरन होता है जो लीवर के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए उपयोगी होता है। इसके अलावा, ये विटामिन के और कैल्शियम में उच्च होते हैं, जो लोहे के साथ हड्डियों के ऊतकों व हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।

**जुलाई : भुट्टा ( इंडियन कॉर्न )** - मकई विटामिन ए और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है, जो आंखों के अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। मकई फाइबर से भरपूर होता है, जो वजन घटाने के नजरिए से भी अच्छा है। फाइबर पाचन में मदद करता है जिससे वजन घटाने में मदद मिलती है। मकई में मौजूद फाइबर कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में भी मदद करता है।

**अगस्त : खूबानी** - खुबानी में विटामिन, फ्लेवोनोइड्स और पोटेशियम की उच्च मात्रा के साथ, महत्वपूर्ण स्वास्थ्य लाभ हैं। फ्लेवोनोइड्स आपकी रक्त वाहिकाओं के लिए अच्छे होते हैं और सूजन की संभावना को कम करते हैं। पोटेशियम तंत्रिका व मांसपेशियों के कामकाज को बढ़ावा देता है और हृदय स्वास्थ्य का समर्थन करता है।

**सितंबर : सिंघाड़ा**- सिंघाड़ा में कई एंटीऑक्सिडेंट, विटामिन और खनिज होते हैं। यह शरीर में हार्मोनल संतुलन को बढ़ावा देने और प्रजनन क्षमता में सुधार करने के लिए जाना जाता है। वे पोटेशियम में उच्च हैं और रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करते हैं, और हृदय स्वास्थ्य को भी बढ़ावा देते हैं।

**अक्टूबर : कस्टर्ड सेब** -ये स्वादिष्ट उपचार अल्सर को ठीक करते हैं और अम्लता को रोकते हैं। इनमें मौजूद माइक्रोन्यूट्रिएंट्स त्वचा को मुलायम रंगत देते हैं। विटामिन सी और राइबोफ्लेविन, जो कस्टर्ड ऐप्पल में भरपूर मात्रा में होते हैं, आपकी आंखों के लिए अच्छे होते हैं, जबकि उनमें मौजूद फ्लेवोनोइड कुछ प्रकार के कैंसर और ट्यूमर को रोकने के लिए माना जाता है।

**नवंबर: आंवला ( भारतीय करौदा )** -आंवला अपने प्रतिरक्षा बढ़ाने वाले गुणों के लिए जाना जाता है। मधुमेह रोगी इस फल को अपने आहार में शामिल कर सकते हैं क्योंकि यह इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार करने में मदद करता है और रक्त शर्करा के स्तर को भी नियंत्रित करता है। यह कोलेस्ट्रॉल के उत्पादन को विनियमित करने में भी मदद करता है और इसमें कार्डियो-सुरक्षात्मक क्षमताएं होती हैं।

**दिसंबर: जिमीकंद ( हाथी पैर यम )** - जिमीकंद का शरीर पर गर्म पाचनकारी प्रभाव पड़ता है और यह सर्दियों के लिए आदर्श है। अपने ऊष्मीय प्रभाव के कारण, यह पित्त को बढ़ाते हुए बलगम को कम करता है और इस प्रकार पाचन में सहायता करता है। यह हड्डियों के स्वास्थ्य, इलेक्ट्रोलाइट संतुलन व एनीमिया में सुधार करने में भी मदद करता है।

**-लेखक पोषण विशेषज्ञ और प्रमाणित मधुमेह शिक्षक, व इंफार्मड हेल्थ के संस्थापक हैं।**

# मैं अपने शौक में डूबी हूं

अपने करियर की शुरुआत से लेकर इंडस्ट्री में अब तक के अपने तजुर्बे तक, हरलीन कौर के साथ चर्चा कर रही हैं इनसाइड एज की **अभिनेत्री हिमांशी चौधरी**



अभिनेत्री हिमांशी चौधरी, जो कुटुम्ब, करीना करीना, दिल की बातें दिल ही जाने, तू आशिकी आदि सहित लगभग 20 उल्लेखनीय टेलीविजन शो में दिखाई दी हैं, हाल ही में इनसाइड एज सीजन 3 में दिखाई दीं। चौधरी के शोजं को दर्शकों द्वारा खूब सराहा गया। इसके अलावा, वह तिग्मांशु धूलिया की आने वाली सिक्स सस्पेक्ट्स और अनुराग कश्यप की दोबारा में दिखाई देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

चौधरी ने उस समय के बारे में बताया जब उन्हें अभिनय करने में दिलचस्पी हुई, ''यह बहुत समय पहले की बात थी ... मैं 2000 से पेशेवर रूप से अभिनय कर रही हूं लेकिन मैंने कॉलेज में अमेरिका में संगीत थिएटर का अध्ययन किया था। मेरी थिएटर-अध्ययन करने की योजना थी लेकिन मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक एक्टर बनूंगी क्योंकि मैं बहुत शर्मीली हुआ करता था। मेरे कोर्स में एक कक्षा थी जो मुझे मोनोलॉग याद करने के लिए प्रेरित करती थी और मुझे उसमें कक्षा में अच्छा स्कोर करना पड़ता था, अन्यथा मेरा ग्रेड पॉइंट औसत गिर जाता। इसलिए, मैंने बहुत मेहनत की और मेरे प्रोफेसर बहुत सहृदय थे, मुझे नहीं पता कि मैं अच्छी थी या नहीं लेकिन वह बेहद सकारात्मक थे। मेरे सहपाठी भी बहुत सकारात्मक थे। फीडबैक में, मेरे प्रोफेसर ने मुझे प्रदर्शन के लिए 'ए' दिया, इसलिए अभिनय का वह कीड़ा उनसे और वहीं से आया।''

इसके अलावा, एक एक्टर के बतौर जीवन के बारे में बात करने पर, वह कहती हैं, ''एक एक्टर के रूप में मेरा जीवन अच्छा रहा है। मैं किसी अन्य जीवन को नहीं जानती, इसलिए मुझे नहीं पता कि इसकी तुलना किससे की जाए। मुझे पता है कि अभिनेता के रूप में जीवन वास्तव में बेहद व्यस्त होने के लिए नहीं है या यह उस तरह का काम नहीं है जिसके लिए मैंने साइन अप किया है। मैं बहुत भाग्यशाली रही हूं कि मुझे अपने करियर में पहले ऐसे अवसर मिले, जिनसे मुझे आर्थिक और भावनात्मक रूप से खुद को बनाए रखने में मदद मिली। भारतीय फिल्म उद्योग कैसे काम करता है, टीवी उद्योग कैसे काम करता है, यह समझने में मैं और अधिक भाग लेने लगी। मुझे नहीं लगता कि मैं कभी अपना पेशा बदलूंगी। मैं खुद को अपने जीवन का अभिनय करते नहीं देख सकती हूं।''

इनसाइड एज में अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री ने कहा, ''किसी को भी यकीन नहीं था कि इनसाइड एज कैसा होगा। मुझे यह वेब शो करने का मौका इसलिए मिला क्योंकि गुरमीत सिंह एसोसिएट डायरेक्टर्स में से एक थे। मैंने उनके साथ एक शो में काम किया था जो एपिक चैनल पर था। वह जानते थे कि मैं इनसाइड एज के हिस्से में फिट बैठती हूं क्योंकि उन्होंने मेरे साथ काम किया था और उन्होंने मुझसे कहा, ''मुझे पता है कि पहले सीजन में यह आपके लिए बहुत बड़ा हिस्सा नहीं है, लेकिन आप ही हैं जिसे मैं इस हिस्से के लिए देख सकता हूं। और हम वास्तव में आपको कास्ट करना चाहते हैं।'' मैं उनके साथ दोबारा काम करने को लेकर बहुत उत्सुक थी। मैंने इसके बारे में ज्यादा नहीं सोचा। मुझे नहीं पता था कि यह एक बड़ी सफलता होगी।''

> मैं बहुत भाग्यशाली रही हूं कि मुझे अपने करियर में पहले ऐसे अवसर मिले, जिनसे मुझे आर्थिक और भावनात्मक रूप से खुद को बनाए रखने में मदद मिली। भारतीय फिल्म उद्योग कैसे काम करता है, टीवी उद्योग कैसे काम करता है, यह समझने में मैं और अधिक भाग लेने लगी।



अपने सबसे पसंदीदा सीजन के बारे में बात करते हुए, बताती है,''बहुत ईमानदारी से कहूं, तीसरा सीजन मेरा पसंदीदा है, लेकिन मुझे इनसाइड एज के सभी सीजन पसंद हैं। मुझे दूसरे सीजन के दौरान वास्तव में मजा आया। लेकिन एक दर्शक के रूप में, मुझे लगता है कि पात्र विकसित हुए हैं, इसलिए मुझे लगता है कि तीसरे में, पहले की तुलना में हर कोई अधिक भागीदार हुआ।''

चौधरी ने टीवी शो और ओटीटी दोनों में काम किया है। वहीं वह कहती हैं, ''टीवी शोज में सब कुछ इतनी तेज गति से चल रहा है कि आपके पास वक्त ही नहीं है. टीवी में कुछ भी आसान नहीं होता, आपको किरदार में रहना होता है, चाहे आप कितने भी थके हुए क्यों न हों। साथ ही, मुझे लगता है कि टीवी में भूमिकाएं निभाना मुश्किल है। ओटीटी में, मेरे पास पात्रों की जगह लेने और उनकी भावनाओं को महसूस करने का समय और मौका होता है। हम वास्तव में एक वेब सीरीज में एक दिन में 10 दृश्यों में भागते नहीं हैं। आपके पास इसकी तैयारी के लिए समय होता है लेकिन टीवी में यह उस तरह काम नहीं करता है। तो, यह कुछ लोगों के लिए काम करता है, कभी-कभी यह कुछ लोगों के लिए काम नहीं करता है लेकिन मुझे तैयारी में पर्याप्त समय लेना पसंद है। मुझे लगता है कि वेब शो मेरे लिए बेहतर करते हैं।''

इसके अतिरिक्त, अभिनेत्री ने इस बारे में चर्चा की कि महामारी के दौरान मनोरंजन कैसे बदल गया है। इस पर चौधरी आगे कहती हैं, ''मनोरंजन नहीं बदला है, लोग बदल गए हैं. सबसे पहले, मनोरंजन, इस संदर्भ में 'सामग्री', कोविड के होने से पहले की तुलना में 10 गुना अधिक बदल जाती है। क्योंकि हम सभी जानते हैं, आखिरकार, हम सभी के हाथ में बहुत अधिक समय था और एक बार जब आप किसी विशेष प्रकार के शो या फिल्म को पसंद करने में शामिल हो जाते हैं, तो आप और अधिक तलाशना शुरू कर देते हैं। तो, इसने जो किया है, उसने वास्तव में दर्शकों को अपनी पसंद और नापसंद के बारे में थोड़ा और जागरूक होने के लिए प्रोत्साहित किया है। सभी के पास नेटफ्लिक्स और अमेजॉन हैं इसलिए उनके पास चुनने के लिए बहुत सारे विकल्प हैं। पहले लोगों के पास ध्यान देने का भी समय नहीं था। इसलिए, मैं यह कहना चाहूंगी कि कोविड के बाद दर्शक अधिक विकसित हुए हैं, जो हम सभी के लिए बहुत अच्छी बात है।''

उन्होंने आगे कहा, ''साथ ही, गुणवत्तापूर्ण सामग्री की मांग अधिक हो गई है। अब हम लोगों के लिए औसत या अर्ध-औसत सामग्री भी पेश नहीं कर सकते हैं। कंटेंट अच्छा होना चाहिए क्योंकि ऑडियंस होशियार हो गई है। मुझे लगता है कि यह अच्छी बात है कि हर कोई जो देखता है उसके बारे में जानता है।''

कार्य-जीवन संतुलन के बारे में बात करते हुए, वह कहती हैं, ''मैं अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को ज्यादा मिक्स नहीं करती। एक अभिनेता के रूप में, आपका निजी जीवन काम से जुड़ना शुरू हो जाता है। मेरे लिए, मैं सिर्फएक अभिनेता नहीं हूं, बल्कि मैं उससे कहीं ज्यादा हूं। मैं अपने जीवन में अन्य चीजें भी करती हूं। मैं देखती हूं कि एक सामान्य व्यक्ति के लिए बहकना बहुत आसान होता है। जीवन को संतुलित करने के लिए, मैं अपने शौक में लिप्त हूं - मुझे रंग भरना बहुत पसंद है, मुझे लगता है कि रंग, बहुत सी चीजें सामने लाते हैं जो मेरे दिमाग में होती हैं। मुझे अन्य भाषाएं पसंद हैं और मैं कुछ समय से स्पेनिश सीख रही हूं। इसके अलावा, मैं आतिथ्य में काम कर रही हूं। मैं एक अभिनेता से बढ़कर एक व्यक्ति हूं। जीवन को संतुलित करने के संदर्भ में, मेरा मानना है कि ज्यादातर समय मैं सफल होती हूं और कभी-कभी मैं काम में लग जाती हूं। एक्ट्रेस मुंबई फिल्म फेस्टिवल (मामी) का भी हिस्सा थीं। चौधरी ने बताया, ''मामी फिल्म महोत्सव का हिस्सा बनकर बहुत अच्छा लगा। वहीं मैंने आतिथ्य के साथ काम किया। मैंने एक अंतर्राष्ट्रीय जूरी प्रबंधक के रूप में काम किया। मेरे पास छह सदस्यों की टीम थी जिसका मैं नेतृत्व कर रही थी। मुझे इस फेस्टिवल का हर दिन बहुत अच्छा लगा और मुझे बहुत अच्छे लोगों से मिलने का मौका मिला। फिल्म वह है जो मुझे पसंद है, मेरा इरादा हमेशा स्वतंत्र सिनेमा का हिस्सा बनने का है और उस तरह से मामी का हिस्सा बनना वास्तव में खास था।''

अपनी आगामी परियोजनाओं के बारे में, अभिनेत्री बताती हैं कि मैं अपने प्रशंसकों से बस इतना कहना चाहूंगी कि मैं जो कुछ भी करती हूं उसे देखते रहें और मुझे फीडबैक पसंद है। मैं उस तरह की परियोजनाओं का आनंद ले रही हूं जो अब मेरे सामने आ रही हैं। मैं सभी से अनुरोध करूंगी कि वे जितना हो सके, साथ दें और देखें। उम्मीद है, ये प्रोजेक्ट एक धमाका होगा!

(इनसाइड एज सीजन 3 का प्रसारण अमेजन प्राइम वीडियो पर शुरू हो गई है।)



# सतरंगी परिवार

**ताजा कहानी और अनूठे पात्रों का एक अच्छा मिश्रण, सब सतरंगी दर्शकों को लखनऊ के सुरम्य शहर की यात्रा पर ले जाएगा। टीम विवा की रिपोर्ट**

परिवार होते हैं, और फिर एक सतरंगी परिवार होता है, जो अपने वास्तविक अर्थों में इंद्रधनुष के प्रत्येक रंग की तरह विशिष्टता और विविधता को दर्शाता है। यह सतरंगी परिवार सोनी सब पर जल्द ही आने वाले शो सब सतरंगी में दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। ताजा कहानी और अद्वितीय पात्रों के बेहतरीन मिश्रण के साथ, सब सतरंगी दर्शकों को लखनऊ के सुरम्य शहर, मौर्य परिवार, यानी एक अपरंपरागत परिवार में ले जाएगा, जो अपने सुख, दुख, सपने साझा करते हैं, और मतभेदों के बावजूद, वे एक दूसरे के साथ रहते हैं। और एकजुट रहते हैं। यह शो मनकामेश्वर या मनु के इर्द-गिर्द घूमता है, जिसे अभिनेता मोहित कुमार ने निभाया है। मनु सबसे दयालु मेहनती और व्यवहारिक पुरुषों में से एक है, जो मानता है कि अच्छे लोगों के साथ अच्छी चीजें होती हैं और अगर आप किसी को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं या किसी के प्रति बुरे इरादे नहीं रखते हैं, तो आपके साथ बुरा नहीं होगा। मनु अपनी दादी का लाडला है, जो मौर्य परिवार का मुखिया है। जोयोश्री अरोड़ा द्वारा अभिनीत, वह आपकी पुराने किस्म की दादी नहीं है, वह बेबाक हैं और एक शांत पुरस्कार विजेता जीवन बीमा एजेंट है, जो अपनी उम्र को अपनी महत्वाकांक्षा को प्रभावित न करने देने के प्रति दृढ़ है।

सतरंगी परिवार में नाटक और रंग जोड़ने वाले मनु के पिता श्याम बाबू होंगे, जिसकी भूमिका को दयाशंकर पांडे द्वारा निभाया गया है, जो इस जादुई चालों के माध्यम से दुनिया का मनोरंजन करने के अपने सपने को पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं। आगे बढ़ते हुए, अभिनेता पुरु छिब्बर, मनु के भाई दीपू भैया की भूमिका निभाते हैं और सत्यजीत शर्मा लखनऊ के स्थानीय डॉन डैडी खुश्वा की भूमिका निभाते हैं। इन पात्रों के बीच का गतिशास्त्र क्या है और यह मनु और परिवार को कैसे प्रभावित करेगा, इसके लिए हमें कुछ इंतजार करना होगा और शो देखना होगा। अन्य प्रतिभाशाली कलाकार जैसे हिमा सिंह, दीपक कुमार बंधु, और समृद्धि सिंह भी कास्ट लाइन-अप का हिस्सा हैं।

**(शो में पात्रों के बारे में और उनके जीवन के टकराने के बारे में अधिक जानकारी जल्द ही सोनी सब के सब सतरंगी पर सामने आएगी।)**



# उपलब्धियों का जश्न

**टेलीविजन सितारे अर्जुन बिजलानी और ऋत्विक धनजानी इस साल जी रिश्ते अवॉर्ड्स की मेजबानी करेंगे। टीम विवा की रिपोर्ट**

यह वर्ष का वो समय है जब जी रिश्ते पुरस्कारों के उत्सव के साथ, जी टीवी उन असंख्य अभिनेताओं, निर्देशकों, निर्माताओं, रचनात्मक टीमों व तकनीशियनों के योगदान को स्वीकार करता है, जो चौबीसों घंटे काम करते हैं, और दर्शकों के लिए दैनिक प्राइमटाइम शो लाते हैं।

इस साल भी अवार्ड शो पूरे जोश के साथ मनाया जाएगा, लेकिन इसमें सभी के लिए आश्चर्य की तत्व है। रिश्तों का त्योहार, इस साल, एक बड़ा तमाशा होगा, जो दर्शकों द्वारा अपने पसंदीदा पात्रों के साथ साझा किए गए गहरे रिश्तों का जश्न मनाएगा और बदले में, वे अपने संबंधित रील परिवारों के साथ इसे साझा करेंगे।



जहां दर्शकों के पास मुख्य कायक्रम के दौरान अपने पसंदीदा सितारों को एक छत के नीचे एक साथ देखने का एक शानदार अवसर होगा, वहीं शो के मेजबान अर्जुन बिजलानी और ऋत्विक धनजानी अपने पसंदीदा 'दोस्ताना' के साथ शो की टोन सेट करेंगे और उत्साह को जीवित रखेंगे। बिजलानी पहली बार अवॉर्ड शो में शिरकत करेंगे।

उन्होंने व्यक्त किया, ''जी रिश्ते अवाड्र्स का हिस्सा बनना एक सम्मान की बात है और जी टीवी पर यह मेरी पहली उपस्थिति है जो इसे मेरे लिए और भी खास बनाती है। मैं इंडस्ट्री के अपने दोस्तों से मिलने और उन सभी के साथ अच्छा समय बिताने के लिए बहुत उत्साहित हूं। होस्टिंग बहुत आसान हो जाती है जब आपके साथ एक ऐसा साथी होता है जो आपके जैसा ही ऊर्जावान होता है, इसलिए ऋत्विक और मेरे पास एक गेंद होगी और यह निश्चित रूप से हमारे दर्शकों के लिए देखने लायक होगा।''

धनजानी ने आगे कहा, ''एक ऐसे को-एंकर का होना हमेशा मजेदार होता है जो एक दोस्त भी होता है। हम दोनों अवार्ड्स को लेकर समान रूप से रोमांचित हैं और हम उद्योग के अपने सभी दोस्तों के साथ खूब मस्ती करेंगे। यह एक ऐसी घटना है जिसका हम पूरे साल इंतजार करते हैं और अब जब यह आसन्न है, तो मैं शांत नहीं रह सकता।''

(यह जानने के लिए कि आपके पसंदीदा अभिनेताओं और शोज में से किसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों के लिए नामांकन मिला है और सभी रोमांचकारी कृत्यों को देखने के लिए, जी रिश्ते अवाड्र्स और इसकी रोमांचक प्रस्तुतियों को देखें, जो जल्द ही केवल जी टीवी पर आ रही है।)

# बाधाओं के खिलाफ अभिनय

**निर्देशक भूषण कुमार, निर्माता निधि परमार हीरानंदानी के साथ, राजकुमार राव द्वारा अभिनीत, नेत्रहीन उद्योगपति श्रीकांत बोला पर बायोपिक का निर्माण कर रहे हैं। टीम विवा की रिपोर्ट**



भूषण कुमार, कृष्ण कुमार और निधि परमार हीरानंदानी दर्शकों को श्रीकांत बोला की एक मनमोहक कहानी दिखाने के लिए तैयार हैं। राजकुमार राव अभिनीत और तुषार हीरानंदानी द्वारा निर्देशित, यह फिल्म उद्योगपति श्रीकांत बोला की बायोपिक है, जिसने अपनी दृष्टिहीनता को बाधा नहीं बनने दिया और रवि कंठ मंथा के नेतृत्व में बोलेंट इंडस्ट्रीज स्पीयर की स्थापना की। इस प्रेरक कहानी को सुमित पुरोहित और जगदीप सिद्धू ने लिखा है और इस फिल्म की शूटिंग जुलाई में शुरू होगी।

ग्रामीण आंध्र प्रदेश के एक छोटे से दूरदराज गांव से आने वाले, बोला ने विपरीत परिस्थितियों का सामना किया है और चुनौतियों का सामना किया है। गरीब, अशिक्षित माता-पिता के लिए अंधे पैदा हुए, बोला को अपने जन्म से लेकर 10 वीं कक्षा के बाद विज्ञान की धारा का चयन करने हेतु राज्य के साथ लंबे समय से चली आ रही कानूनी लड़ाई लड़ने पर भारी विरोध और संघर्ष का सामना करना पड़ा है। हालांकि, बोला के हमेशा बड़े सपने थे, उन्होंने न केवल अपनी 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण की, बल्कि प्रतिष्ठित मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी, यूएसए में अध्ययन करने वाले पहले अंतरराष्ट्रीय नेत्रहीन छात्र भी बने। एक मजबूत, अग्रगामी दूरदर्शी के रूप में उनका दृढ़ विश्वास है कि नजरिया दृष्टि से कहीं अधिक होता है, और इसका दिमाग के साथ ज्यादा लेना देना होता है।

एक प्रेरक कहानी के साथ इस तरह के अदभुत व्यक्तित्व के बारे में बात करते हुए, कुमार, एमडी और टी-सीरीज के अध्यक्ष कहते हैं, ''श्रीकांत बोला की कहानी बाधाओं के खिलाफ आगे बढ़ने की कहावत की गवाही देती है। उन्होंने जन्म से लेकर अब तक कई चुनौतियों का सामना करने के बावजूद अपने सपनों में किसी भी चीज को बाधा नहीं बनने दिया - उनकी यात्रा वास्तव में प्रेरणादायक है। और उनके जैसे व्यक्ति के साथ जुड़ना वास्तव में सौभाग्य की बात है। इस किरदार का व्यक्तित्व ऐसा है कि केवल राजकुमार राव जैसे कैलिबर का अभिनेता ही इसे सही ठहरा सकता है और हम इतने अच्छे अभिनेता को फिल्म में पाकर खुश हैं। इस मनोरम कहानी को प्रदर्शित करने के लिए तुषार हीरानंदानी का दृष्टिकोण बहुत ही अजीब है। जैसा कि हम इस फिल्म को बनाने के लिए रोमांचित हैं, हम दर्शकों के लिए इस सम्मोहक कहानी को देखने के लिए समान रूप से उत्साहित हैं!''

निधि परमार और तुषार बताते हैं, ''जैसे ही हमें श्री की कहानी के बारे में पता चला, हमने तय किया कि इस प्रेरक कहानी को जनता तक पहुंचाने की जरूरत है और सिनेमा से बेहतर माध्यम क्या हो सकता है। हम वास्तव में इस परियोजना के लिए राजकुमार राव और भूषणजी जैसे पावरहाउस के साथ काम करने के लिए धन्य हैं। हम वास्तव में आशा करते हैं कि श्री की यात्रा वास्तव में दर्शकों के दिल के तार को वैसे ही झंकारेगी जैसे उसने हम सभी के लिए किया था।''

अपने चरित्र के बारे में बात करते हुए, राव कहते हैं, ''श्रीकांत बोला एक प्रेरणा हैं। ऐसे प्रेरक व्यक्तित्व की भूमिका निभाना वास्तव में सौभाग्य की बात है जो बहुत सारी कठिनाइयों से गुजरा है और इसके बावजूद फीनिक्स की तरह उठ खड़ा हुआ है। मैं वास्तव में श्रीकांत की भूमिका निभाने के लिए उत्सुक हूं। मुझे इस सम्मोहक परियोजना पर भूषण सर के साथ फिर से काम करने में खुशी हो रही है।''

# उमेश पर इशांत का पलड़ा रहेगा भारी

## भारतीय टीम प्रबंधन का चोटिल सिराज के विकल्प के रूप में माथापची

**भाषा।** नई दिल्ली





**भारतीय टीम** प्रबंधन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के निर्णायक और अंतिम टेस्ट मैच के लिए जब मैदान में टीम उतारेगी तो चोटिल मोहम्मद सिराज की जगह के लिए इशांत शर्मा का अनुभव उमेश यादव के शानदार आउटस्विंगर डालने की क्षमता पर भारी पड़ सकता है।

दूसरे टेस्ट के पहले दिन गेंदबाजी के दौरान सिराज की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था, जिसके कारण वह पूरे मैच के दौरान सिर्फ 15.5 ओवर ही गेंदबाजी कर सके थे। कोच राहुल द्रविड़ ने स्वीकार किया कि उनकी चोट ने चौथी पारी में 240 रनों का बचाव करते हुए टीम की रणनीति को प्रभावित किया। भारतीय टीम 11 जनवरी को न्यूलैंड्स में खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट मैच के लिए जब मैदान में उतरेगी तो उसके पास सिराज के विकल्प के रूप में दो अनुभवी गेंदबाज मौजूद होंगे। इसमें 33 साल के इशांत सर्वश्रेष्ठ लय में नहीं है लेकिन उन्हें 100 से ज्यादा टेस्ट मैचों का अनुभव है। दूसरा विकल्प 34 साल के उमेश का है जिनके नाम 51 टेस्ट है और हाल के दिनों में उनका प्रदर्शन इशांत से बेहतर रहा है लेकिन उम्र बढ़ने के साथ उनकी गति में गिरावट आई है। अगले मैच में उम्मीद है कि कप्तान विराट कोहली चोट से वापसी करेंगे। इस बात की संभावना अधिक है कि वह और कोच द्रविड़ दिल्ली के तेज गेंदबाज को उमेश पर तरजीह देंगे। इसका सबसे बड़ा कारण यह हो सकता है कि इशांत का कद छह फीट तीन इंच है और उनकी लंबाई दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों को परेशान कर सकती है। दक्षिण अफ्रीका के लंबे कद के गेंदबाज मार्को जानसेन और डुआने ओलीवियर इस श्रृंखला में इसका फायदा उठाने में सफल रहे है। द्रविड़ ने कहा था, ऐसा लगा जैसे गेंद उनके लिए थोड़ा अधिक हरकत कर रही थी। इसका कारण उनके गेंदबाजों का लंबा कद हो सकता है। यहां तक कि चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष एमएसके प्रसाद ने भी इस बात पर सहमति जताई कि इशांत को मौका मिलना चाहिए। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, हमें जोहानिसबर्ग में एक लंबे तेज गेंदबाज की कमी महसूस हुई। हमारे पास केवल इशांत है। इस तरह की पिचों पर मैं उन्हें उमेश से आगे रखूंगा। अगर यह एक भारतीय पिच होती तो उमेश पहली पसंद होते। भारत के पूर्व विकेटकीपर दीप दासगुप्ता ने कहा कि यह वास्तव में एक मुश्किल फैसला होगा। जिन्हें लगता है कि पिछले कुछ मैचों में इशांत के खराब लय में होने के बावजूद, उन्हें अभी भी न्यूलैंड्स में तरजीह मिलनी चाहिए। मैं यह नहीं कह सकता कि कोहली को इशांत की काबिलियत पर उतना भरोसा है या नहीं जो 2019 तक था।

दासगुप्ता ने पीटीआई-भाषा से कहा, इशांत को लंबाई का फायदा मिलेगा वह इसका फायदा उठाते हुए ऐसी जगह गेंद को टप्पा कराएंगे जहां से बल्लेबाजों को परेशानी होगी। वह लंगी स्पैल डाल कर बल्लेबाजों को लंबे समय तक बांधे रख सकते है। उन्होंने कहा कि न्यूलैंड्स समुद्र के किनारे है और पर्थ के वाका मैदान की तरह केपटाउन में भी स्विंग गेंदबाजों को मदद मिलेगी। यहां गेंद थोड़ी देर से स्विंग होती है। उन्होंने कहा, न्यूलैंड्स स्टेडियम समुद्र के किनारे है और ऐसे समय होते हैं जब ज्वार (हाई टाइड) होता है और उस स्थिति में हवा की मदद से पिच से गेंद अधिक तेजी से निकलती है। हवा में अधिक नमी से कई बार गेंदबाजों को मदद मिलती है। कम ज्वार (भाटा या लो टाइड) के मामले में बिल्कुल विपरीत स्थिति होती है, जब तापमान ज्यादा होता है तो गेंदबाजों को अधिक मदद नहीं मिलती। लेकिन दोनों ही मामले में इशांत बेहतर गेंदबाज है।

## मयंक आईसीसी महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए नामांकित

**दुबई।** भारत के सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल को न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला मे शानदार प्रदर्शन के कारण दिसंबर महीने के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ (महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी) पुरस्कार के लिए शनिवार को नामित किया गया। मयंक के अलावा, न्यूजीलैंड के स्पिनर एजाज पटेल और ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क को भी पुरस्कार के लिए नामांकित गया है। नियमित सलामी बल्लेबाजो रोहित शर्मा, शुभमन गिल और केएल राहुल की किसी ना किसी स्तर पर गैरमौजूदगी मे मयंक ने न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिले मौके का पूरा फायदा उठाया। इस दौरान खेले गए दो मैचो मे उन्होने 69.00 की औसत से 276 रन बनाए, जिसमे दो अर्धशतक और एक शतक शामिल है। मयंक मुंबई मे न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मे भारतीय जीत के सूत्रधार बने। उन्होने ने दो पारियो मे 150 और 62 बनाए जिससे भारतीय टीम ने मैच अपने नाम किया। उन्होने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन मे राहुल के साथ पहले विकेट के लिए 117 रन की अहम साझेदारी कर टीम की जीत मे अहम भूमिका निभाई। उन्होने इस दौरान बल्लेबाजो के लिए मुश्किल परिस्थितियो मे 60 रन की शानदार पारी खेली। भारत मे जन्मे न्यूजीलैंड के स्पिनर एजाज पटेल ने मुंबई टेस्ट मे पारी के सभी 10 विकेट झटक कर इतिहास मे अपना नाम दर्ज करवा लिया। भारत के खिलाफ श्रृंखला के दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी मे उन्होने यह कारनामा किया। वह जिम लेकर और अनिल कुंबले के बाद ऐसा करने वाले दुनिया के तीसरे गेंदबाज बने। बाएं हाथ के इस गेंदबाज ने इस दौरान सिर्फ एक टेस्ट मैच खेला जिसमे उन्होने 16.07 की औसत से 14 विकेट लिए। स्टार्क ने भी इस दौरान बल्ले और गेंद दोनो के साथ असाधारण प्रदर्शन किया था। उनके शानदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया ने दो मैच बाकी रहते एशेज श्रृंखला अपने नाम कर ली। पिछले महीने तीन मैचो मे उन्होने 19.64 की औसत से 14 विकेट लिए और 58.50 की औसत से 117 रन बनाकर बल्ले से भी उपयोगी योगदान दिया। उन्होने एशेज श्रृंखला की शुरुआती टेस्ट की पहली गेंद पर ही रोरी बर्न्स को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को शानदार शुरुआत दिलाई। उन्होने इस मैच मे 35 रन बनाने के अलावा ट्रेविस हेड के साथ आठवे विकेट के लिए 85 रन की अहम साझेदारी की। उन्होने दूसरे टेस्ट मे छह विकेट लिए और 58 रन बनाए जबकि बॉक्सिंग डे टेस्ट मे भी पांच विकेट चटकाए और पहली पारी नाबाद 24 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को 82 रन की बढ़त दिलाने मे अहम भूमिका निभाई।

# दूसरी पारी में सकारात्मक रवैए से भारतीय गेंदबाजों को हैरान किया : फिलेंडर



**भाषा। जोहानिसबर्ग**

### वांडरर्स में जीत सही दिशा में उठाया कदम, तीसरे टेस्ट में रणनीति में अधिक बदलाव नहीं होगा: एल्गर

**जोहानिसबर्ग।** कप्तान डीन एल्गर के अनुसार भारत के खिलाफ वांडरर्स में जीत दक्षिण अफ्रीका की टीम के लिए सही दिशा मे उठाया कदम है और सुधार की गुंजाइश के बावजूद अंतिम टेस्ट से पहले मेजबान टीम अपनी रणनीति मे अधिक बदलाव नही करेगी। पहले टेस्ट मे 113 रन की हार के बाद दक्षिण अफ्रीका ने वापसी करते हुए यहां दूसरे टेस्ट मे सात विकेट की जीत के साथ तीन मैचो की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर दी। स्पोर्ट्स24 ने एल्गर के हवाले से कहा, यह सकारात्मक कदम है, इसमे कोई संदेह नही और सही दिशा मे उठाया गया कदम। उन्होने कहा, हमे अब भी चुनौतीपूर्ण मुकाबलो का सामना करना है और इसमे मंगलवार से शुरू हो रहा अगला टेस्ट भी शामिल है। हमे अलग तरह की चुनौतियो का सामना करना होगा और महत्वपूर्ण यह होगा कि खिलाड़ी कैसी प्रतिक्रिया देते है। एल्गर ने दूसरी पारी मे नाबाद 96 रन की पारी खेलने के अलावा रेसी वान डेर डुसेन और तेबा बावुमा के साथ उपयोगी साझेदारियां करके अपनी टीम को जीत दिलाई। कप्तान का मानना है कि इस जीत से उनकी अनुभवहीन टीम अंतिम टेस्ट मे जोश से भरी होगी। हालांकि हम सही दिशा मे आगे बढ़ रहे है और इससे टीम मे शामिल कई खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा। एल्गर ने कहा, हमारी टीम थोड़ी अनुभवहीन है लेकिन हमे पता है कि सभी चीजे हमारे पक्ष मे नही होगी। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच श्रृंखला का निर्णायक और अंतिम टेस्ट केपटाउन मे न्यूलैंड्स मे मंगलवार से खेला जाएगा और एल्गर का मानना है कि मेजबान टीम मे सुधार की गुंजाइश है।

**दक्षिण अफ्रीका** के पूर्व आलराउंडर वर्नन फिलेंडर का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों ने वांडरर्स में दूसरे टेस्ट में श्रृंखला में बराबरी हासिल करने वाली जीत के दौरान दूसरी पारी में आक्रामक रवैया अपनाकर भारतीय गेंदबाजों को हैरान कर दिया। फिलेंडर ने क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) की वेबसाइट पर कहा, पिछले कुछ समय में यह शायद दक्षिण अफ्रीकी टीम का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी प्रदर्शन था जिसे मैंने देखा। उन्होंने कहा, खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और मुझे लगता है कि जिस तरह डीन ने बल्ले से अगुआई की वह बेहतरीन था। उसने सुनिश्चित किया कि वह अन्य बल्लेबाजों के साथ साझेदारी बनाने के लिए टिका रहे। फिलेंडर का मानना है कि टीम की मानसिकता ने बड़ा अंतर पैदा किया। मुझे लगता है कि पहली पारी में खिलाड़ी थोड़ी हिचकिचाहट दिखा रहे थे, शायद थोड़े अधिक रक्षात्मक। लेकिन अगर आप दूसरी पारी में देखें तो उनका रवैया स्पष्ट था। खिलाड़ी तेजी से रन बनाने का प्रयास कर रहे थे और आप देख सकते हैं कि इससे किस तरह का अंतर पैदा हुआ, उनका हावभाव और इसने भारतीय गेंदबाजों को हैरान कर दिया जिन्होंने उम्मीद नहीं की थी कि दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज इस तरह आक्रमण करेंगे। दक्षिण अफ्रीका की ओर से 64 टेस्ट, 30 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और सात टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलने वाले 36 साल के फिलेंडर का मानना है कि टीम की गेंदबाजी इकाई ने अच्छा काम किया। हमें धीमी शुरुआत करने वालों के रूप में जाना जाता है लेकिन टॉस हारने के बाद खिलाड़ियों ने जिस तरह वापसी की वह शानदार थी। गेंदबाजों से काफी उम्मीदें थी कि वे भारत की पूरी टीम को आउट करेंगे और उन्होंने ऐसा किया। मुझे लगता है कि उन्होंने साझेदारियों में काफी अच्छी गेंदबाजी की। दक्षिण अफ्रीका की ओर से 224 टेस्ट विकेट चटकाने के अलावा 1779 रन बनाने वाले फिलेंडर ने तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा की सराहना की। रबाडा ने तीसरे दिन लंच से पहले शानदार गेंदबाजी करते हुए चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे और ऋषभ पंत को जल्दी-जल्दी आउट किया। उन्होंने कहा, ऐसा हो ही नहीं सकता कि गेंद के साथ हम केजी (रबाडा) का जिक्र नहीं करें और उस एक स्पैल ने मैच का रुख बदल दिया।

## क्विक न्यूज

### एशिया कप से विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना : शॉपमैन

**बेंगलुरू।** भारतीय महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच यांके शॉपमैन ने कहा कि आगामी एशिया कप मे उनकी टीम का मुख्य उद्देश्य विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना है जिसमे वह अपने खिलाड़ियों के खेलने की शैली और स्तर का आकलन करेगी। भारत 21 से 28 जनवरी तक मस्कट मे होने वाले एशिया कप मे गत चैम्पियन के तौर पर उतरेगा। इस टूर्नामेंट का विजेता विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगा जो इस साल नीदरलैंड और स्पेन में एक से 17 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। शॉपमैन के लिए टीम के साथ एशिया कप दूसरा ही टूर्नामेंट होगा और वह इसमें सकारात्मक शुरूआत करना चाहेगी।

### माई-11 सर्कल की लखनऊ आईपीएल टीम के साथ साझेदारी

**लखनऊ।** माई-11सर्कल ने आधिकारिक टाइटल प्रायोजक के रूप में आरपी-संजीव गोयनका समूह की लखनऊ फ्रैंचाइज़ी के साथ साझेदारी की है। इस तीन साल की साझेदारी के अंतर्गत लखनऊ टीम की जर्सी पर माई11सर्कल का प्रतीक चिह्न दिखाई देगा। इस सीज़न की सबसे नई टीम के साथ अपने जुड़ने की घोषणा करते हुए गेम्स 24 गुणा 7 के सह-संस्थापक और सह-सीईओ भाविन पांड्या ने कहा कि हम अपनी पहली आईपीएल टीम प्रायोजन की घोषणा करते हुए बहुत उत्साहित हैं। लखनऊ टीम के साथ साझेदारी एक उम्दा निर्णय है क्योंकि यह देश के हृदय स्थल का प्रतिनिधित्व करती है,जहाँ क्रिकेट प्रशंसकों ने खेल का उत्साहपूर्वक समर्थन किया है। अब उन्हें अपनी टीम का समर्थन करने का अवसर मिला है।

### मैनचेस्टर सिटी ने एफए कप में स्विंडन को हराया

**स्विंडन (इंग्लैंड)।** मैनचेस्टर सिटी ने सात खिलाड़ियो के कोरोना वायरस संक्रमित होने के बावजूद एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे दौर मे शुक्रवार को चौथे टियर के क्लब स्विंडन को 4-1 से हराकर बाहर किया। सिटी की टीम की ओर से पहले तीन गोल अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियो बर्नाडो सिल्वा (14), गैब्रियल जीसस (28) और इलकाय गुनडोगन (59) ने दागे।

### मोंशेनग्लाबाख ने बायर्न म्यूनिख को हराया

**बर्लिन।** बायर्न म्यूनिख को कोरोना वायरस संक्रमण के कारण कई खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी के बीच शुरू हुए बुंदेसलीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में शुक्रवार को यहां बोरूसिया मोंशेनग्लाबाख के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर 1-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। दोनों क्लब विशेषकर बायर्न म्यूनिख के कई खिलाड़ियों के संक्रमित पाए जाने के कारण लीग के शीतकालीन ब्रेक के बाद होने वाले इस मुकाबले के आयोजन पर संदेह था।

# दनुष्का ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया



**भाषा।** कोलंबो

**श्रीलंका** के आक्रामक सलामी बल्लेबाज दनुष्का गुणातिलक ने सीमित ओवरों के क्रिकेट पर ध्यान लगाने के लिए 30 साल की उम्र में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने शनिवार को यह जानकारी दी। एसएलसी ने कहा कि यह बल्लेबाज अब सीमित ओवरों के क्रिकेट पर ध्यान लगाएगा। जैविक रूप से सुरक्षित माहौल के उल्लंघन के लिए गुणातिलक, कुसाल मेंडिस और निरोशन डिकवेला पर लगा एक साल का प्रतिबंध तुरंत प्रभव से हटाने के एक दिन बाद और 30 साल के एक अन्य बल्लेबाज भानुका राजपक्षे के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद गुणातिलक ने यह घोषणा की। गुणातिलक ने कहा कि उन्होंने सभी पहलुओं के विश्लेषण के बाद यह फैसला किया है। वह 2018 से टेस्ट क्रिकेट नहीं खेले हैं। उन्होंने आठ टेस्ट में दो अर्धशतक की मदद से 299 रन बनाए हैं जिसमें उनका शीर्ष स्कोर 61 रन रहा। गुणातिलक का सीमित ओवरों के क्रिकेट में रिकॉर्ड बेहतर है।

### वेस्टइंडीज के चयनकर्ता बने रामनरेश सरवन

**सेंट जोंस (एंटीगा)।** पूर्व क्रिकेट कप्तान रामनरेश सरवन को वेस्टइंडीज की पुरुष सीनियर और युवा चयन पैनल मे 2024 तक चयनकर्ता नियुक्त किया गया है। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) की गुरुवार को हुई बोर्ड बैठक मे सरवन की नियुक्ति की पुष्टि की गई। वह जून 2024 तक दोनो पैनल के सदस्य रहेंगे।चयन समिति मे सरवन के साथ महान बल्लेबाज और नवनियुक्त मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स और मुख्य कोच फिल सिमन्स सीनियर पैनल का हिस्सा होंगे जबकि पूर्व लेग स्पिनर रॉबर्ट हेन्स भी पैनल मे शामिल है जो युवा टीम के चयन के मामले देखेंगे। सरवन ने कहा, मै सीडब्ल्यूआई और मुझे चयन पैनल के सदस्य के रूप मे वेस्टइंडीज क्रिकेट की सेवा का दोबारा मौका देने से जुड़े सभी लोगो का आभार व्यक्त करता चाहता हूं। मै क्रिकेट के खेल को लेकर जुनूनी हूं और विशेषकर वेस्टइंडीज क्रिकेट और जब मेरे से योगदान देने के लिए कहा गया तो मैने बिलकुल भी हिचक नही दिखाई। उन्होने कहा, मैने अपने साथियो डॉ. डेसमेंड हेन्स और रॉबर्ट हेन्स तथा दो मुख्य कोच के साथ काम करने को लेकर उत्सुक हूं। अपने ढाई साल के कार्यकाल के दौरान सरवन को आईसीसी की चार शीर्ष प्रतियोगिताओ के लिए टीम का चयन करने का मौका मिलेगा जिसमे दो टी20 विश्व कप (2022 और 2024), एक एकदिवसीय विश्व कप (2023) और विश्व टेस्ट चैपियनशिप फाइनल (2023) शामिल है। वेस्टइंडीज के लिए 2000 से 2013 के बीच 87 टेस्ट और 181 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले पूर्व कप्तान सरवन ज्ञाना क्रिकेट बोर्ड के सीनियर चयन पैनल के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देंगे जिससे कि नए काम पर ध्यान लगा सकें और हितो के टकराव से बच सकें।

# ख्वाजा का मैच में दूसरा शतक

### एशेज : आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 388 रन का लक्ष्य दिया

**भाषा।** सिडनी



उस्मान ख्वाजा ने टेस्ट क्रिकेट में वापसी का जश्न मैच में दूसरे शतक के साथ मनाया जिससे आस्ट्रेलिया ने शनिवार को यहां चौथे एशेज टेस्ट के चौथे दिन दूसरी पारी छह विकेट पर 265 रन पर घोषित करके इंग्लैंड को 388 रन का लक्ष्य दिया।

सलामी बल्लेबाजों जैक क्राउली और हसीब हमीद ने लक्ष्य का पीछा करते हुए कम होती रोशनी के बीच स्टंप तक बिना विकेट खोए 30 रन बनाकर टीम को शुरुआती झटकों से बचाया। क्राउली 22 जबकि हमीद आठ रन बनाकर खेल रहे हैं। इंग्लैंड में 2019 एशेज के बाद आस्ट्रेलिया की ओर से पहला टेस्ट खेल रहे ख्वाजा ने पहली पारी में 137 रन के बाद दूसरी पारी में भी 138 गेंद में नाबाद 101 रन बनाए। उन्होंने कैमरन ग्रीन के साथ पांचवें विकेट के लिए 179 रन की साझेदारी की। ग्रीन ने 74 रन की पारी खेली। ख्वाजा ने 86 गेंद में अर्धशतक पूरा करने के बाद तेजी से रन जुटाए और डेविड मलान की गेंद पर दो रन के साथ सिर्फ 45 गेंद में अर्धशतक से शतक तक पहुंच गए। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर सिर्फ तीसरी बार मैच की दोनों पारियों में किसी ने शतक जड़ने का कारनामा किया है। पिछली बार पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने 2006 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की थी। ख्वाजा को ट्रेविस हेड के कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने के कारण इस मैच में खेलने का मौका मिला। ख्वाजा और ग्रीन उस समय क्रीज पर उतरे जब आस्ट्रेलिया की टीम दूसरे सत्र में 86 रन पर चार विकेट गंवा चुकी थी। एससीजी पर चौथी पारी में लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे बड़ी जीत आस्ट्रेलिया के नाम दर्ज है जब 2006 टेस्ट में ही पोंटिंग की टीम ने 288 रन के लक्ष्य का पीछा करके दक्षिण अफ्रीका को हराया था। सिडनी में रविवार को बारिश की भविष्यवाणी की गई है जिससे इंग्लैंड को मैच ड्रॉ कराने में मदद मिल सकती है। इससे पहल स्पिनर जैक लीच (84 रन पर चार विकेट) ने इंग्लैंड के लिए चार विकेट चटकाए। उन्होंने पारी की अंतिम दो गेंद पर ग्रीन और एलेक्स कैरी को आउट किया। जैक लीच ने लंच के बाद श्रृंखला का अपना सर्वश्रेष्ठ स्पैल किया जिसका फायदा उन्हें स्टीव स्मिथ (23) के विकेट के रूप में मिला जो इस स्पिनर की नीची रहती गेंद पर बोल्ड हुए। उन्होंने लंच से पहले सलामी बल्लेबाज मार्कस हैरिस (27) को भी पवेलियन भेजा। अपनी गति से मौजूदा श्रृंखला में आस्ट्रेलिया के सभी बल्लेबाजों को परेशान करने वाले मार्क वुड ने सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर (03) और मार्नस लाबुशेन (29) को स्थानापन्न विकेटकीपर ओली पोप के हाथों कैच कराया।

# बोपन्ना-रामकुमार की जोड़ी फाइनल में



भाषा। एडीलेड

### एडीलेड टेनिस

**भारत के** रोहन बोपन्ना और रामकुमार रामनाथन ने दूसरे वरीय बोस्निया के टोमिस्लाव बर्किच और मैक्सिको के सेंटियागो गोंजालेज को शनिवार को यहां सीधे सेट में हराकर एडीलेड अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल फाइनल में जगह बनाई। गैरवरीय भारतीय जोड़ी ने बर्किच और गोंजालेज को सेमीफाइनल में सीधे सेट में 6-2 6-4 से शिकस्त दी। इस एटीपी 250 प्रतियोगिता के खिताबी मुकाबले में बोपन्ना और रामकुमार का सामना क्रोएशिया के इवान डोडिग और ब्राजील के मार्सेलो मेलो की शीर्ष वरीय जोड़ी से होगा।

फाइनल मुकाबला रोमांचक होने की उम्मीद है क्योंकि 41 साल के बोपन्ना और डोडिंग कई बार जोड़ी बनाकर खेल चुके हैं। ए दोनों सितंबर में अमेरिकी ओपन में भी जोड़ी बनाकर उतरे थे और तीसरे दौर में हार गए थे। एटीपी टूर पर पहली बार जोड़ी बनाकर खेल रहे बोपन्ना और रामकुमार के लिए यह टूर्नामेंट अब तक काफी अच्छा रहा है। इस दोनों ने दूसरे दौर में नैथेनियल लेमोन्स और जैकसन विथ्रो की अमेरिकी जोड़ी के खिलाफ मुकाबले को छोड़कर बाकी सभी मुकाबले सीधे सेट में जीते। एडीलेड में हो रही यह प्रतियोगिता 17 जनवरी से मेलबर्न में शुरू हो रहे आस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारी प्रतियोगिता है।

### जोकोविच के समर्थक होटल के बाहर डटे, धार्मिक कार्यों में बीता दिन

**मेलबर्न।** टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच के समर्थको का एक छोटे समूह शनिवार को मेलबर्न के उस होटल के बाहर डटा रहा जहां वीजा नियमो के उल्लंघन के मामले मे सर्बिया के इस चोटी के खिलाड़ी को रखा गया है। जोकोविच मेलबर्न के उस होटल मे है जिसे आव्रजन अधिकारी शरणार्थियो और राजकीय संरक्षण के इच्छुक लोगो को रखा जाता है। जोकोविच के समर्थक लगातार होटल के बाहर डटे हुए है और उनका हौसला बढ़ा रहे है। टेनिस प्रेमियो के एक छोटे समूह ने झंडे और बैनर लेकर प्रदर्शन किया। इस बीच जोकोविच ने हिरासत में लिए जाने के बाद पहली बार इंस्टाग्राम पोस्ट पर टिप्पणी की।

### रिपोर्ट के अनुसार वकीलों ने कहा, जोकोविच पिछले महीने कोविड-19 से संक्रमित हुए थे

**मेलबर्न।** नोवाक जोकोविच के वकीलो ने आस्ट्रेलिया से दुनिया के इस नंबर एक टेनिस खिलाड़ी के निर्वासन को चुनौती देते हुए अदालत मे जानकारी दी है कि यह स्टार खिलाड़ी पिछले महीने कोविड-19 से संक्रमित हुआ था। आस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कारपोरेशन ने शनिवार को यह जानकारी दी। जोकोविच को बुधवार को मेलबर्न हवाई अड्डे पर प्रवेश देने से इनकार कर दिया गया था जब सीमा अधिकारियो ने सभी गैर नागरिको के प्रवेश के लिए कोविड-19 के खिलाफ पूर्ण टीकाकरण की अनिवार्यता पूरी नही करने पर उनका वीजा रद्द कर दिया था। दो स्वतंत्र चिकित्सा पैनल को जोकोविच द्वारा सौंपी गई सूचना के आधार पर उन्हे चिकित्सा छूट दी गई थी जिसे विक्टोरिया राज्य सरकार और आस्ट्रेलिया ओपन आयोजको का समर्थन हासिल था। लेकिन इसके बाद बताया गया कि सीमा अधिकारियो ने इस चिकित्सा छूट को अवैध पाया है। जोकोविच अभी मेलबर्न मे आव्रजन अधिकारियो की हिरासत मे है और सोमवार को फेडरल सर्किट अदालत मे इस फैसले को चुनौती देने की तैयारी कर रहे है। आस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कारपोरेशन की रिपोर्ट के अनुसार शनिवार को सौपे गए दस्तावेजो मे जोकोविच के वकीलो ने कहा है कि टेनिस आस्ट्रेलिया ने एक जनवरी को सर्बिया के 34 साल के खिलाड़ी को कोविड-19 टीकाकरण से इस आधार पर मेडिकल छूट दी थी कि वह हाल मे कोरोना वायरस से उबरे है। छूट प्रमाण पत्र मे कहा गया है कि जोकोविच का पहला पॉजिटिव नतीजा 16 दिसंबर 2021 को आया था और पिछले 72 घंटे मे उन्हे बुखार या सांस लेने मे कोई तकलीफ नही आई। अदालत मे बताया गया है कि जोकोविच को आस्ट्रेलिया के गृह मंत्रालय से दस्तावेज मिला जिसमे कहा गया है कि उनकी यात्रा घोषणा का विश्लेषण किया गया और उनके जवाब से संकेत मिलते है कि वह आस्ट्रेलिया मे पृथकवास मुक्त आगमन की जरूरतो को पूरा करते है। जोकोविच हालांकि वीजा रद्द किए जाने के फैसले को बदलवाने मे नाकाम रहते है और आस्ट्रेलिया के कोविड-19 टीकाकरण नियमों से चिकित्सा छूट के समर्थन मे पर्याप्त साक्ष्य मुहैया नही करा पाते है तो उन पर एक से अधिक आस्ट्रेलिया ओपन से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। जोकोविच पर तीन साल तक का प्रतिबंध लगाया जा सकता है। जोकोविच अगर आस्ट्रेलिया की अदालत मे कानूनी लड़ाई हार जाते है तो इसका नतीजा क्या होगा इस बारे मे पूछने पर आस्ट्रेलिया सीमा बल ने द एसोसिएटेड प्रेस को ईमेल पर बताया, जिस व्यक्ति का वीजा रद्द हो जाता है उसे तीन साल तक बाहर किया जा सकता है जो उसे भविष्य मे अस्थाई वीजा देने से रोकता है।



# मेलबर्न टूर्नामेंट के सेमीफाइनल से हटी नाओमी ओसाका



**भाषा।** मेलबर्न

**आस्ट्रेलिया** ओपन की गत चैंपियन नाओमी ओसाका पेट में चोट के कारण मेलबर्न में डब्ल्यूटीए टूर्नामेंट के सेमीफाइनल से हट गईं।ओसाका के हटने से उनकी प्रतिद्वंद्वी वेरोनिका कुदेरमेतोवा ने वाकओवर मिलने पर फाइनल में जगह बनाई। टेनिस आस्ट्रेलिया द्वारा जारी बयान में ओसाका ने कहा, यहां मेलबर्न में खेलने में काफी आनंद आया। दुर्भाग्य से मेरे पेट में चोट लगी है और मुझे आराम करने और आस्ट्रेलिया ओपन की तैयारी करने की जरूरत है। आस्ट्रेलिया ओपन 17 जनवरी से शुरू होगा। इससे पहले अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा ने मेलबर्न में ही शनिवार को डब्ल्यूटीए समर सेट 2 प्रतियोगिता में दारिया कास्तकिना को 6-2, 6-0 से हराकर 2019 के बाद पहली बार फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में अनिसिमोवा का सामना साथी अमेरिकी आन ली और बेलारूस की एलियाकसांद्रा सेसनोविच के बीच होने वाले सेमीफाइनल की विजेता से होगा। समर सेट। प्रतियोगिता के एक अन्य सेमीफाइनल में सिमोना हालेप की भिड़ंत किनवेन से होगी ।

### कनाडा युगल मुकाबला जीतकर एटीपी कप फाइनल में, स्पेन से होगा सामना

**सिडनी।** फेलिक्स ऑगर एलियासिमे और डेनिस शापोवालोव ने शनिवार को युगल मुकाबले मे दानिल मेदवेदेव और रोमन सफीयुलिन की जोड़ी को 4-6 7-5 10-7 से शिकस्त दी जिससे कनाडा ने रूस पर 2-1 की जीत से पहली बार एटीपी कप फाइनल मे प्रवेश किया। कनाडा का सामना अब रविवार को फाइनल में स्पेन से होगा। शापोवालोव ने शुरूआती एकल जीतकर कनाडा को अच्छी शुरूआत कराई। लेकिन मेदवेदेव ने ऑगर एलियासिमे को हराकर बराबरी दिलाई। शुक्रवार को रोबर्टो बतिस्ता अगुट ने पोलैंड के हुबर्ट हुर्कास्ज पर 7-6 2-6 7-6 की जीत से स्पेन को फाइनल मे पहुंचाया था। इससे पहले पाब्लो करेनो बुस्टा ने जान जिलिंस्की को 6-2 6-1 से हराकर स्पेन को बढ़त दिलाई थी।

### न्यूजीलैंड में जीत से उस सोच में बदलाव होगा कि टीम केवल सीनियर खिलाड़ियों पर निर्भर : शाकिब

**ढाका।** आल राउंडर शाकिब अल हसन ने कहा कि बांग्लादेश की न्यूजीलैंड में ऐतिहासिक जीत से साबित हो गया कि टीम के युवा खिलाड़ी जिम्मेदारी संभालने में सक्षम है और टीम मैच जीतने के लिए उन्ही चार-पांच सीनियर खिलाड़ियों पर निर्भर नही है। बांग्लादेश ने इस हफ्ते के शुरू में मौजूदा विश्व टेस्ट चैम्पियन न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हराकर इतिहास रच दिया जो उनकी न्यूजीलैंड की सरजमी पर पहली जीत थी। शाकिब ने श्रृंखला से हटने का फैसला किया था।

### पीएसजी के अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लिया मेस्सी ने

**सेंट जर्मेन एन लाए (फ्रांस)।** पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने शनिवार को लियोनल मेस्सी के बिना ही अभ्यास किया क्योंकि रिकार्ड सात बार का बैलन डी ओर विजेता कोविड-19 से उबर रहा है और उसके रविवार को लियोन के खिलाफ मैच में खेलने की संभावना नही है। मेस्सी की अनुपस्थिति और नेमार के चोटिल होने का मतलब है कि पीएसजी को फिर किलियान एमबापे पर निर्भर रहना होगा जो अच्छी फॉर्म में है। एमबापे ने पिछले सोमवार को फ्रेंच कप मे एक हैट्रिक लगाई थी। हालांकि यह मैच वानेस टीम के खिलाफ था। एमबापे ने इस सत्र में 25 मैचों में 18 गोल दाग लिए है।

### प्रो कबड्डी लीग : नवीन कुमार ने दिलाई दबंग दिल्ली को उत्तर प्रदेश पर 37-33 से जीत

**बेंगलुरू** नवीन कुमार के चमकदार प्रदर्शन से दबंग दिल्ली ने शनिवार को यहां प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) मैच में यूपी योद्धा को 37 - 33 से शिकस्त दी। उत्तर प्रदेश की टीम के डिफेंडरों ने अपने आक्रामक टैक्ल से नवीन कुमार को काफी परेशान किया लेकिन इस युवा रेडर ने फिर भी सुनिश्चित किया कि दिल्ली की टीम विजेता बने। यूपी योद्धा के लिए प्रदीप नरवाल और सुरेंदर गिल ने नौ नौ अंक जुटाए। लेकिन उनका दुर्भाग्य था कि नवीन कुमार ने अपनी टीम के लिए शानदार प्रदर्शन किया जिन्होने 18 अंक जुटाए। इस नतीजे से दबंग दिल्ली अंक तालिका में फिर से शीर्ष स्थान पर पहुंचने मे सफल रही। यूपी योद्धा की टीम पहले हाफ मे 18-13 से आगे बनी हुई थी। दूसरे हाफ मे नवीन ने कमाल का प्रदर्शन दिया और जब मैच मे केवल पांच मिनट का खेल बचा था तब उनके सुपर 10 से दिल्ली की टीम ने तीन अंक की बढ़त हासिल कर ली थी।